वर्ष-07 - अंक 324
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
मंगलवार, 01 सितम्बर 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाजियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

चुनाव की तैयारियों में जुटी सपा, कल से बूथ स्तर .... 3
अतिक्रमण का जाल और रेंगती आम आदमी की जिंदगी............................ 4
जिलाधिकारी ने बाढ़ के दृष्टिगत बक्शी बांध एसटीपी एवं नागवासुकी रोड पहुंचकर ...... 12

# ईरान ने भारत से मांगी मदद

## पीएम मोदी से युद्ध खत्म कराने की अपील



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त कराने और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता कायम करने के लिए भारत से कूटनीतिक प्रयास करने की अपील की है। किर्गिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन और शंघाई प्लस शिखर बैठकों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात में पेजेश्कियान ने कहा कि भारत के विभिन्न देशों से अच्छे संबंध हैं और वह अपने संपर्कों का इस्तेमाल संबंधित पक्षों को युद्ध और खूनखराबे से दूर कर बातचीत की मेज पर लाने के लिए कर सकता है। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध का स्वागत नहीं किया। लगातार संघर्ष से न तो ईरान को लाभ होगा और न ही पूरे क्षेत्र तथा मानवता को। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को प्राथमिकता देना जरूरी है। ईरानी राष्ट्रपति ने भारत की क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध भी हैं। ऐसे में भारत संबंधित पक्षों के बीच संवाद और समझौते का रास्ता खोलने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान ने लंबित मुद्दों के समाधान के लिए हुए समझौतों के तहत अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी की हैं, जबकि उनके अनुसार अमेरिका ने अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं किया। इसके बावजूद तेहरान बातचीत और आपसी समझ के प्रयास जारी रखने के पक्ष में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेजेश्कियान से मुलाकात के दौरान कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी भारत ने ईरान के साथ अपने संपर्क और सहयोग को बनाए रखने की कोशिश की है। उन्होंने पेजेश्कियान को शांति का समर्थक नेता बताते हुए कहा कि वह क्षेत्र में शांति कायम करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति के अलावा भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा की। परिवहन, समुद्री सहयोग, होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम और चाबहार बंदरगाह में सहयोग जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। दोनों देशों ने आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने तथा मौजूदा क्षमताओं का बेहतर इस्तेमाल करने पर भी जोर दिया। पेजेश्कियान ने राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने और दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने की जरूरत है। ईरानी राष्ट्रपति के मुताबिक, बाहरी दबावों के बावजूद ईरान भारत के साथ विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के लिए तैयार है।

> किर्गिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन और शंघाई प्लस शिखर बैठकों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात में पेजेश्कियान ने कहा कि भारत के विभिन्न देशों से अच्छे संबंध हैं और वह अपने संपर्कों का इस्तेमाल संबंधित पक्षों को युद्ध और खूनखराबे से दूर कर बातचीत की मेज पर लाने के लिए कर सकता है। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध का स्वागत नहीं किया।

# बिश्केक में मोदी-पुतिन की गर्मजोशी भरी मुलाकात

## ईरान-अर्मेनिया-किर्गिस्तान के नेताओं से भी की द्विपक्षीय वार्ता



**बिश्केक(एजेंसी)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों से मुलाकात की। इसी क्रम में उनकी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे का अभिवादन किया। हालांकि, दोनों के बीच औपचारिक द्विपक्षीय बैठक को लेकर तत्काल कोई विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई। प्रधानमंत्री मोदी ने बिश्केक में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-ईरान संबंधों को और मजबूत करने तथा साझा हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ईरान के साथ अपनी लंबे समय से चली आ रही मित्रता को विभिन्न क्षेत्रों में और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों पक्षों ने व्यापारिक संबंधों के विस्तार और व्यापार के दायरे में विविधता लाने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पेजेश्कियन के बीच पश्चिम एशिया की मौजूदा परिस्थितियों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे सभी प्रयासों का निरंतर समर्थन करता रहेगा। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर झापारोव से भी मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति झापारोव और किर्गिस्तान की जनता को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा सफल एससीओ अध्यक्षता के लिए बधाई दी। बैठक में भारत-किर्गिस्तान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य सेवा, औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी, खनिज, कृषि, डिजिटल तकनीक और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने तथा खेल और पर्यटन के माध्यम से दोनों देशों की जनता के बीच संपर्क बढ़ाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक को उपयोगी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और अर्मेनिया के बीच रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा और औषधि सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को नई गति मिलेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान उनकी कविताएं भी चर्चा का केंद्र बनीं।

# सितंबर में तय होंगे बसपा के अधिकांश टिकट



**लखनऊ(एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सोमवार को प्रदेश के पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में संगठन को मजबूत करने, चुनावी रणनीति और संभावित प्रत्याशियों के चयन पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी सितंबर माह में अधिकांश सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम तय करने की तैयारी में है। मायावती ने पार्टी नेताओं को निर्देश दिया कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए और सर्वसमाज में बसपा का जनाधार बढ़ाने के लिए प्रभावी तरीके से काम किया जाए। उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों की चुनावी घोषणाओं और आर्थिक प्रलोभनों से जनता को सावधान रहने की अपील की। बसपा सुप्रीमो ने युवाओं, खासकर जेन-जी और जेन-अल्फा की समस्याओं का समर्थन करते हुए कहा कि सरकारों को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी और पलायन जैसे मुद्दों को लेकर सरकारों पर निशाना साधा। मायावती ने कहा कि चुनाव के दौरान किए जाने वाले वादों के बजाय जनता को सरकारों के कामकाज का आकलन कर अपने विवेक से मतदान करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव के बाद सरकारें अपने वादों से पीछे हटती रही हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं और अपने बच्चों को खो चुके परिवारों को भी सरकारी नीतियों के कारण संघर्ष करना पड़ा है। मायावती ने बताया कि बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर 9 अक्तूबर को लखनऊ स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। यूपी-दिल्ली सीमा स्थित बहुजन प्रेरणा केंद्र में रखरखाव का काम चलने के कारण इस बार वहां कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। नेपाल में आई भीषण बाढ़ से हुए नुकसान पर मायावती ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से उत्तर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित लोगों को भी पर्याप्त राहत और सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पूर्वांचल में बाढ़ से प्रभावित लोगों की स्थिति पहले से ही गरीबी, बेरोजगारी और कर्ज जैसी समस्याओं से जूझ रही है।

# राजधानी में स्वाइन फ्लू के चार नए मरीज मिले

लखनऊ। राजधानी में स्वाइन फ्लू का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को चार नए मरीज सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में सतर्कता बढ़ा दी गई है। नए मरीजों में दो का उपचार एसजीपीजीआई और दो का इलाज डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चल रहा है। सभी मरीजों में स्वाइन फ्लू के हल्के लक्षण पाए गए हैं और उन्हें आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह के मुताबिक, चार नए मरीजों में तीन पुरुष हैं। सभी की हालत स्थिर है और किसी को लेकर फिलहाल विशेष चिंता की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि राजधानी के सभी जिला स्तरीय अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं। अस्पतालों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सकीय टीम भी तैनात की गई है।

# श्रद्धालुओं से भरी मैक्स पिकअप ट्रेलर से टकराई, छह की मौत



**कासगंज।** जिले के मोहनपुरा कस्बे में सोमवार तड़के राजस्थान से गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी मैक्स पिकअप और सामने से आ रहे ट्रेलर की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन की अस्पताल ले जाने के बाद मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे मोहनपुरा कस्बे में शिवा इंटर कॉलेज के सामने हुआ। बताया गया कि श्रद्धालु पिकअप में सवार होकर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। अधिकांश लोग नींद में थे। इसी दौरान मोहनपुरा से सिकंदराराऊ की ओर जा रहे ट्रेलर की कासगंज की तरफ आ रही पिकअप से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज से आसपास के लोग सहम गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मैक्स पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के दौरान पिकअप में सवार कुछ लोग उछलकर ट्रेलर की बॉडी से जा टकराए। तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। कई यात्री क्षतिग्रस्त वाहन में फंस गए थे। हादसे के बाद मौके पर भयावह स्थिति बन गई। सड़क पर खून बिखरा था और जगह-जगह क्षतिग्रस्त सामान पड़ा था। श्रद्धालु अपने साथ भोजन भी लेकर चल रहे थे, जो टक्कर के बाद सड़क पर बिखर गया। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के कपड़े भी क्षतिग्रस्त पिकअप में फंसे दिखाई दिए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। उपचार के दौरान तीन और लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी प्रणय सिंह, पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, क्षेत्राधिकारी आंचल चौहान, कोतवाली कासगंज प्रभारी जगदीश चंद्र, ढोलना प्रभारी अवधेश भदौरिया और मोहनपुरा चौकी प्रभारी डॉ. महेश सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# नीट पेपर लीक मामले में छात्रों की एफआईआर रद्द कराने सुप्रीम



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कराने के लिए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को केंद्र की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि केंद्र अंतरिम आवेदन के माध्यम से प्रदर्शन से संबंधित एफआईआर रद्द करने की मांग कर रहा है और इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 142 का सहारा लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि मामले के पक्षकार आपसी समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं तो अदालत को कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद मामले को मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति बनी। यह मामला नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के विरोध में हुए प्रदर्शनों से जुड़ा है। जुलाई में दिल्ली में संसद की ओर निकाले गए मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प भी हुई थी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले नीट-यूजी मामले से जुड़े विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों के साथ कथित पुलिस ज्यादती समेत विभिन्न आरोपों की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित की थी।

# पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट, नौ की मौत



**कौशाम्बी(एजेंसी)।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में सोमवार दोपहर पटाखा फैक्टरी में अचानक भीषण आग लगने के बाद लगातार हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों में तीन की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। गंभीर घायलों को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक मकान में संचालित पटाखा फैक्टरी से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही देर बाद वहां रखे पटाखों में एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। विस्फोट की आवाज करीब दो से तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। देखते ही देखते पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया और बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि फैक्टरी के आसपास बने 15 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त होकर धराशायी हो गए। कई मकानों के शीशे टूट गए। धमाके की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मलबा और ईंटें करीब 250 मीटर दूर स्थित रेलवे पुल तक जा पहुंचीं। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका के चलते राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। आग लगने के बाद लगातार हो रहे धमाकों के कारण शुरुआत में ग्रामीणों और बचाव दल को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। आसपास के लोग दहशत के चलते घरों से बाहर निकल आए। पुलिस और प्रशासन ने इलाके को घेरकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रयागराज और कौशाम्बी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। प्रयागराज के एडीजी, आईजी, डीआईजी और अपर पुलिस आयुक्त के अलावा कौशाम्बी के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। दो थानों की पुलिस फोर्स के साथ राहत एवं बचाव दल को लगाया गया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। कौशाम्बी के जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर घायलों के उपचार और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चिकित्सकों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# युवाओं को नशे से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : कविंदर गुप्ता





**नई दिल्ली(एजेंसी)।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में काशियाना फाउंडेशन की ओर से 'नशामुक्त भारत, विकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय नशामुक्ति सम्मान-2026 समारोह भी हुआ। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने की। राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि नशा आज समाज के सामने गंभीर चुनौती बन चुका है और इसका सबसे अधिक असर युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर इसके खिलाफ अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं की ऊर्जा को शिक्षा, खेल और कौशल विकास की दिशा में लगाकर विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता को जनआंदोलन बनाने की अपील की। काशियाना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुमीत सिंह ने कहा कि नशामुक्ति केवल एक दिन या एक कार्यक्रम तक सीमित अभियान नहीं है, बल्कि समाज को लगातार जागरूक करने की प्रक्रिया है। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के साथ उन्हें शिक्षा, रोजगार, खेल और अन्य सकारात्मक गतिविधियों के अवसर उपलब्ध कराना भी जरूरी है। भाजपा नेता श्याम जाजू ने कहा कि नशामुक्ति केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण से भी संबंधित महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से नशे के खिलाफ अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में मैक्स अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन गुप्ता, दिल्ली मेट्रो के निदेशक डॉ. प्रमित कुमार गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार प्रीति सिंह, अवनीश सिंह, नवीन बहमानिया और मानवेन्द्र जी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान नशामुक्ति और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 23 लोगों को राष्ट्रीय नशामुक्ति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. आनंद प्रताप सिंह, डॉ. सोनल भाटिया, परविंदर बेदी और वरिष्ठ पत्रकार प्रीति सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार, सम्मानित व्यक्तियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

# समुद्र मंथन' योजना पर कांग्रेस के सवाल, अदाणी समूह को फायदा पहुंचाने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार की 'समुद्र मंथन' राष्ट्रीय ऑफशोर खोज योजना को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने आरोप लगाया है कि योजना के जरिए अदाणी समूह की कंपनी वेलस्पन एक्सप्लोरेशन लिमिटेड (एडब्ल्यूईएल) को फायदा पहुंचाया जा सकता है। कांग्रेस ने योजना को रद्द करने अथवा इसके लिए स्वीकृत 84,084 करोड़ रुपये सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ओएनजीसी को देने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ऐसी व्यवस्था तैयार की है, जिससे निजी कंपनी को आर्थिक लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत तेल और गैस की खोज से जुड़े खर्च में सरकार 50 प्रतिशत तक आर्थिक सहायता देगी। कांग्रेस का दावा है कि अदाणी समूह की कंपनी को मुंबई ऑफशोर बेसिन, तापी-दमन और कच्छ समेत विभिन्न क्षेत्रों में खोज के अधिकार प्राप्त हैं। गोहिल ने सवाल उठाया कि जब ओएनजीसी के पास तेल और गैस की खोज का दशकों का अनुभव है तो राष्ट्रीय योजना में उसे प्रमुख भूमिका क्यों नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि गहरे समुद्र में एक कुएं की खोज पर 1,100 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आ सकता है और ऐसे में सरकारी सहायता का लाभ किसे मिलेगा, यह स्पष्ट होना चाहिए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने 'समुद्र मंथन' यानी राष्ट्रीय ऑफशोर खोज योजना को मंजूरी दी थी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की इस केंद्रीय योजना को वित्त वर्ष 2030-31 तक लागू किया जाना है। इसके लिए कुल 84,084 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। सरकार के अनुसार योजना का उद्देश्य देश की ऑफशोर ऊर्जा क्षमता का उपयोग कर ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करना, घरेलू तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन बढ़ाना तथा हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत गहरे समुद्र में कुओं की ड्रिलिंग, भूकंपीय सर्वेक्षण और अन्य खोज गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। कांग्रेस ने मांग की है कि योजना की समीक्षा कर इसे रद्द किया जाए या स्वीकृत पूरी राशि ओएनजीसी को दी जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्प दंश से महिला की मौत, सीएचसी पर नहीं मिली सुई

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के भभौली गांव निवासी 70 वर्षीय एक महिला की सांप के डंसने से मौत हो गई। सीएससी में सांप का जहर उतारने वाली सुई उपलब्ध न होने से महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भभौली गांव निवासी 70 वर्षीय महिला बर्फी देवी पत्नी रामदीन निषाद रात में लगभग 8 बजे अपने घर की सफाई कर रही थी। तभी एक विषैले सांप ने डंस लिया। परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए किंतु स्वास्थ्य केंद्र में सांप के जहर की सुई उपलब्ध न होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### 30 साल की सेवा के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विजय शंकर सेवानिवृत्त, समारोह में दी भावभीनी विदाई



**देवरिया।** पुलिस कार्यालय में सोमवार को सेवानिवृत्त हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विजय शंकर को समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद पांडेय ने उनके दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए विभाग के प्रति उनके योगदान के लिए आभार जताया और स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। विजय शंकर 17 फरवरी 1996 को उत्तर प्रदेश पुलिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर भर्ती हुए थे। करीब 30 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने निष्ठा, लगन और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। 31 अगस्त को वह सेवा से सेवानिवृत्त हुए। विभाग की ओर से सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनकी ग्रेच्युटी की करीब 45 लाख रुपये की देय धनराशि बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी गई। इसके साथ ही पेंशन संबंधी रिपोर्ट और आवश्यक अभिलेख पुलिस मुख्यालय भेज दिए गए हैं, ताकि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन संबंधी लाभ समय से मिल सकें। विदाई समारोह में पुलिस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों ने विजय शंकर और उनके परिवार के स्वस्थ, सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# दुबौला चौराहा बना 'हादसों का चौराहा'

## जलभराव से स्कूली बच्चे परेशान, जिम्मेदार कब जागेंगे?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज। विधानसभा क्षेत्र 308 के कप्तानगंज अंतर्गत दुबौला चौराहा इन दिनों जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों, बाइक सवारों और खासकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी से भरी सड़क पर आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

दुबौला मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे गुजरते हैं। जलभराव के कारण बच्चों को गंदे पानी के बीच से होकर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार बच्चे फिसलकर पानी में गिर जाते हैं, जिससे उनकी ड्रेस खराब होने के साथ चोटिल होने का भी खतरा बना रहता है। अभिभावकों में भी इस स्थिति को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग काफी महत्वपूर्ण है और इसी रास्ते से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों का भी आना-जाना होता है। इसके बावजूद लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है। लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

बारिश के बाद दुबौला चौराहे की सड़क तालाब जैसी दिखाई देने लगती है। जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल मौके का निरीक्षण कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों को एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के बजाय तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि स्कूली बच्चों और आम राहगीरों को राहत मिल सके।

**जनता का सवाल**—'आखिर जिम्मेदार कब जागेंगे? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही दुबौला चौराहे के जलभराव की समस्या का समाधान होगा? ' अब जरूरत है तत्काल कार्रवाई की, क्योंकि यह सिर्फ जलभराव नहीं, बल्कि हर दिन दुर्घटना को खुला निमंत्रण देता खतरा बन चुका है। पनीर दुर्दशा पर आंसू आ रहा है कोई जनप्रतिनिधि सांसद विधायक प्रतिनिधि या क्षेत्रीय ग्रामीण प्रधान मामले पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिले के जिम्मेदार अधिकारी जिला परवाज का केंद्र बना हुआ कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

# रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में 47 अभ्यर्थियों का चयन, युवाओं को मिला रोजगार का अवसर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज के प्रधानाचार्य शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि दिनांक 31 अगस्त 2026 को संस्थान परिसर में रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 62 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग कर रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसरों का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि मेले में हीरो/वर्लपूल, उड़ान मैनपावर कंपनी, मेगा माइंड सॉल्यूशन, निर्माण ऑर्गेनाइजेशन तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें अप्रेंटिसशिप हेतु 12 तथा रोजगार के लिए 35 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 47 अभ्यर्थियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य शिवाकांत द्विवेदी ने कहा कि ऐसे रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले युवाओं को उद्योगों से सीधे जोड़ने तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी युवाओं के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी, राजकीय आईटीआई अमेठी के प्रधानाचार्य एमपी सिंह, राजकीय आईटीआई जगदीशपुर के प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह, कार्यदेशक अनिल कुमार मिश्रा, प्लेसमेंट प्रभारी भारत भूषण मिश्रा, दिवाकर मिश्रा सहित जनपद के अन्य आईटीआई संस्थानों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अवकाश के बावजूद विद्यालय खोलने पर डीएम सख्त, बस दुर्घटना की जांच के आदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में लगातार हो रही भारी वर्षा एवं मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के मद्देनजर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 31 अगस्त 2026 को बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित समस्त परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त तथा सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्डों से संबद्ध नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था। इसके बावजूद आरपीएस पब्लिक स्कूल, अलीनगर, जगदीशपुर द्वारा विद्यालय संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। विद्यालय खुला होने के कारण छात्रों को लेकर जा रही स्कूल बस थाना भाले सुल्तान क्षेत्र के निकट एक दूध टैंकर से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बस में सवार लगभग 16 बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी घायल बच्चों को उपचार हेतु निकटवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत सभी बच्चों की स्थिति सामान्य बताई गई है। एक बच्चे को मामूली फ्रैक्चर की शिकायत होने पर बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अवकाश घोषित होने के बावजूद विद्यालय संचालित करने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) को दुर्घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शासन-प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। मामले में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बस्ती- टिनिच से कप्तानगंज मार्ग पर बदहाल नालियां बनीं जनता की मुसीबत

## सड़क पर जलभराव में गिरकर घायल हो रहे राहगीर कर्मचारियों की संवेदना मर चुकी है आखिर कब जागेगा पीडब्लूडी?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंजमे विकास के दावों के बीच बस्ती जिले के टिनिच मार्ग से कप्तानगंज तक नाली निर्माण कार्य कई स्थानों पर अधूरा पड़ा होने से स्थानीय जनता भारी परेशानी झेल रही है। आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन कई जगह नाली का काम आधा-अधूरा छोड़ दिया गया। नतीजा यह है कि बारिश होते ही सड़क और चौराहों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। क्षेत्र के तेनुई मंदिर, हरदी, हथिनाश और दुबौला चौराहा समेत कई स्थानों पर जलनिकासी की गंभीर समस्या बनी हुई है। जहां नाली से पानी की निकासी होनी चाहिए, वहां कूड़ा-कबाड़ा जमा है। कई जगह नालियां गंदगी और मलबे से पट चुकी हैं, जबकि कुछ स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के सामने अतिक्रमण किए जाने से जलनिकासी और भी बाधित हो रही है।

बारिश के दौरान स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि आम जनता को घुटनों तक भरे पानी और कीचड़ के बीच से गुजरने को मजबूर होना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और नौजवान आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। सबसे बड़ी चिंता यह है कि कई स्थानों पर नाली के ढक्कन लगाने और निर्माण पूरा करने का काम भी बंद पड़ा है। खुले और टूटे-फूटे नालों के कारण दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। नालियों की सफाई और नियमित देखरेख का भी अभाव दिखाई दे रहा है। कूड़ा-कबाड़ा जमा होने से बारिश का पानी निकलने के बजाय सड़कों पर फैल जाता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिला। एक अधिकारी द्वारा दूसरे अधिकारी से बात करने की बात कहे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका। इससे ग्रामीणों और राहगीरों में भारी आक्रोश है।

**जनता का सवाल—जब निर्माण शुरू हुआ था तो अधूरा क्यों छोड़ा गया?**

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार सड़क और विकास कार्यों के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट दिखाई दे रही है। यदि नाली निर्माण समय पर पूरा कर दिया जाता, ढक्कन लगाए जाते और नियमित सफाई होती, तो लोगों को बारिश के पानी में जान जोखिम में डालकर आने-जाने को मजबूर नहीं होना पड़ता। अब क्षेत्र की जनता की मांग है कि क्क्षुछ के जिम्मेदार अधिकारी तत्काल मौके का निरीक्षण करें, अधूरे पड़े नाली निर्माण को पूरा कराया जाए, नालियों की सफाई कराई जाए, कूड़ा-कबाड़ा हटाया जाए और खुले नालों पर जल्द से जल्द ढक्कन लगाए जाएं। जग ह जगह गड्ढे मेंतब्दील है जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं सांसद विधायक प्राथमिक ईधी या जनप्रतिनिधि या ग्राम पंचायत के लोग चोटिल हो रहे हैं विभाग अपना हिस्सा लेकर किनारे हो गया रोड गड्ढे में तब्दील है सांसद विधायक क्षेत्र वासियों को अनदेखा कर रहे हैं आने वाले चुनाव में उनको जवाब दिया जाएगा सवाल सिर्फ जलभराव का नहीं है, बल्कि जनता की सुरक्षा का है। आखिर किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों किया जा रहा है?

# पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत का नाम लिखवाना भूल गई प्रधान मंजू देवी

## पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत व अन्य विवरण ना लिखा होने से ग्रामीण परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकासखंड दुबौलिया के ग्राम पंचायत तुर्कीपुर स्थित पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत का नाम और अन्य आवश्यक विवरण अंकित न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत का नाम, संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विवरण तक नहीं लिखा गया है। ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत भवन सार्वजनिक कार्यों और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है, लेकिन भवन पर आवश्यक जानकारी प्रदर्शित नहीं होने के कारण लोगों को यह पता करने में दिक्कत होती है कि ग्राम पंचायत से संबंधित कार्यों के लिए किस जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी से संपर्क किया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान की कथित मनमानी के चलते पंचायत भवन तुर्कीपुर पर ग्राम पंचायत का नाम एवं अन्य जरूरी विवरण अंकित नहीं कराया गया है। वहीं, पंचायत सचिव और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी पंचायत भवन का नियमित भ्रमण करते तो शायद इस समस्या पर अब तक ध्यान दिया गया होता।

ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से पंचायत भवन का निरीक्षण कराकर वहां ग्राम पंचायत का नाम, सचिव सहित संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का विवरण और आवश्यक सूचनाएं तत्काल अंकित कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान मंजू देवी की मनमानी से ग्रामीणों को पता

**प्रधान की मनमानी पर सवाल, महीनों से पंचायत भवन का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी**

नहीं चल पाता है कि पंचायत भवन पर सचिव के बैठने का कौन था दिन है और ग्राम पंचायत में कौन सा कर्मचारी तैनात है एवं कौन से कर्मचारी का स्थानांतरण हुआ है। सूत्रों की माने तो पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत का नाम सहित ग्राम पंचायत में कार्यरत सभी कर्मचारियों का नाम व मोबाइल नंबर लिखना आवश्यक होता है ताकि ग्रामीणों की भी कार्य के लिए ज्यादा भागदौड़ न लगाना पड़े और आसानी से पंचायत भवन पर लिखे नाम व मोबाइल नंबर के माध्यम से संबंधित कर्मचारियों से सम्पर्क कर अपना कार्य आसानी से ग्राम पंचायत में ही करवा ले। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर पंचायत भवन की व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए क्या कार्रवाई करते हैं?

# मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर वन विभाग अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी

## खदगौरा में 83 भेड़ों पर वन्यजीव के हमले के बाद बढ़ाई गई गश्त, कैमरा ट्रैप और पिंजड़े से निगरानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर अंकुश लगाने और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। संवेदनशील क्षेत्रों में वन विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। ग्रामीणों को लाउडस्पीकर, पंपलेट और ब्रोशर के माध्यम से वन्यजीवों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। वहीं संदिग्ध वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। रामपुर रेंज के अंतर्गत खदगौरा गांव में 24 अगस्त को थाना कोतवाली गैसड़ी क्षेत्र निवासी विजयपाल एवं कन्हैयालाल पुत्रगण बनवारी लाल की 83 भेड़ों पर वन्यजीव द्वारा हमला किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों के मुताबिक मौके पर मिले पगमार्ग की जांच में तेंदुए के बजाय लकड़बग्घे के पगमार्ग की पुष्टि हुई। घटना के बाद वन विभाग ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र में 24 घंटे सतत निगरानी और ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विशेष टीम गठित की है। टीम द्वारा घटनास्थल सहित आसपास के इलाकों में लगातार गश्त की जा रही है। ग्रामीणों को पंपलेट एवं ब्रोशर वितरित कर वन्यजीव दिखाई देने पर बरती जाने वाली सावधानियों तथा क्या करें और क्या न करें की जानकारी दी जा रही है। वन विभाग ने घटनास्थल एवं आसपास के संवेदनशील स्थानों पर कैमरा ट्रैप स्थापित किए हैं। इसके साथ ही आवश्यक अनुमति की प्रत्याशा में क्षेत्र में पिंजड़ा लगाकर भी निगरानी की जा रही है। विभागीय टीमें वन्यजीवों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही हैं और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

**पशुपालकों को मिलेगा नियमानुसार मुआवजा**

वन्यजीव के हमले में पशुहानि से प्रभावित पशुपालकों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शासनादेश के तहत अनुमन्य अनुग्रह राशि के भुगतान के लिए प्रस्ताव सक्षम स्तर को भेज दिया गया है। बजट प्राप्त होते ही नियमानुसार प्रभावित पशुपालकों को भुगतान किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वन्यजीवों को लेकर किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और अनावश्यक भयभीत न हों। वन क्षेत्र में अनावश्यक प्रवेश करने से बचें तथा वन्यजीव दिखाई देने या उसकी गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

**इन नंबरों पर दें वन्यजीव की सूचना**

क्षेत्रीय वनाधिकारी, भांभरः 9616399300, क्षेत्रीय वनाधिकारी, रामपुरः 7080992200, क्षेत्रीय वनाधिकारी, तुलसीपुरः 9517170830, क्षेत्रीय वनाधिकारी, बरहवाः 7906962094, क्षेत्रीय वनाधिकारी, बनकटवाः 9919248813, क्षेत्रीय वनाधिकारी, पूर्वी सोहेलवाः 8299660750, क्षेत्रीय वनाधिकारी, पश्चिमी सोहेलवाः 9450020146 वन विभाग ने जनपदवासियों से सतर्क रहने, अफवाहों से बचने और वन्यजीव से संबंधित किसी भी सूचना को तत्काल विभाग तक पहुंचाने की अपील की है। विभाग का कहना है कि जनसुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए टीमें लगातार सक्रिय हैं।

# सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यक्रम में अमेठी भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला एवं जिला मंत्री आशा वाजपेई ने सहभागिता की। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दीदी स्मृति ईरानी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।अमेठी भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' भारतीय जनता पार्टी की सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को और मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

यह अभियान जनसेवा के संकल्प को नई गति प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर गरीब, वंचित, किसान, युवा, महिला एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा का संगठनात्मक ढांचा सेवा कार्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय है।कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री तथा अभियान संयोजक राजेश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।अमेठी से पहुंचे भाजपा पदाधिकारियों ने अभियान के उद्देश्य और संगठन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को लेकर उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से सेवा भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और जनकल्याणकारी कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारीः डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला व्यापार बंधु, जिला उद्योग बंधु एवं जिला स्तरीय बैंकिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापार एवं उद्योग से जुड़ी समस्याओं के साथ ही शासन की स्वरोजगारपरक योजनाओं तथा बैंकिंग सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद व्यापारियों एवं उद्यमियों से संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों एवं उद्यमियों से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि जनपद में व्यापार और उद्योग के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उद्यमियों को अनुमतियों, योजनाओं और विभागीय प्रक्रियाओं में अनावश्यक परेशानी न हो तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

**लंबित आवेदनों का शीघ्र करें निस्तारण**

बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लंबित आवेदन पत्रों की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक पात्र युवाओं को योजनाओं का लाभ समय से मिलना चाहिए। आवेदन से लेकर ऋण स्वीकृति एवं वितरण तक की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में न हो। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिक से अधिक पात्र युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने विभागों और बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए पात्र प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# चुनाव की तैयारियों में जुटी सपा, कल से बूथ स्तर पर शुरू होगा प्रचारः अखिलेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। पार्टी बुधवार से बूथ स्तर पर प्रचार अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार चरम पर है। सपा के सभी जिलाध्यक्ष अगले दो सप्ताह में अपने-अपने जिलों में सरकार के भ्रष्टाचार और कथित अन्याय को जनता के सामने उजागर करेंगे। सोमवार को सपा प्रदेश कार्यालय में जिला एवं महानगर अध्यक्षों तथा बूथ स्तर पर काम कर रहे पदाधिकारियों की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में अखिलेश यादव ने मतदाता सूची को लेकर भी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद भी फार्म-7 भराए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले वार्षिक पुनरीक्षण के नाम पर भाजपा अपने पक्ष में मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास कर सकती है। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश में बड़ा षड्यंत्र बताया। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था में भी इन वर्गों के साथ कथित तौर पर भेदभाव किया जा रहा है। पुलिस हिरासत में मौत और कथित फर्जी मुठभेड़ों का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुई सभी फर्जी मुठभेड़ों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बदायूं और वाराणसी की घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। बदायूं में 28 वर्षीय राजेश कोरी की पुलिस हिरासत में मौत का उल्लेख करते हुए उन्होंने पुलिस के दावों पर भी सवाल खड़े किए। अखिलेश ने कहा कि पुलिस हिरासत में होने वाली मौतों को अक्सर हृदयाघात बताया जाता है और इन मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सपा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए उनके खिलाफ बनाए जा रहे वीडियो को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजनीति में इस तरह के वीडियो बनाना उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी भी तकनीक के इस्तेमाल में पीछे नहीं है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं से किसी के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो नहीं बनाने को कहा गया है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार ने पहले ही छात्रों को लैपटॉप उपलब्ध कराए थे और भविष्य में भी बदलती तकनीक के अनुसार छात्रों की मदद के लिए फैसले लिए जाएंगे। अखिलेश यादव ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सरकारी संपत्तियों को बेच रही है और विभिन्न परियोजनाओं में भ्रष्टाचार तथा कमीशनखोरी हो रही है। उन्होंने जेपीएनआईसी, छतर मंजिल, किसान बाजार, बस अड्डे और अन्य संपत्तियों का उल्लेख करते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का विकास मॉडल कथित तौर पर कमीशनखोरी और सरकारी संपत्तियों के निजीकरण पर आधारित है।

## पुलिस ने महमूदाबाद से गुमशुदा हुईं 4 बालिकाओं और युवतियों को किया बरामद

**महमूदाबाद-सीतापुर।** जनपद के महमूदबाद क्षेत्र से एक साथ लापता हुई चार बालिकाओं और युवतियों को स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 72 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा इस प्रकरण में बालिकाओं की शीघ्र एवं सुरक्षित बरामदगी के कड़े निर्देश दिए गए थे, जिसके अनुपालन में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 27 अगस्त 2026 को थाना महमूदबाद क्षेत्र के एक स्थानीय निवासी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि उनके परिवार और पड़ोस की चार बालिकाएं एवं युवतियां जिनकी आयु क्रमशः 14, 15, 16 और 22 वर्ष है शाम को घर से निकली थीं और देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। परिजनों की तहरीर के आधार पर तत्काल थाना महमूदबाद में अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0 334/2026, धारा 137(2) बीएनएस (BNS) के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा लगातार सघन प्रयासों के बाद चारों बालिकाओं को सकुशल ढूंढ निकाला गया। प्रारंभिक पूछताछ और पुलिस के समक्ष दिए गए बयानों से यह स्पष्ट हुआ कि वे सभी अपनी स्वेच्छा से आर्थिक आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से घर से निकली थीं।

## सवर्ण आर्मी ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद/सीतापुर।** सामान्य वर्ग की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर सवर्ण आर्मी की ओर से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन महमूदाबाद के उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में जातिगत आधार पर आरक्षण व्यवस्था समाप्त कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने समेत कई मांगें उठाई गई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि देश आजाद होने के बाद से आरक्षण व्यवस्था जाति के आधार पर चली आ रही है। संगठन का कहना है कि सामान्य वर्ग में भी बड़ी संख्या में लोग गरीबी और बदहाली की स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगों को भी सरकारी व्यवस्थाओं में उचित अवसर मिलना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से जातिगत आरक्षण समाप्त कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग की गई है। साथ ही एससी/एसटी एक्ट को समाप्त करने अथवा उसमें आवश्यक सुधार किए जाने, यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2026 को वापस लेने तथा राष्ट्रीय सवर्ण आयोग का गठन करने की मांग भी उठाई गई। संगठन ने अपने ज्ञापन में आरोप लगाया कि एससी/एसटी एक्ट का उपयोग कई मामलों में धन उगाही के उद्देश्य से किया जा रहा है। संगठन ने इस व्यवस्था में सुधार अथवा इसे समाप्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सामान्य वर्ग के हितों और समस्याओं के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय सवर्ण आयोग का गठन किया जाना चाहिए, जिससे सामान्य वर्ग से जुड़े मुद्दों को उचित मंच मिल सके।

ज्ञापन के अंत में संगठन ने राष्ट्रपति से मांगों पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की अपील की। ज्ञापन पर सवर्ण आर्मी के प्रदेश सचिव अमित मिश्रा का नाम दर्ज है।

# विमुक्ति दिवस पर निषाद पार्टी ने सौंपा ज्ञापन, एससी आरक्षण और मंझवार दर्ज करने की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां -सीतापुर।** विमुक्ति दिवस (31 अगस्त) के अवसर पर निषाद पार्टी एवं निषाद वंश समाज के कार्यकर्ताओं व प्रतिनिधियों ने तहसील प्रशासन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अनिल कुमार राम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि अंग्रेजों के 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट से 31 अगस्त 1952 को आजाद हुई विमुक्त जनजातियों की उपजातियों केवट, मल्लाह, निषाद, बिन्द, कश्यप, तुरैहा, माझी व रैकवार को अन्य राज्यों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाए। इसके अलावा, आगामी जातिगत जनगणना में निषाद वंश की सभी पर्यायवाची जातियों का नाम 'मंझवार' कॉलम के तहत ब्रैकेट में विमुक्त जनजाति अंकित करने की पुरजोर अपील की गई, ताकि समाज की सटीक जनसंख्या का ब्योरा सामने आ सके। ज्ञापन में संविधान समीक्षा आयोग (जस्टिस वेंकटचलैया समिति) की सिफारिशों के अनुरूप महाराष्ट्र और पंजाब की भांति शिक्षा, सरकारी नौकरियों तथा राजनीति में आरक्षण व पेंशन सुविधाएं लागू करने और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए निषाद समाज के वीर शहीदों के गांवों को 'आदर्श शहीद गांव घोषित कर परिजनों को स्वतंत्रता सेनानी का सम्मान देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। इस दौरान जुगुल किशोर,मोहित कश्यप,मुन्ना कश्यप,नितिन कुमार,रोहित कुमार,रामलखन, सहित समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महमूदाबाद में मामूली विवाद ने लिया खूनी रूप

## मारपीट के बाद 50 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-सीतापुर।** थाना महमूदाबाद क्षेत्र के अगैया गांव में एक मामूली बात को लेकर उपजा विवाद इतना बढ़ गया कि करीब 50 वर्षीय महिला दुलारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के परिवार ने गांव के ही कुछ लोगों पर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामूली बात से शुरू हुआ विवाद प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत तब हुई जब गांव में एक महिला पैरों का इलाज कराने आई थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। मृतका के नाती राजन और अन्य परिजनों का आरोप है कि बात बढ़ने पर कुछ लोगों ने बीच-बचाव करने पहुंची 50 वर्षीय दुलारी के साथ जमकर मारपीट की। हमलावरों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से वार किया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

### अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

परिजनों द्वारा तुरंत घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) महमूदाबाद लाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के नाती राजन ने बताया कि हमलावरों ने न केवल उनकी नानी पर हमला किया, बल्कि बचाने आए अन्य लोगों को भी नहीं बख्शा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### पुलिस कार्रवाई और जांच शुरू

**घटना की सूचना मिलते ही थाना महमूदाबाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कजे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस गांव में स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।**

# दरगाह बड़े मखदूम साहब में तीन दिवसीय 526 वां उर्स सम्पन्न

## हमे अपने बुजुर्गों की शिक्षा और उनके उपदेशों पर कड़ाई से पालन करना चाहिएः-शोएब मियां ,सज्जादानशीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खैराबाद।** सीतापुर स्थानीय दरगाह आलिया सादिया में हज़रत बड़े मखदूम साहब का तीन दिवसीय 526 वा उर्स कल अंतिम फतेहा के बाद देर रात में समाप्त हो गया। दिन में कुल शरीफ़ के समय उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए सज्जादा नशीन नजमुल हसन शोएब मियां ने कहा कि आज हमने अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शिक्षा और उनके आदेशों उपदेशों को पूरी तरह से भुला दिया है इसी वजह से हम परेशान हैं हम नमाज़ से कोसों दूर होते जा रहे हैं हमें नमाज़ की पाबन्दी अनिवार्य रूप से करना चाहिए,औलिया अल्लाह से सच्ची मोहब्बत करें तभी कामियाबी हासिल होगी।इसके पश्चात सज्जादा नशीन के सुपुत्र मौलाना हसन साकिब तय्यब उस्मानी ने मुल्क में अमन शान्ति की दुआ की।इससे पूर्व दो बजे बड़े मखदूम साहब की हस्त लिखित पुस्तक मजमूउस सुलूक जो फारसी लिपि में थे उसका अनुवाद उर्दू भाषा में किया गया उसके दूसरे भाग का विमोचन भी किया गया पहले भाग का विमोचन 2016 में किया जा चुका हैइस तीन दिवसीय उर्स में पूरे जनपद से आए तमाम श्रद्धालुओं ने शिरकत किया, समापन अवसर पर उपस्थित सज्जाद गान में सैय्यद आतिफ़ अली दानिशी , राशिद अली मीनाई , समदी फारूकी,अफ़ज़ाल फ़ारूक़ी, हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी, सैय्यद मदनी मियां,सैय्यद ग़यास मियां,एज़ाज़ हसन खान एडवोकेट,सैय्यद तरीक़ अहमद किरमानी, सैय्यद लईक अहमद किरमानी, सैय्यद शोएब अलीम बक़ाई गोंडा,सैय्यद हिलाल मुजीबी सैय्यद लारेब अल्वी मुश्ताक़ अहमद मुश्शन मियां खीरी, शारिक सफ़वी, मुतवल्ली डॉ सैय्यद आसिफ़ अली रहीमाबाद,तथा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी सैय्यद आमिर रिज़वी, सेक्रेटरी जावेद मुस्तफा टीटू खान,इस्तेफ़ा अली खां ,हाजी साद फारूकी, सैय्यद मोईन अलवी के अलावा सैय्यद नवेद असलम हाशमी, सैय्यद मुजफ्फर अली,डॉक्टर कामिल सिद्दीकी, सैय्यद रफ़ी बकाई,सैय्यद फरज़ान हाशमी,सैय्यद फरहान मियां,सैय्यद फरमान मियां,सैय्यद जुगनू किरमानी, अवासफ अहमद ,सिराजुल हसन,हाजी सैय्यद इश्तियाक अली वारसी, शाहिद मोल्हे, जलीस खान,क़ारी इस्लाम अहमद आरफ़ी,सैय्यद तौहीद रिज़वी,समर अहमद,अतीक अहमद, आदि उपस्थित रहे अंत मे शोएब मियां ने सभी हाज़रीन का शुक्रिया अदा किया।

**उसके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शिक्षा और उनके आदेशों उपदेशों को पूरी तरह से भुला दिया है इसी वजह से हम परेशान हैं हम नमाज़ से कोसों दूर होते जा रहे हैं हमें नमाज़ की पाबन्दी अनिवार्य रूप से करना चाहिए,औलिया अल्लाह से सच्ची मोहबत करें तभी कामियाबी हासिल होगी।इसके पश्चात सज्जादा नशीन के सुपुत्र मौलाना हसन साकिब तय्यब उस्मानी ने मुल्क में अमन शान्ति की दुआ की।इससे पूर्व दो बजे बड़े मखदूम साहब की हस्त लिखित पुस्तक मजमूउस सुलूक जो फारसी लिपि में थे उसका अनुवाद उर्दू भाषा में किया गया उसके दूसरे भाग का विमोचन भी किया गया पहले भाग का विमोचन 2016 में किया जा चुका है**

# युवा संवाद में गूंजा 'मिशन एमएलसी', भाजपा ने बूथ स्तर पर जीत की बनाई रणनीति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को मोहनलालगंज ब्लॉक में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी इं. अवनीश कुमार सिंह ने युवाओं से संवाद कर उन्हें संगठन और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। एमएलसी ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की युवा हितैषी योजनाओं और रोजगारपरक कार्यक्रमों की जानकारी युवाओं तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन युवाओं को नेतृत्व और सेवा के अधिक अवसर देने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और युवाओं तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों में तेजी लाने पर जोर दिया। मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह 'मोनू' ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर पर होती है। कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर सक्रियता बढ़ाएं, नए लोगों को संगठन से जोड़ें और मतदाता संपर्क अभियान को प्रभावी बनाएं। कार्यक्रम के समापन सत्र में आगामी एमएलसी चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। नए स्नातक मतदाताओं को जोड़ने, मतदाता सूची को मजबूत करने और बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने की रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने और चुनावी तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राज कुमार वर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र पासी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नितिन जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष निगोहां सुरेंद्र दीक्षित, मंडल महामंत्री मदन मोहन मिश्रा, शिक्षा मित्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह, एडवोकेट सुशील रावत और मंडल मीडिया सह-प्रभारी विजय चन्द्र तिवारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर उत्साह दिखा। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर चुनाव में जीत का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया।

# पुरानी रंजिश में युवक व परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला, तीन पर मुकदमा

**.........कुल्हाड़ी और फरसे से मारपीट का आरोप, गाली-गलौज के बाद जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**निगोहां।** निगोहां थाना क्षेत्र के शेखनखेड़ा मजरा उतरांवा गांव में सोमवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने युवक, उसकी मां और भाई पर लाठी-डंडों के साथ कुल्हाड़ी व फरसे से हमला कर दिया। मारपीट में पीड़ित पक्ष ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। गांव निवासी सत्यम पुत्र भंवरेश्वर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में अजीत पुत्र नन्दलाल, अशिका पुत्र सुनील और सुनील की पत्नी ने उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां और भाई शिवा के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि हमले में लाठी-डंडों के अलावा कुल्हाड़ी और फरसे का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। निगोहां पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मामले में अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# तहसील के पास भरभराकर गिरा विशाल यूकेलिप्टस का पेड़, बिजली लाइन टूटी—बाइक सवार दबकर घायल

**.......पेड़ की चपेट में ठेला, गुमटी, झोपड़ी और कई वाहन क्षतिग्रस्त; तारों से निकलीं चिंगारियां, बिजली आपूर्ति बंद कर टाला बड़ा हादसा ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज तहसील के पास रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार शाम अचानक विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ भरभराकर सड़क और आसपास की दुकानों पर जा गिरा। पेड़ की चपेट में आने से बिजली की लाइन भी टूटकर दुकानों के ऊपर गिर गई। तारों से चिंगारियां निकलने लगीं, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। सूचना पर बिजली विभाग ने आनन-फानन आपूर्ति बंद कराई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के दौरान तहसील से लौट रहे समेसी निवासी रामतीर्थ शर्मा बाइक समेत पेड़ के नीचे दब गए। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उनका इलाज कराया गया। हादसे में उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ गिरने से रेलवे क्रॉसिंग के पास केला बेच रहे मऊ निवासी धर्मेंद्र का ठेला भी चपेट में आ गया। पेड़ गिरता देख धर्मेंद्र ने किसी तरह भागकर जान बचाई। वहीं मऊ निवासी मोटरसाइकिल मैकेनिक इशरत की गुमटी पेड़ के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। गुमटी के पास खड़ी एक बाइक भी पेड़ की चपेट में आने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा चिनहट निवासी टेम्पो मैकेनिक की झोपड़ी के नीचे चल रही दुकान को भी नुकसान पहुंचा। पेड़ के नीचे दबने से उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक हुए हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

**तारों में चिंगारी देख सहमे लोग**

पेड़ के साथ बिजली लाइन टूटकर दुकानों के ऊपर गिरने के बाद तारों से चिंगारियां निकलने लगीं। इससे आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर दहशत में आ गए। बिजली विभाग ने तत्काल सप्लाई बंद कर दी। लोगों का कहना था कि समय रहते बिजली आपूर्ति बंद नहीं की जाती तो पेड़ के नीचे दबे घायल और आसपास मौजूद लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। पुलिस और बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

# संपादकीय

## समान नागरिक संहिता : समानता और विविधता के बीच संतुलन

समान नागरिक संहिता : समानता और विविधता के बीच संतुलन

कानून किसी समाज की केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं होता, बल्कि वह उसकी सामाजिक चेतना, न्याय-बोध और बदलती परिस्थितियों का दर्पण भी होता है। मानव सभ्यता के आरंभिक दौर में विवाह, परिवार, संपत्ति और उत्तराधिकार जैसे विषय मुख्यतः परंपराओं, धार्मिक मान्यताओं और स्थानीय रीति-रिवाजों से संचालित होते थे। जैसे-जैसे राज्य संगठित हुए और नागरिक जीवन जटिल होता गया, इन बिखरे नियमों को लिखित और व्यवस्थित रूप देने की आवश्यकता महसूस हुई। नागरिक संहिताओं का विकास इसी दीर्घ यात्रा का परिणाम है। प्राचीन विधि-व्यवस्थाओं से लेकर रोमन विधि और यूरोपीय संहिताकरण तक कानून निरंतर बदलता रहा। 1804 की नेपोलियन संहिता इस यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बनी। उसने अनेक स्थानीय और परंपरागत नियमों को एक संगठित नागरिक विधि में पिरोने का प्रयास किया। इससे दुनिया के अनेक हिस्सों में संहिताबद्ध कानून की अवधारणा को बल मिला। हालांकि इतिहास यह भी बताता है कि कोई संहिता अपने समय की सामाजिक सीमाओं से पूरी तरह मुक्त नहीं होती। इसलिए कानून बन जाना अंतिम मंजिल नहीं; बदलती सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार उसका पुनर्मूल्यांकन भी उतना ही जरूरी है। भारत की विधिक यात्रा अपनी विविध सामाजिक संरचना के कारण अधिक जटिल रही है। यहां अनेक धर्मों, भाषाओं, समुदायों और परंपराओं का सहअस्तित्व रहा है। विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और परिवार जैसे विषय लंबे समय तक अलग-अलग व्यक्तिगत विधियों से प्रभावित रहे। स्वतंत्रता के बाद संविधान निर्माताओं के सामने चुनौती थी कि नागरिकों को समानता और समान अधिकार दिए जाएं, लेकिन साथ ही देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता का सम्मान भी बना रहे।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 44 इसी विमर्श का महत्वपूर्ण आधार है। इसमें राज्य से नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करने की अपेक्षा की गई है। दूसरी ओर संविधान समानता, गरिमा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और धार्मिक स्वतंत्रता को भी महत्वपूर्ण स्थान देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता केवल कानून बनाने का प्रश्न नहीं है; यह विभिन्न संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित करने की चुनौती भी है। स्वतंत्र भारत में व्यक्तिगत कानूनों में सुधार की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी। विवाह, उत्तराधिकार और परिवार से जुड़े अनेक कानूनों में परिवर्तन किए गए। इन सुधारों ने यह सिद्ध किया कि परंपरा और कानून स्थायी रूप से एक-दूसरे से बंधे नहीं होते। समाज में जब समानता और न्याय की नई अपेक्षाएं पैदा होती हैं, तो कानून को भी उनका उत्तर देना पड़ता है। इसी क्रम में महिलाओं के अधिकार, विवाह में समानता, तलाक, भरण-पोषण और उत्तराधिकार जैसे विषय व्यापक विधिक विमर्श का हिस्सा बने। समान नागरिक संहिता के पक्ष में सबसे प्रमुख तर्क विधिक समानता और लैंगिक न्याय का है। विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और भरण-पोषण जैसे मामलों में नागरिकों के अधिकार केवल धार्मिक पहचान के आधार पर अलग क्यों हों–यह प्रश्न स्वाभाविक है। विशेष रूप से महिलाओं के संदर्भ में यह प्रश्न अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि समान परिस्थितियों में किसी महिला के अधिकार केवल अलग व्यक्तिगत विधि के कारण बदल जाते हैं, तो संवैधानिक समानता की कसौटी पर उस व्यवस्था की समीक्षा आवश्यक हो जाती है।

लेकिन समानता का अर्थ हर स्थिति में एकरूपता नहीं है। भारत की सामाजिक संरचना अत्यंत विविध है। अनेक आदिवासी और स्थानीय समुदायों की अपनी पारिवारिक तथा उत्तराधिकार परंपराएं हैं। इसलिए समान नागरिक संहिता बनाते समय यह सावधानी जरूरी है कि समानता के नाम पर सांस्कृतिक विविधता को अनावश्यक रूप से समाप्त न किया जाए। जो अंतर सामाजिक विविधता को व्यक्त करते हैं और जो अंतर किसी नागरिक को असमान अधिकार देते हैं, दोनों को एक ही दृष्टि से देखना उचित नहीं होगा। यहीं इस विमर्श की सबसे महत्वपूर्ण कसौटी सामने आती है–समान कानून का लक्ष्य केवल समान नियम नहीं, बल्कि समान न्याय होना चाहिए। कानून को यह देखना होगा कि नागरिक की गरिमा, स्वतंत्रता और अधिकार सुरक्षित रहें। कोई परंपरा केवल इसलिए न्यायपूर्ण नहीं हो जाती कि वह पुरानी है; उसी तरह कोई नया नियम केवल इसलिए उचित नहीं हो जाता कि वह आधुनिक दिखाई देता है। कानून की असली परीक्षा उसके प्रभाव में होती है। भारत में गोवा की नागरिक विधि लंबे समय से समान नागरिक व्यवस्था की चर्चा का उदाहरण रही है। हाल के वर्षों में उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता को विधायी रूप देकर इस विमर्श को व्यावहारिक धरातल प्रदान किया। इससे बहस केवल सैद्धांतिक नहीं रही। अब यह देखने का अवसर है कि विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और अन्य नागरिक मामलों को समान नियमों में लाने से प्रशासन, समाज और नागरिक अधिकारों पर वास्तविक प्रभाव क्या पड़ता है। किसी भी नागरिक संहिता की वास्तविक परीक्षा उसके लागू होने के बाद शुरू होती है। कानून की धाराएं बनाना अपेक्षाकृत सरल हो सकता है, लेकिन उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाना कठिन कार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता, दस्तावेजों की उपलब्धता, पंजीकरण की सरल प्रक्रिया, अधिकारियों का प्रशिक्षण, न्यायालयों की क्षमता और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को विधिक सहायता जैसे प्रश्न निर्णायक होंगे। कानून समान हो, लेकिन उसे समझने और लागू कराने की प्रक्रिया कठिन हो, तो समानता का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। डिजिटल युग में निजता का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। विवाह, परिवार, उत्तराधिकार और निजी संबंधों से जुड़ी सूचनाएं अत्यंत संवेदनशील होती हैं। इसलिए आधुनिक नागरिक संहिता को नागरिक अधिकारों के साथ निजी जानकारी की सुरक्षा का मजबूत ढांचा भी सुनिश्चित करना होगा। राज्य की भूमिका नागरिक को कानूनी सुरक्षा देना है, उसके निजी जीवन पर अनावश्यक नियंत्रण बढ़ाना नहीं। समान नागरिक संहिता को किसी समुदाय की जीत और दूसरे समुदाय की हार के रूप में प्रस्तुत करना भी उचित नहीं होगा। ऐसा दृष्टिकोण विधिक सुधार को सामाजिक न्याय के प्रश्न से हटाकर पहचान की राजनीति में ले जाता है। यदि इसे समान नागरिकता, लैंगिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों के विस्तार के रूप में देखा जाए तो संवाद की संभावना अधिक मजबूत होगी।

**अवनीश कुमार गुप्ता**
**साहित्यकार एवं स्वतंत्र स्तंभकार**




**मंगलवार को चंद्रमा मेष राशि में रहेंगे। गजकेसरी योग का प्रभाव कई राशियों के लिए करियर, धन और नए अवसर लेकर आ सकता है।**

**मेष** आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। रुका हुआ काम पूरा होगा और यात्रा से भी लाभ मिलने के योग हैं।

**वृषभ** मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** करियर और व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। मित्रों और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे।

**कर्क** नौकरी में मान-सम्मान बढ़ेगा और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। धन की बचत और परिवार से कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं।

**सिंह** आपकी वाणी और नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। कार्यस्थल पर प्रशंसा मिलेगी, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

**कन्या** दिन सामान्य रहेगा, लेकिन काम में व्यस्तता अधिक रहेगी। स्वास्थ्य और खानपान का ध्यान रखें तथा अनावश्यक खर्च से बचें।

**तुला** साझेदारी और टीमवर्क में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों और सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** धैर्य और समझदारी से काम लें। धन संबंधी मामलों में सतर्क रहें और विवादों से दूरी बनाए रखें। शाम तक स्थिति आपके पक्ष में हो सकती है।

**धनु** करियर और शिक्षा में नए अवसर मिल सकते हैं। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। यात्रा और नए काम की शुरुआत के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**मकर** मान-सम्मान में वृद्धि होगी और कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। घर-परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। संपत्ति या वाहन से जुड़ा लाभ मिल सकता है।

**कुंभ** नई योजनाओं पर काम शुरू करने का अच्छा समय है। निवेश सोच-समझकर करें और दूसरों की सलाह पर तुरंत भरोसा न करें। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** मेहनत का पूरा फल मिलने के संकेत हैं। व्यापार और नौकरी में प्रगति होगी तथा परिवार का सहयोग मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में धैर्य रखना लाभदायक रहेगा।

# अतिक्रमण का जाल और रेंगती आम आदमी की जिंदगी



राजीव शुक्ला -(संपादक)

शहरों की पहचान केवल ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और चमकते बाजारों से नहीं होती। किसी शहर की असली तस्वीर उसकी सड़कों, फुटपाथों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर दिखाई देती है। जब यही सार्वजनिक स्थान अतिक्रमण की गिरफ्त में आ जाते हैं, तो विकास की चमक के पीछे आम आदमी की जिंदगी धीरे-धीरे रेंगने लगती है। अतिक्रमण आज केवल सड़क किनारे दुकान लगाने या फुटपाथ पर सामान रखने तक सीमित समस्या नहीं रह गया है। सड़क की जमीन पर कब्जा, नालियों के ऊपर निर्माण, फुटपाथों पर स्थायी दुकानें, पार्किंग के नाम पर सार्वजनिक स्थानों का इस्तेमाल और गलियों तक में फैलते अवैध निर्माण ने शहरों की व्यवस्था को प्रभावित किया है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा उस नागरिक को भुगतना पड़ता है, जिसके पास न ताकत है, न प्रभाव और न ही व्यवस्था से लगातार संघर्ष करने का समय।

### सड़कें छोटी, समस्याएं बड़ी

अतिक्रमण का सबसे सीधा असर यातायात पर पड़ता है। जिस सड़क का निर्माण वाहनों और पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए हुआ था, उसका एक बड़ा हिस्सा दुकानों, ठेलों, पार्किंग या निर्माण सामग्री की भेंट चढ़ जाता है। परिणामस्वरूप सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम होती जाती है और यातायात का दबाव बढ़ता जाता है। कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने में घंटों लगना अब कई शहरों में असामान्य नहीं है। वाहन ईंधन जलाते रहते हैं, लोग समय गंवाते हैं और प्रदूषण बढ़ता रहता है। इस पूरी व्यवस्था की कीमत अंततः आम आदमी ही चुकाता है।

### फुटपाथ गायब, पैदल यात्री परेशान

फुटपाथ का उद्देश्य पैदल चलने वालों को सुरक्षित रास्ता देना है। लेकिन जब फुटपाथ पर दुकानें, वाहन, विज्ञापन बोर्ड और अस्थायी निर्माण कब्जा कर लेते हैं, तो पैदल यात्री सड़क पर चलने के लिए मजबूर हो जाता है। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं और दिव्यांग नागरिक ऐसी स्थिति में सबसे अधिक परेशान होते हैं। सड़क पर चलते पैदल यात्री और तेज रफ्तार वाहनों का टकराव दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाता है। सवाल यह है कि जिस नागरिक के लिए फुटपाथ बनाया गया, उसे आखिर उसी फुटपाथ से हटने के लिए क्यों मजबूर होना पड़े?

**अतिक्रमण और भ्रष्टाचार का सवाल**

**अतिक्रमण केवल प्रशासनिक कमजोरी का परिणाम है या इसके पीछे किसी स्तर पर मिलीभगत भी है–यह सवाल बार-बार उठता है। किसी सड़क या सार्वजनिक जमीन पर एक दिन में स्थायी कजा नहीं हो जाता। पहले अस्थायी कजा होता है, फिर वह धीरे-धीरे स्थायी रूप लेता है और अंततः नागरिक उसे सामान्य स्थिति मानने लगते हैं।**

### जलभराव की समस्या को बढ़ाता अतिक्रमण

अतिक्रमण का एक गंभीर और अक्सर नजरअंदाज किया जाने वाला परिणाम जलभराव है। नालियों और जलनिकासी के रास्तों पर निर्माण होने से बारिश का पानी अपना प्राकृतिक रास्ता नहीं पा पाता। कई जगह नालियां ढक दी जाती हैं या उनका आकार इतना छोटा कर दिया जाता है कि पानी का प्रवाह बाधित होने लगता है। बारिश होते ही सड़कें तालाब में बदल जाती हैं। घरों और दुकानों में पानी घुसता है, यातायात ठप होता है और नागरिकों को घंटों परेशानी उठानी पड़ती है। हर वर्ष जलभराव के बाद सफाई और नाला खुदाई की कवायद होती है, लेकिन यदि जलनिकासी के रास्तों पर कब्जे कायम रहें तो समस्या स्थायी रूप से कैसे समाप्त होगी?

### अतिक्रमण और भ्रष्टाचार का सवाल

अतिक्रमण केवल प्रशासनिक कमजोरी का परिणाम है या इसके पीछे किसी स्तर पर मिलीभगत भी है–यह सवाल बार-बार उठता है। किसी सड़क या सार्वजनिक जमीन पर एक दिन में स्थायी कब्जा नहीं हो जाता। पहले अस्थायी कब्जा होता है, फिर वह धीरे-धीरे स्थायी रूप लेता है और अंततः नागरिक उसे सामान्य स्थिति मानने लगते हैं।

**यदि नियम स्पष्ट हैं और सरकारी जमीन की निगरानी** होती है तो वर्षों तक अवैध निर्माण कैसे खड़े रहते हैं? यदि कार्रवाई होती है तो कुछ समय बाद वही स्थान फिर अतिक्रमण से कैसे भर जाते हैं?

इन सवालों का जवाब केवल छोटे दुकानदार या ठेले वाले को दोषी ठहराकर नहीं दिया जा सकता। व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि अतिक्रमण को पनपने का अवसर कौन देता है और कार्रवाई के बाद उसे दोबारा खड़ा होने से कौन रोकता है।

### रोजगार बनाम व्यवस्था—समस्या का कठिन पक्ष

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का दूसरा पहलू भी है। बड़ी संख्या में छोटे दुकानदार, रेहड़ी-पटरी वाले और फुटपाथ पर कारोबार करने वाले लोग अपनी आजीविका के लिए सार्वजनिक स्थानों पर निर्भर हैं। अचानक सामान हटाने से उनकी रोजी-रोटी प्रभावित होती है। इसलिए समाधान केवल बुलडोजर या जबरन हटाने में नहीं है। प्रशासन को व्यवस्थित वेंडिंग जोन, वैकल्पिक बाजार और पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था विकसित करनी होगी। गरीब की रोजी भी बचे और सार्वजनिक रास्ता भी–यह संतुलन ही वास्तविक प्रशासनिक सफलता होगी।

### कानून सबके लिए समान होना चाहिए

अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में सबसे बड़ी आवश्यकता समानता की है। यदि गरीब की छोटी दुकान हटाई जाए लेकिन प्रभावशाली व्यक्ति का बड़ा अवैध निर्माण वर्षों तक खड़ा रहे, तो नागरिकों का कानून और प्रशासन पर विश्वास कमजोर होता है। कानून का अर्थ तभी है जब वह बिना भेदभाव लागू हो। सड़क पर कब्जा करने वाला चाहे छोटा दुकानदार हो या बड़ा कारोबारी, सार्वजनिक जमीन पर अवैध निर्माण करने वाला चाहे कोई भी हो–नियम सभी पर समान रूप से लागू होने चाहिए।

### शहर केवल वाहनों के लिए नहीं हैं

शहरी नियोजन में अक्सर सड़क चौड़ी करने, फ्लाईओवर बनाने और यातायात बढ़ाने पर जोर दिया जाता है, लेकिन पैदल चलने वाले नागरिक की जरूरतों को उतना महत्व नहीं मिलता। वास्तव में स्वस्थ शहर वह है जहां व्यक्ति सुरक्षित पैदल चल सके, सार्वजनिक परिवहन तक आसानी से पहुंच सके और बारिश के दिनों में जलभराव से न जूझे। अतिक्रमण हटाना केवल सड़क खाली कराने का अभियान नहीं होना चाहिए। यह शहर को नागरिकों के लिए वापस हासिल करने की प्रक्रिया होनी चाहिए।

### आम आदमी की जिंदगी कब तेज चलेगी?

आज आम नागरिक का बड़ा हिस्सा अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अनावश्यक समय यातायात, जाम, पार्किंग और जलभराव में गंवा देता है। जिस दूरी को कुछ मिनटों में पूरा होना चाहिए, वह घंटों में पूरी होती है। यही वह स्थिति है जिसे कहा जा सकता है–शहर बढ़ रहे हैं, लेकिन आम आदमी की जिंदगी रेंग रही है। अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक ईमानदारी और बेहतर शहरी नियोजन से ही संभव है। केवल अभियान चलाकर तस्वीर नहीं बदलेगी। अतिक्रमण हटाने के बाद उस स्थान का नियमित निरीक्षण, डिजिटल रिकॉर्ड, स्पष्ट पार्किंग नीति, व्यवस्थित वेंडिंग जोन और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी होगी। सड़कें जनता की हैं, फुटपाथ जनता के हैं, नालियां जनता के लिए हैं और सार्वजनिक जमीन भी जनता की संपत्ति है। जब इन पर कब्जा होता है तो नुकसान केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का होता है। जरूरत इस बात की है कि शहरों को अतिक्रमण मुक्त करने की मुहिम को केवल दिखावटी कार्रवाई न बनाया जाए। प्रशासन को गरीब की आजीविका और नागरिकों के अधिकार–दोनों के बीच संतुलन कायम करना होगा। तभी शहरों की सड़कें खुलेंगी, जलभराव घटेगा, यातायात सुधरेगा और सबसे महत्वपूर्ण–आम आदमी की जिंदगी रेंगने के बजाय आगे बढ़ सकेगी।

# 'नवोन्मेषी खेती से झांसी जनपद के श्री राम किशुन ने मटर उत्पादन में रचा नया कीर्तिमान'

**लखनऊ-** किसानों की आय दोगुनी करने एवं उन्हें 'अन्नदाता से उद्यमी' बनाने के लक्ष्य के साथ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में लगातार कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार की किसान-हितैषी नीतियों, समयबद्ध अनुदान और आधुनिक तकनीक के प्रसार ने झांसी सहित पूरे बुंदेलखंड के किसानों को नई दिशा दी है, जिसके परिणामस्वरूप मटर, सरसों तथा अन्य फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। झांसी जनपद के विकास खण्ड बामौर के ग्राम परसुवा के प्रगतिशील किसान श्री राम किशुन की सफलता गाथा, उत्तर प्रदेश सरकार के इन्हीं सतत प्रयासों का प्रेरक उदाहरण है।

श्री राम किशुन ग्राम परसुवा, विकास खण्ड बामौर, जनपद झांसी के मूल निवासी हैं। वे उच्च माध्यमिक तक शिक्षित हैं तथा लघु श्रेणी के कृषक होने के बावजूद खेती को ही अपनी मुख्य आजीविका मानकर पूरी निष्ठा से खेती-बाड़ी में लगे हैं। सीमित संसाधनों के साथ भी उन्होंने परंपरागत खेती को छोड़कर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने का साहस दिखाया, जिससे उनकी पहचान क्षेत्र के नवाचारी किसान के रूप में बनने लगी। श्री राम किशुन लघु श्रेणी के कृषक हैं तथा उनके पास लगभग 1.160 हे0 कृषि योग्य भूमि है। वे सिंचाई के लिए उपलब्ध यंत्रों एवं सेट का उपयोग करते हैं तथा समय पर सिंचाई और पोषण प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हैं। खेतों में वे मटर, चना, गेहूं आदि फसलों की वैज्ञानिक ढंग से बुवाई करते हैं, बीजोपचार, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा कीट-रोग प्रबंधन के लिए विभागीय परामर्श का पालन करते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसान श्री राम किशुन को उन्नत बीज, प्रदर्शन प्लॉट, प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन का लाभ मिला, जिससे उनकी खेती में उल्लेखनीय सुधार आया है। विभाग द्वारा आयोजित कृषक गोष्ठियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से उन्होंने मटर की उच्च उत्पादक किस्में, उचित बीज दर, कतारों में बुवाई, विधिवत सिंचाई तथा समेकित पोषक तत्व प्रबंधन जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाया। झांसी क्षेत्र में दलहनी फसलों, विशेषकर मटर की वैज्ञानिक खेती पर बल दिए जाने से उन्होंने समय पर बुवाई, निराई-गुड़ाई, रोग-कीट नियंत्रण और फसल कटाई की वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर उत्पादन क्षमता में बड़ा सुधार किया। पूर्व में मटर की बुवाई परंपरागत तरीके से होने के कारण प्रति हेक्टेयर उत्पादन सामान्य स्तर तक ही सीमित था, जिससे शुद्ध लाभ में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही थी। उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं कृषि विभाग के वैज्ञानिक मार्गदर्शन के तहत उन्होंने प्रमाणित बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग, यांत्रिक कतार बुवाई तथा कीट-रोग प्रबंधन जैसी तकनीकों को व्यवस्थित रूप से अपनाया। परिणामस्वरूप उन्होंने मटर की उन्नत प्रजाति (केएनएफएमएसआर-522) की खेती में प्रति हेक्टेयर '44.20 कुंतल' की उल्लेखनीय उपज प्राप्त की, जो अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई।

श्री राम किशुन ने राज्य स्तरीय फसल प्रतियोगिता में मटर फसल की उपज के आधार पर मटर प्रजाति केएनएफएमएसआर-522 में '44.20 कुंतल प्रति हेक्टेयर' उत्पादन प्राप्त कर 'प्रथम स्थान' हासिल किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें 01 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शाल' प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे वे स्वयं तो गौरवान्वित हुए ही हैं, साथ ही पूरे जिले और प्रदेश का मान भी बढ़ा है। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली प्रशिक्षण सुविधाएँ, तकनीकी मार्गदर्शन, बीज एवं अन्य कृषि सामग्रियों पर अनुदान, तथा फसल प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रोत्साहन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्री राम किशुन की सफलता ने यह दिखा दिया है कि यदि किसान उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रमाणित बीज, वैज्ञानिक सिंचाई तथा उन्नत प्रबंधन पद्धतियों को अपनाएँ, तो सीमित भूमि पर भी अत्यधिक लाभदायक खेती की जा सकती है। झांसी जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्र में मटर जैसी दलहनी फसल में रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार द्वारा 'बीज से बाजार तक' की सोच, किसान-हितैषी नीतियाँ और तकनीकी सहयोग गाँव-गाँव के किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। यह सफलता गाथा प्रदेश के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है कि वे भी सरकारी योजनाओं से जुड़कर नवाचारी खेती की दिशा में कदम बढ़ाएँ और समृद्धि की नई इबारत लिखें।

**डॉ. मनोज चंद्रा, प्रभारी अंग्रेजी**

# निवेश की नई उड़ान से औद्योगिक विकास के पथ पर बरेली

## जीबीसी-5.0 ने बढ़ाया उद्योगों का भरोसा, हजारों करोड़ के निवेश से रोजगार के नए अवसर

**बरेली** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान का सकारात्मक प्रभाव बरेली जनपद में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 5.0 के माध्यम से जनपद में औद्योगिक निवेश को नई गति मिली है और बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे हैं। जीबीसी-5.0 के अंतर्गत बरेली के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनपद में अब तक 337 एमओयू के माध्यम से 19,637 करोड़ रुपये के निवेश के करार हुए हैं। इनमें से 228 कंपनियों द्वारा परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा चुका है, जिनके तहत लगभग 9,426 करोड़ रुपये का निवेश जमीन पर उतर चुका है। इन परियोजनाओं से लगभग 13,844 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना का दावा व्यक्त किया गया है।



### लक्ष्य से आगे बढ़ा बरेली

15 हजार करोड़ रुपये के निर्धारित निवेश लक्ष्य के मुकाबले प्राप्त निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 19,637 करोड़ रुपये तक पहुंचना बरेली के औद्योगिक वातावरण में बढ़ते निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। उद्योग विभाग द्वारा निवेशकों से निरंतर संवाद, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने से निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में तेजी आई है। पूर्व में जीबीसी के माध्यम से प्राप्त निवेश प्रस्तावों में भी बड़ी संख्या में परियोजनाएं संचालित हो चुकी हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि बरेली अब केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने वाला जनपद नहीं, बल्कि निवेश को वास्तविक औद्योगिक इकाइयों में बदलने वाले प्रमुख जिलों में अपनी पहचान बना रहा है।

### विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से बढ़े रोजगार के अवसर

जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार कई उद्यमियों ने करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया है। रियल एस्टेट एवं हाउसिंग, रिटेल, शिक्षा, डेयरी तथा खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश परियोजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। बड़े निवेश के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ये इकाइयां स्थानीय युवाओं को उनके गृह जनपद में ही रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय कच्चे माल, परिवहन, सेवाओं और अन्य सहायक गतिविधियों की मांग को बढ़ावा देती हैं।

### उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर

निवेश परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग द्वारा निवेशकों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। भूमि, विद्युत, अनापत्ति प्रमाण पत्र, लाइसेंस तथा अन्य विभागीय अनुमतियों से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की यह कार्यप्रणाली बरेली में औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को मजबूत कर रही है। शासन स्तर पर भी जीबीसी-5.0 के निवेश को प्रत्येक जनपद तक पहुंचाने तथा निवेशकों की समस्याओं का समय से समाधान करने पर जोर दिया गया है।

### बरेली बना निवेशकों के लिए भरोसेमंद ठिकाना

बरेली की भौगोलिक स्थिति, बेहतर कनेक्टिविटी, बढ़ता शहरी बाजार, कुशल मानव संसाधन और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं इसे निवेश के लिए अनुकूल बनाती हैं। जीबीसी-4.0 में भी बड़ी संख्या में निवेश करार हुए थे और उनमें से कई परियोजनाएं स्थापित होकर उत्पादन प्रारंभ कर चुकी हैं। जीबीसी-5.0 की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि बरेली में निवेश केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। हजारों करोड़ रुपये के निवेश से जहां औद्योगिक आधार मजबूत हो रहा है, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

### निवेश से विकास और विकास से रोजगार

बरेली में बढ़ता औद्योगिक निवेश जनपद की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के साथ ही रोजगार, व्यापार और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आने वाले समय में निवेश प्रस्तावों के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन से बरेली के औद्योगिक परिदृश्य में और व्यापक बदलाव की उम्मीद है। बरेली की यह सफलता केवल करोड़ों रुपये के निवेश की कहानी नहीं है, बल्कि यह बदलते औद्योगिक वातावरण, उद्यमियों के बढ़ते विश्वास और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलने की कहानी है।

**सूचनाधिकारी जनपद बरेली/**
**डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तकनीकी युवाओं के लिए स्वरोजगार का मौका, 50 हजार तक मिलेगी मदद

**देवरिया।** तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग ने बाट-माप मुद्रांकन एवं मरम्मत कार्यशाला स्थापित करने के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू की है। कार्यशाला स्थापित करने वाले पात्र युवाओं को अधिकतम 50 हजार रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। प्रभारी अधिकारी विधिक माप विज्ञान ए.के. सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, भौतिक विज्ञान में बीएससी तथा बीई/बीटेक डिग्रीधारी युवा इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पात्र अभ्यर्थियों को निवेश मित्र पोर्टल से जुड़े विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विभागीय समिति आवेदक की दक्षता की जांच करेगी। लाइसेंस मिलने के बाद कार्यशाला स्थापित करने में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति बैंक खाते में की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि अभी निर्धारित नहीं है।

### लबकनी में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक, बिना अनुमति नहीं जा सकेंगे जनप्रतिनिधि और संगठन

**देवरिया।** गौरी बाजार क्षेत्र के लबकनी में आंबेडकर प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर बने तनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने ग्राम लबकनी की सीमा में बाहरी व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्रवेश पर रोक लगा दी है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। गौरीबाजार थाना प्रभारी की 31 अगस्त की रिपोर्ट के अनुसार, 29 जुलाई की रात सरकारी खलिहान की खाली जमीन पर बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति चबूतरा बनाकर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया गया था। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर इसे रुकवाया। घटना के बाद गांव का माहौल संवेदनशील होने और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि 17 अगस्त को ही पूरे जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की जा चुकी है, जो 15 अक्टूबर तक प्रभावी है। अब लबकनी के लिए अतिरिक्त प्रतिबंध लागू किए गए हैं। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडनीय होगा।

### राशन के खेल में बड़ा एक्शन: 148 क्विंटल से अधिक खाद्यान्न की कालाबाजारी का आरोप, केस दर्ज

**मृत कोटे की दुकान का खाद्यान्न नहीं किया हस्तांतरित, जांच में सामने आया मामला; गेहूं-चावल और चीनी की कालाबाजारी का आरोप**

**देवरिया।** जिले के खामपार ग्राम पंचायत में उचित दर की दुकान की विक्रेता चंद्रावती देवी की मृत्यु के बाद खाद्यान्न के हस्तांतरण में अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच में मृतक विक्रेता के पुत्र करुणेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पर 32.196 क्विंटल गेहूं, 116.412 क्विंटल चावल और 39 किलोग्राम चीनी की कालाबाजारी करने का आरोप सामने आया। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद खामपार थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। चंद्रावती देवी की मृत्यु एक अगस्त 2026 को हुई थी। इसके बाद उनकी उचित दर की दुकान को उसी ग्राम पंचायत के विक्रेता शिव अवतार सिंह से संबद्ध कर दिया गया। आदेश की प्रति मृतक विक्रेता के पुत्र को उपलब्ध कराने के साथ वितरण उपकरण और करीब 13 क्विंटल खाद्यान्न संबद्ध विक्रेता को हस्तांतरित किया गया। संबद्ध विक्रेता ने तहसील दिवस में शिकायत की कि उसे पूरा खाद्यान्न नहीं मिला।

शिकायत पर नायब तहसीलदार भाटपाररानी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त टीम ने जांच की। जांच के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि चंद्रावती देवी की दुकान का संचालन उनके पुत्र करुणेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह करते थे। जांच के बाद शेष खाद्यान्न हस्तांतरित करने के लिए मुन्ना सिंह को नोटिस जारी किया गया, लेकिन आरोप है कि उन्होंने खाद्यान्न हस्तांतरित नहीं किया। इससे संबंधित कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरण प्रभावित हुआ। जांच में कुल 32.196 क्विंटल गेहूं, 116.412 क्विंटल चावल और 39 किलोग्राम चीनी की कालाबाजारी का आरोप सामने आया। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद अब आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पानी की टंकी से छलांग लगाने जा रही युवती को महिला दरोगा ने बचाया

**महिला दरोगा के इस साहसिक प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** एम्स थाना क्षेत्र के महादेव झारखंडी कॉलोनी में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती पानी की टंकी पर चढ़ गई और नीचे कूदने की बात कहने लगी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची महिला उपनिरीक्षक जागृति खरवार ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया। महिला दरोगा के इस साहसिक प्रयास की पुलिस अधिकारियों ने सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस के अनुसार, रविवार 30 अगस्त को दोपहर करीब 1:30 बजे एम्स थाना पुलिस को सूचना मिली कि महादेव झारखंडी कॉलोनी में एक लड़की पानी की टंकी पर चढ़ी हुई है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए महिला उपनिरीक्षक जागृति खरवार पुलिस टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं। वहां



युवती पानी की टंकी के ऊपर मौजूद थी।

महिला उपनिरीक्षक और पुलिस टीम ने युवती को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने उससे बातचीत कर उसे सुरक्षित नीचे आने के लिए कहा, लेकिन युवती बार-बार नीचे कूद जाने की बात कहती रही। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब युवती ने पानी की टंकी के पाइप को पकड़कर नीचे लटकने का प्रयास किया। मौके की नाजुक स्थिति को भांपते हुए महिला उपनिरीक्षक जागृति खरवार ने बिना देर किए साहसिक कदम उठाया। वह युवती के समीप पहुंचीं और उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस टीम की मदद से युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।

युवती को सुरक्षित नीचे उतारे जाने के बाद पुलिस टीम ने राहत की सांस ली। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक जागृति खरवार की त्वरित कार्रवाई और साहस की लोगों ने भी सराहना की। पुलिस विभाग के अनुसार, संकट की घड़ी में महिला उपनिरीक्षक द्वारा दिखाई गई तत्परता और साहस सराहनीय है। उनके इस साहसिक कार्य को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर और पुलिस अधीक्षक नगर ने जागृति खरवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए इसे पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण बताया।

## बीएसए ने बीआरसी का किया निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**देवरिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य ने सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र देवरिया सदर में चल रहे पांच दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को प्रशिक्षण में सीखी गतिविधियों और टीएलएम आधारित तकनीकों को कक्षाओं में प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। बीएसए ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान विकसित करना प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों की शत-प्रतिशत और समयबद्ध उपस्थिति के निर्देश दिए। सदर विकासखंड में सर्वाधिक नामांकन वाले विद्यालय को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की। उन्होंने विद्यालयों में प्रार्थना सभा नियमित रूप से संचालित कराने, जन्मदिन वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने, अभिभावकों से नियमित संपर्क और पी टी एम आयोजित करने के निर्देश दिए। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में पात्र निरक्षरों का पंजीकरण, एस एन ए स्पर्श खातों को खोलने तथा डीबीटी और छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक पहुंचाने की भी समीक्षा की। इसके बाद बीएसए ने बीआरसी और नगर क्षेत्र के कार्यालय का निरीक्षण कर कर्मचारियों को लंबित पत्रावलियों का समयबद्ध निस्तारण और डिजिटल अभिलेखीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अनधिकृत अनुपस्थिति, लापरवाही या कार्यों में शिथिलता मिलने पर संबंधित कर्मचारी की जवाबदेही तय कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा में लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं: मधुसूदन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति और वन स्टॉप सेंटर से संबंधित बैठक हुई। इसमें बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा और महिलाओं-बच्चों के लिए संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि महिला और बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई हो और पात्रों को योजनाओं का लाभ समय से मिले। डीएम ने कहा कि बच्चों के अधिकार और सुरक्षा से किसी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। बाल कल्याण समिति के समक्ष आने वाले मामलों में बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास, शिक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। असहाय व संकटग्रस्त बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के साथ उनके सुरक्षित भविष्य के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा में उन्होंने हिंसा और उत्पीड़न से प्रभावित महिलाओं को एक ही स्थान पर परामर्श, विधिक, चिकित्सा और पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और रानी लक्ष्मीबाई योजना समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हुई। बताया गया कि वन स्टॉप सेंटर ने 13 कार्यक्रम और चार पीटीएम आयोजित कर 43 महिलाओं व बालिकाओं को योजनाओं से जोड़ा। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में 23 बच्चों का नामांकन, विधवा पेंशन में 10 महिलाओं को लाभ तथा 11 बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसलिंग कराई गई। पांच आयुष्मान कार्ड आवेदन, पांच महिलाओं का मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण और तीन दिव्यांग महिलाओं/बालिकाओं को लाभ दिलाया गया। डीएम ने लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण नहीं होने पर जिम्मेदारी तय करने की चेतावनी दी। बैठक में सीडीओ राजेश सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध खनन और कच्ची शराब को लेकर जिलाधिकारी सख्त, किसानों की समस्याओं का करें त्वरित समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खनन, आबकारी और गन्ना विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ नियमित प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा में डीएम ने खनन और परिवहन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से नियमित जांच अभियान चलाने को कहा। खनन एवं भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।

आबकारी विभाग की समीक्षा में राजस्व प्राप्तियों और निर्धारित लक्ष्य की स्थिति जानी गई। डीएम ने लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने को कहा। अवैध मदिरा के खिलाफ कार्रवाई के साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया।

गन्ना विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों से जुड़े प्रकरणों और गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति जानी गई। डीएम ने किसानों की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा भुगतान संबंधी मामलों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। अधिकारियों से किसानों के साथ समन्वय बनाकर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराने को कहा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और निर्देशों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

## शासनादेश के बावजूद आरईडी के सात जेई को नगर पंचायतों की जिम्मेदारी

**देवरिया।** प्रस्तावित नगर पंचायतों के विकास कार्यों के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) के सात अवर अभियंताओं को जिम्मेदारी सौंपे जाने से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। विभागीय मुख्य अभियंता ने शासन को भेजे पत्र में स्थानीय निकायों का अतिरिक्त कार्य आरईडी के जेई से न लेने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद देवरिया में सात जेई को प्रस्तावित नगर पंचायतों की जिम्मेदारी दी गई है। मामले में सवाल उठ रहा है कि यह तैनाती किस आदेश या अनुमति के आधार पर की गई। प्रशासन से संबंधित आदेश और नियमों की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की जा रही है। 21 नवंबर 2024 को शासन को भेजे विभागीय पत्र में 23 अगस्त 2023 के शासनादेश का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया था कि आरईडी के अवर अभियंताओं से स्थानीय निकायों के निर्माण कार्य अतिरिक्त रूप से न लिए जाएं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया था कि शासनादेश का गलत अर्थ निकालकर जेई को ग्राम पंचायतों के कार्यों से विरत करना भी उचित नहीं है।

# नोटिस में गरजी नगर पंचायत, जमीन पर क्यों थम गई कार्रवाई?

**तीन दिन में अवैध गेट-बाउंड्री तोड़ने का अल्टीमेटम... फिर फाइल पर सन्नाटा!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद की नगर पंचायत भाटपाररानी की ओर से अवैध निर्माण हटाने के लिए जारी नोटिस अब खुद नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। शशिभूषण बरनवाल को जारी नोटिस में गेट, बाउंड्री और स्वागत गेट को नियम विरुद्ध बताते हुए तीन कार्यदिवस में हटाने का निर्देश दिया गया था। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि निर्धारित समय में निर्माण नहीं हटाया गया तो नगर पंचायत स्वयं ध्वस्तीकरण कराएगी और खर्च भू-राजस्व के बकाये की तरह वसूल करेगी। अब सवाल है कि नोटिस के बाद वास्तव में कार्रवाई क्या हुई? अधिशासी अधिकारी की ओर से जारी पत्रांक 1032/न.पं.भा.रा./2025-26, दिनांक 1 नवंबर 2025 में कहा गया कि स्वर्गीय पिता के नाम पर गेट का निर्माण कराया गया है और बाउंड्री पर कई लोहे के गेट लगाए गए हैं। नगर पंचायत ने




दावा किया कि निर्माण का स्वीकृत मानचित्र नहीं कराया गया था और इसे संबंधित कानूनी प्रावधानों के विपरीत बताया गया। मामले में नोटिस में तारीखों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पत्र में 29 जुलाई और 21 अक्टूबर के पूर्व नोटिसों का उल्लेख है, जबकि 1 नवंबर 2025 को जारी पत्र में 14 नवंबर 2025 के नोटिस का संदर्भ भी दर्ज है। यह विरोधाभास प्रशासनिक स्तर पर स्पष्टीकरण मांगता है।

सबसे अहम सवाल यह है कि तीन दिन में निर्माण हटाने की चेतावनी के बाद नगर पंचायत ने क्या कदम उठाया। यदि निर्माण नहीं हटाया गया तो नोटिस में दी गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई क्यों नहीं हुई और यदि प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया तो उसका आधार क्या रहा? इसी बीच स्थानीय स्तर पर मामले को कथित रूप से लाखों रुपये की डील के जरिए 'मैनेज' करने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में आरोपों की सच्चाई से अधिक महत्वपूर्ण नगर पंचायत का आधिकारिक रिकॉर्ड है। मामले में नोटिस, स्थल निरीक्षण रिपोर्ट, अनुपालन रिपोर्ट और उसके बाद की कार्रवाई से संबंधित पूरी पत्रावली की जांच कराए जाने की मांग उठ रही है। इससे स्पष्ट हो सकेगा कि नगर पंचायत ने अपने ही नोटिस में की गई कार्रवाई की चेतावनी को अमल में क्यों नहीं लाया। नोटिस में कार्रवाई का अल्टीमेटम था, अब जनता को कार्रवाई का हिसाब चाहिए। सवाल सीधा है- नगर पंचायत ने निर्माण हटाया या मामला फाइलों में ही दबकर रह गया? **मैनेजमेंट के आरोपों ने खोला सवालों का पिटारा**

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में महिला गिरफ्तार, अभिरक्षा में नाबालिग

**गुलरिहा में दर्ज मुकदमे के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में गुलरिहा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग बाल अपचारिणी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया है। दोनों के खिलाफ थाना गुलरिहा में दर्ज मुकदमे के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, अपराधों पर अंकुश लगाने और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जेपी पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

मामला गुलरिहा थाना क्षेत्र के मटियरवा टोला सखनी से जुड़ा है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के आरोप में अंजू पत्नी रामकरन, निवासी मटियरवा टोला सखनी, थाना गुलरिहा, गोरखपुर को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मामले में एक नाबालिग बाल अपचारिणी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस अभिलेख के मुताबिक इस संबंध में थाना गुलरिहा में मु0अ0सं0 716/2026 के तहत धारा 107 भारतीय न्याय संहिता (भा.न्या.सं.) में मुकदमा दर्ज है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल, महिला उपनिरीक्षक ब्यूटी सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, महिला कांस्टेबल मीना पटेल, महिला कांस्टेबल कोमल शुक्ला, रिजर्व कांस्टेबल आशुतोष राजभर और रिजर्व कांस्टेबल मोहम्मद सलमान शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि घटना की पूरी पृष्ठभूमि और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के आरोपों से जुड़े विस्तृत तथ्यों का खुलासा पुलिस की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस द्वारा प्रकरण में संबंधित पक्षों से पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। गुलरिहा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। नाबालिग से संबंधित कार्रवाई भी निर्धारित कानूनी प्रावधानों के अनुसार की जा रही है।

## ख़जनी में ससुर पर बहू से अश्लील हरकत और जबरदस्ती का आरोप, खजनी थाने पहुंचा मामला




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी/गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के मझगांवा गांव में पारिवारिक रिश्तों को लेकर गंभीर आरोपों का मामला सामने आया है। एक विवाहिता ने अपने ससुर पर कमरे में घुसकर अश्लील हरकत करने और उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। घटना के दौरान जेठानी के मौके पर पहुंचने और विरोध करने की बात भी सामने आई है। मामला थाने पहुंचने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मझगांवा निवासी पंकज प्रजापति की पत्नी के मुताबिक, वह अपने कमरे में थी। इसी दौरान उसके ससुर रामिलन अचानक कमरे में पहुंचे और उसके साथ कथित तौर पर अश्लील हरकत करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि ससुर ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती करने का प्रयास किया। इसी बीच उसकी जेठानी वहां पहुंच गई। उन्होंने ससुर की हरकत का विरोध किया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

विवाहिता के अनुसार, उसकी जेठानी ने भी ससुर के व्यवहार को लेकर गंभीर बात बताई। जेठानी का आरोप है कि इससे पहले भी ससुर ने उनके साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी। उन्होंने कथित घटना की जानकारी अपनी सास को भी दी थी। इसके बाद ससुर ने दोबारा ऐसी हरकत नहीं की। अब छोटी बहू के साथ कथित घटना के बाद परिवार के भीतर विवाद और बढ़ गया है। घटना की जानकारी होने के बाद मामला खजनी थाने पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि विवाहिता द्वारा लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति क्या है और घटना किन परिस्थितियों में हुई।

खजनी थाने के प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों, पीड़िता के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला लगाए गए आरोपों के अनुरूप है या इसके पीछे कोई पारिवारिक विवाद भी जुड़ा हुआ है। घटना के बाद गांव में मामले को लेकर चर्चा का माहौल है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्टेडियम में दिखा खेलों का जोश, 400 से अधिक खिलाड़ियों ने निकाली साइकिल रैली

**देवरिया।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत सोमवार को रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। तीसरे दिन साइकिल रैली, 29 पास चैलेंज, पास द बॉल समेत कई खेल गतिविधियों में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने साइकिल रैली को रवाना किया। रैली में 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं और खिलाड़ियों को खेलों से जोड़ने के साथ फिटनेस के प्रति जागरूक करना रहा।

स्टेडियम में दिनभर विभिन्न खेल एवं फिटनेस गतिविधियां आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ इनमें भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षक गिरीश चंद्र सिंह, हैंडबाल प्रशिक्षक दिवाकर मणि त्रिपाठी, लालू सिंह यादव, अवधेश यादव, विजय कुमार पाल, पूजा सिंह, शालिनी शर्मा, सत्येंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ. डीके पांडेय और अशोक कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। जिला खेल कार्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को नियमित खेल गतिविधियों और शारीरिक फिटनेस के लिए प्रेरित किया गया।

## सहजनवां में ससुर की हत्या की नीयत से लाठी-डंडे से हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सहजनवां थाना क्षेत्र में 30 अगस्त की रात करीब 10 बजे वादिनी के ससुर पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले में वादिनी की तहरीर के आधार पर सहजनवां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष सहजनवां संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। उपनिरीक्षक आदर्श पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने मुकदमे में वांछित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झीनक उर्फ आलोक पुत्र जोखन, निवासी कुसम्हां खुर्द, थाना सहजनवां, गोरखपुर तथा गुड्डू पुत्र घनश्याम, निवासी बरतनिया, थाना लालगंज, जनपद बस्ती के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ सहजनवां थाने में मु0अ0सं0 460/2026, धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक आदर्श पाण्डेय, हेड कांस्टेबल अनुराग सिंह और आरक्षी अनुज यादव शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वांछित आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ट्रांसफार्मर जलने से चार दिन से अंधेरे में कूड़ा भरत के ग्रामीण

**जे ई उनवल को नही जानकारी कब तक लगेगा ट्रांसफार्मर**

**खजनी गोरखपुर।** खजनी तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा कूड़ा भरत में चार दिन पहले आकाशीय बिजली गिरने से जला ट्रांसफार्मर अब तक नहीं बदला जा सका है। इससे गांव के एक हिस्से में चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों को रात में अंधेरे के साथ ही रोजमर्रा के कामों में भी भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों अनिल, शंकर, कैलाश शर्मा, गणेश, शिवनारायण, लालचंद और भजन आदि ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से गांव के कई ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ गए थे। इनमें एक ट्रांसफार्मर जल गया और दूसरा खराब हो गया। बिजली कर्मियों ने दूसरे दिन एक ट्रांसफार्मर ठीक कर दिया, लेकिन जला ट्रांसफार्मर अब तक नहीं बदला गया। ग्रामीणों का कहना है कि लाइनमैन और जेई से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या जस की तस है। जेई उनवल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर गोरखपुर स्टोर से आता है। इसकी सूचना स्टोर को दे दी गई है। ट्रांसफार्मर कब तक मिलेगा, इसकी अभी सटीक जानकारी नहीं है।

# इंद्रदेव यादव समाजवाद के सजग प्रहरी रहे: विनय शंकर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार/गोरखपुर।** विषम परीस्थितियों में भी जिसने समाजवाद के झंडे को बुलंद करने का काम किया।ऐसे शख्स का नाम इंद्रदेव यादव था,जिन्होंनो टूटी सायकिल से गांव-गांव घूमकर लोगो के दिलों में लोहिया के विचाधारा को भरने एवं जगाने का काम किया।ऐसे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति को उनके पुण्यतिथि पर हम नमन करते है। उक्त बातें चिल्लूपार के पूर्व विधायक पंडित विनय शकर तिवारी ने समाजवादी नेता एवं चिलवां गांव निवासी स्व.इंद्रदेव यादव की उनके आवास पर आयोजित 10 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।आगे उन्होनो कहा कि सही मायनों में वे समाजवाद के सजग एवं प्रखर प्रहरी थे। इस लिये उनके लिये सच्ची श्रद्धाजंलि तब होगी जब हम 2027 में यूपी में अखिलेश यादव




को मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विशिष्ठ अतिथि एवं जिला उपाध्यक्ष तथा चिल्लूपार के प्रभारी मिर्जा कदीर बेग ने कहा कि जिस विचार धारा के स्व.इंद्रदेव यादव थे।उनसे ओतप्रोत होकर हमे भी दिलों जान से लगकर यूपी में सपा की सरकार बनानी होगी।यही उनके लिये सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव सपा अवधेश यादव, रामनिरंजन यादव, राजेश कुमार अजय कन्नौजिया , रविन्द्र यादव रमाशंकर यादव, रामप्रसाद शर्मा, भोला यादव श्रीकांत यादव आदि लोगो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन चिल्लूपार विधान सभा अध्यक्ष अमरजीत यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा क्षेत्र की गरीब,असहाय एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी तथा समाजवादी साथियों को अंगवस्त्र देकर समान्नित किया गया। अंत मे कार्यक्रम के आयोजक एवं विधान सभा चिल्लूपार के सपा उपाध्यक्ष अरुण यादव और अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में आये हुये सभी समाजवादियों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाज सेवी दुर्गेश मदन यादव, छोटेलाल यादव, विशाल सिंह रावत, बैजनाथ यादव, देव कुमार, पवन यादव, पूर्व राजेश यादव, अमरनाथ, छोटेलाल, प्रदीप, प्रमोद, मुन्ना, राकेश, हीरालाल कन्नौजिया, सुभाष गौंड आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर में हाईवे पर 162 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया। वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 162 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### राजकीय पशु चिकित्सालय बना तालाब भरा गंदा पानी



**बरेली/** क्यों लड़िया में बना राजकीय पशु चिकित्सालय के प्रांगण में गंदा पानी भरा है जिसके कारण वहां पर बैठना तो बड़ी बात है वहां पर रुका भी नहीं जा रहा है इस प्रांगण में नहर विभाग ने गंदा पानी घूम कर खोल दिया है जिसके कारण अस्पताल नरक बन गया है। कभी यहां पर रौनक थी आज यहां पर बादल स्थिति जिस पर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं यहां पर झाड़ियां भी उगी है जिनकी साफ सफाई के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है जिसके कारण यह अस्पताल अब अस्पताल नहीं बल्कि एक तालाब रह गया है यहां पर खड़ी यूकेलिप्टस के पेड़ भी भी बेचे जा चुके हैं। फिर भी अस्पताल में गंदा पानी भरा है जिसके कारण वहां पर कोई जाना भी उचित नहीं समझ रहा है यहां के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो बताया गया विभाग को इसकी सूचना भेज दी गई है परंतु वहां से कोई भी कार्यवाही की अनुमति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है जिसके कारण अस्पताल की स्थिति स्थिति में है।

### मुर्गी दाना से लोड ट्रक पलटा, कंडक्टर घायल

**कोंच(जालौन)-** इंदौर से लखनऊ जा रहा मुर्गी दाना से लोड ट्रक झांसी-कानपुर राजमार्ग पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा कोंच सर्किल के थाना एट क्षेत्र के ग्राम पिरौना के समीप सोमवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक के पलटने से उसमें सवार कंडक्टर घायल हो गया जबकि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, निजाम (38) पुत्र एहसान निवासी कुम्हरार थाना मोंठ जिला झांसी ट्रक में कंडक्टर के रूप में सवार था। ट्रक इंदौर से मुर्गी दाना लेकर लखनऊ की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक ग्राम पिरौना के समीप पहुंचा तभी अचानक चालक ट्रक की स्टेयरिंग पर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल कंडक्टर निजाम को उपचार के लिए सीएचसी कोंच में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# जीटी रोड पर शव रखकर बवाल काटने, व तोड़फोड़ करने वाले सात अभियुक्त गिरफ्तार

## पुलिस पर जानलेवा हमला और तोड़फोड़ के मामले में पांच पुरुष व दो महिलाएं पकड़ी गईं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की मौत हो जाने के बाद उसके परिजनों और ग्रामीणों ने उकसावे में आकर राष्ट्रीय राजमार्ग (जी.टी. रोड) जाम कर पुलिस बल पर जानलेवा हमला व उपद्रव करने वाले 23 नामजद तथा 30-40 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध संगीत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर सात नामजदों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दिनांक 30.08.2026 को समय करीब 17:15 बजे सूचना प्राप्त हुई कि थाना महाराजपुर क्षेत्र की मृतिका माला (पुत्री राजेश निषाद) के पोस्टमार्टम के उपरांत परिजन व ग्रामीण शव को दाह संस्कार के लिए ले जा रहे थे। रास्ते में असामाजिक तत्वों के उकसावे में आकर 50-60 लोगों की भीड़ ने एम्बुलेंस चालक से अभद्रता व तोड़फोड़ की और शव को राष्ट्रीय राजमार्ग (कानपुर - प्रयागराज जी.टी. रोड, हवा महल ढाबा के सामने) पर रखकर दोनों तरफ का यातायात बाधित कर दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक चकेरी व प्रभारी निरीक्षक महाराजपुर मय पुलिस बल के मौके पर पहुँचे। पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनों व ग्रामीणों को लगभग 2 घंटे तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ उग्र बनी रही। बातचीत के दौरान उग्र भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने लाठी-डंडे, लोहे की सरिया व ईंट-पत्थर से पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक चकेरी के सिर व चौकी इंचार्ज अहिरवाँ व प्रभारी निरीक्षक महराजपुर को गम्भीर चोटे आयी । वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुँच कर स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित किया गया और शव को दाह संस्कार के लिए भिजवाया गया। आज दिनांक 31.08.2026 को उक्त मामले की मौके पर की गयी वीडियोग्राफी तथा स्थानीय पूछताछ के आधार अभियुक्तों की पहचान कर मुकदमे में वांछित अभियुक्तो को तलाश की जा रही थी कि पुलिस टीम जब एयरपोर्ट कट की ओर पहुंची तो सूचना मिली कि कल हाईवे जाम व पुलिस पर हमला करने वाले कुछ पुरुष व महिलाएं अलौलापुर रास्ते से होते हुए छिपकर भागने की फिराक में हैं।

उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एयरपोर्ट मोड़ के पास घेराबंदी की गई और आवश्यक बल प्रयोग कर 5 पुरुष एवं 2 महिला अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया।

# वोटर लिस्ट को लेकर सपा में बढ़ी सक्रियता, अखिलेश ने बुलाई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश के अध्यक्षों और पांचों विधानसभाओं की वोटर लिस्ट का काम देख रहे पदाधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। बैठक में वोटर लिस्ट और सोशल मीडिया को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शामिल होकर लौटे समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा कही गई सभी जरूरी बातें बताई। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि अखिलेश यादव ने साफ निर्देश दिए हैं कि फिलहाल सोशल मीडिया पर किसी के लिए कोई पोस्ट न डाली जाए और न ही किसी की पोस्ट पर अनावश्यक कमेंट किया जाए। उन्होंने खास तौर पर फॉर्म 6, 7 और 8 पर नजर रखने को कहा है। वोटर लिस्ट में किसका नाम जुड़ रहा है, किसका नाम हटाया जा रहा है और किसके नाम या पते में संशोधन हो रहा है, इसकी जानकारी ध्यान से रखने के निर्देश दिए गए हैं। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों के मुताबिक कानपुर महानगर में भी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों की वोटर लिस्ट पर विशेष ध्यान देंगे। अगर कहीं किसी योग्य मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया जाता है या वोटर लिस्ट में कोई गड़बड़ी दिखाई देती है तो इसकी जानकारी तुरंत संगठन को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस समय सभी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया की बजाय संगठन और वोटर लिस्ट के काम पर पूरा ध्यान देना है। बैठक मे महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू, गोविंद नगर से विनय गुप्ता, सीसामऊ से आसिफ क़ादरी, आर्य नगर से शिखर बाजपेई, किदवई नगर से सुधांशु मिश्रा, कैंट से करन सिंह उपस्थित रहे।

# देवहा नदी के सैलाब से अमीर नगर को बचाने के लिए की गई पिचिंग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा भदपुरा विकासखंड के सीमावर्ती ग्राम अमीर नगर में नदी के पानी से बचने वाली तबाही के कारण ग्राम अमीर नगर को बचाने के लिए बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा गांव की दिशा में पिचिंग कराई गई जिस नदी का पानी गांव को अपना निशाना ना बन सके इस नदी के कटान से गांव के दर्जनों किसान भूमि हो चुके हैं। जिसको देखते हुए बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए बाढ़ खंड बरेली के अधिशासी नीरज कुमार के नेतृत्व में उनकी टीम जिसमें सहायक अभियंता चंद्रपाल सिंह जूनियर इंजीनियर आशुतोष शर्मा भूपेंद्र सिंह ने अपना अहम योगदान देते हुए किस गांव को नदी के कर से बचने के लिए गांव की दिशा में पिचिंग कराई गई जिस गांव को नदी अपना निशाना न बन सके क्योंकि कई बार प्रशासन को नदी में बाढ़ आने पर सुरक्षित स्थान पर रहने की चेतावनी दी गई थी। जिसके मध्य नजर गांव बढ़ाने के लिए नीरज कुमार चंद्रपाल सिंह आशुतोष शर्मा दिन रात नजर जुटाए हुए हैं जिसके तहत भाई गांव में दिन-रात डेरा डाल रहे हैं फील्ड फाइटिंग के कार्य को गांव को सुरक्षित रखा जा सके इसके लिए वह पूरी तरह संकल्पहै।

### एलोपैथिक से ज्यादा भरोसा होम्योपैथिक पर कर रहे रोगी



**बरेली/**एलोपैथिक दवाइयां से अब लोगों का मोह भंग होता जा रहा है इसके मुकाबले होम्योपैथिक में अधिक भरोसा देखने को मिला है यह नजारा क्यों लड़िया में स्थित होम्योपैथिक अस्पताल में सामने आया यहां की भीड़ देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है की एलोपैथ से ज्यादा रोगियों को अब होम्योपैथिक दवाई पर भरोसा हो रहा है । इस बाबत अफजाल अहमद से बात की गई तो बताया गैस की दवाई एलोपैथिक खाने के बाद होम्योपैथिक में अधिक लाभ मिला है इसी तरह बाबू बक्स हरि ओम गंगवार आदि ने ने बताया यहां की चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर किरण गौतम के अनुसार 60 से 80 मैरिज प्रतिदिन आते हैं सबसे अधिक मरीज इस समय बुखार खांसी आदि के आ रहे हैं उनको भी एहसास हो रहा है कि लोग अब होम्योपैथिक की तरफ वापस लौट रहे हैं क्योंकि होम्योपैथिक ऐसी पैथी है जिसमें बीमारी का जड़ से खत्म करने का प्रावधान है।

# डीएम ने नागरिक सुरक्षा कोर के 85 आरक्षकों को वितरित किए पहचान पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयंसेवकों एवं आरक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नागरिक सुरक्षा कोर के 85 नागरिक आरक्षकों को उनके अधिकृत पहचान पत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी आरक्षकों से निःस्वार्थ भाव से सेवा करने, जन सुरक्षा को प्राथमिकता देने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नागरिक सुरक्षा कोर का विस्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 के संशोधन के बाद आपदा प्रबंधन को भी नागरिक सुरक्षा कोर के वैधानिक कार्यों में शामिल किया गया है। ऐसे में आपदा एवं आकस्मिक परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा कोर की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा कोर में सक्रिय भागीदारी के लिए 60 वर्ष तक की आयु वाले सदस्यों की भर्ती को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही समाज के सभी वर्गों को संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से महिलाओं एवं युवाओं को भी प्रभावी प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया जाएगा।

**निःस्वार्थ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म**

जिलाधिकारी ने नागरिक आरक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शांति काल में नागरिकों की सुरक्षा और समाज की निःस्वार्थ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। नागरिक सुरक्षा कोर महज एक औपचारिक पद नहीं, बल्कि देशप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की जीवंत मिसाल है।उन्होंने कहा कि आपदा हो, मेला-त्योहार हो अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था से जुड़ी परिस्थितियां, नागरिक सुरक्षा कोर की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रहती है। सभी आरक्षक अपनी ऊर्जा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति की सुरक्षा में योगदान दें तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें। जिलाधिकारी ने नागरिक आरक्षकों से अनुशासन बनाए रखने और अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयंसेवक प्रशासन और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

**85 आरक्षकों ने लिया सेवा का संकल्प**

कार्यक्रम के अंत में सभी 85 नागरिक आरक्षकों ने उत्साहपूर्वक क्षेत्र में सुरक्षा, अनुशासन एवं निःस्वार्थ सेवा की भावना बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने आपदा, सामाजिक आयोजनों एवं अन्य आवश्यक परिस्थितियों में प्रशासन का सहयोग करने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया।

# संघर्ष से स्वावलंबन की ओर बढ़ीं हेमलता रावत, बनीं महिलाओं के लिए प्रेरणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जनपद के विकासखंड टूण्डला के ग्राम बसई निवासी हेमलता रावत की संघर्ष और सफलता की कहानी इसका प्रेरणादायी उदाहरण है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने हुनर एवं मेहनत के बल पर न केवल अपने परिवार को संभाला, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी मिसाल कायम की। हेमलता रावत के जीवन में वर्ष 2022 में उस समय बड़ा संकट आया, जब उनके पति मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अचानक लापता हो गए। दो मासूम बेटियों के पालन-पोषण और उनकी पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी हेमलता के कंधों पर आ गई। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार मानने के बजाय अपनी बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखा।

**स्वयं सहायता समूह से मिली नई राह**

हेमलता वर्ष 2020 में राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं और 'जय बजरंगबली स्वयं सहायता समूह' की सदस्य बनीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक सहायता भी मिली। समूह से 20 हजार रुपये का ऋण लेकर उन्होंने गांव में ही 20 अक्टूबर 2021 को कॉस्मेटिक की छोटी दुकान शुरू की। इसके बाद आरसेटी के माध्यम से ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपनी दुकान का विस्तार करते हुए उसे कॉस्मेटिक एवं ब्यूटी पार्लर के रूप में विकसित किया।

**15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह की आय**

हेमलता आज अपनी दुकान संचालित करने के साथ ही समूह सखी के रूप में भी कार्य कर रही हैं। इससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 15 से 20 हजार रुपये की सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है। इसी आय के माध्यम से वह अपनी दोनों बेटियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रही हैं। हेमलता ने अपनी सफलता को केवल स्वयं तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रयासों से समूह की आठ महिलाओं को बैंक सखी एवं बीसी-सखी सहित विभिन्न रोजगारपरक अवसर प्राप्त हुए हैं।

**सरकारी योजनाओं को बताया**

**बदलाव का माध्यम**

हेमलता अपनी सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व तथा एनआरएलएम टीम के सहयोग को देती हैं। उनका कहना है कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को घर से बाहर निकलकर अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनने के साथ-साथ आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी मिला। जिलाधिकारी एवं एनआरएलएम टीम के सहयोग से आज वह आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। हेमलता रावत का संघर्ष, आत्मविश्वास और सफलता का सफर जनपद की अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि विपरीत परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और सही अवसर के साथ आत्मनिर्भरता की राह तैयार की जा सकती है।

# सड़क पर जानवर आने से गिरी बाइक सवार छात्रा, घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** सड़क पर अचानक आवारा जानवर के सामने आ जाने से बाइक सवार 21 वर्षीय छात्रा अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उसे एंबुलेंस के जरिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, दीक्षा (21) पुत्री राघवेंद्र निवासी गांधीनगर, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास कोंच के अशोक शुक्ला महाविद्यालय में एमएससी की छात्रा है। बताया गया कि रक्षाबंधन के अवसर पर उसकी कोई सहेली अपने घर आई हुई थी और दीक्षा उससे मिलने के लिए सोमवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे अकेली ही बाइक से एट जा रही थी। जैसे ही वह ग्राम अंडा के समीप पहुंची तभी अचानक एक आवारा जानवर सड़क पर सामने आ गया। जानवर को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने घायल घायल दीक्षा को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। लोगों का कहना है कि सड़कों पर आवारा जानवरों की मौजूदगी आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही है जिन पर अंकुश लगाया जाना जनहित में बेहद जरूरी है।

# अधिकारियों का साथ सफलता का मार्ग, श्रृंखला के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने छात्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद-** ''अधिकारियों का साथ सफलता का मार्ग'', कार्यक्रम की श्रृंखला के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने बी0डी0एम0 कन्या इंटर कॉलेज शिकोहाबाद पहुंचकर, छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया इस कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से 150 छात्राऐ उपस्थित रहीं, जबकि ऑनलाइन माध्यम से 4800 से अधिक छात्र-छात्राएं जुड़ी। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस उम्र में भटकाव से बचना बेहद जरूरी है, जो बच्चे खुद को भटकाव से बचा लेते हैं, वही प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं, उन्होंने सभी को अपनी ऊर्जा का सदैव सकारात्मक दिशा में उपयोग करने की भी सलाह दी। पढ़ाई के प्रभावी तरीकों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ी हुई चीजों को हमेशा दोहराते रहे, जिससे वह आपके जहन में से उतरने न पाए। वर्तमान डिजिटल युग पर प्रकाश डालते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का युग है, इसलिए ज्यादा समय सोशल मीडीया पर न बिताकर अपने पठन-पाठन पर ध्यान दें, केवल अच्छी चीजों को पढ़े, जो लक्ष्य के प्राप्ति में सहायक हो, उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जीवन में कभी निराश न हो और असफलता से कभी न घबराए, क्योंकि असफलता से होकर ही सफलता का रास्ता तय होता है, उन्होंने सफलता के मूल मंत्र को रेखांकित करते हुए कहा कि अनुशासन, इमानदारी, और कठोर परिश्रम किसी भी व्यक्ति को सफलता की सीढ़ियों तक पहुंचा सकता है। आज जो भी व्यक्ति जीवन में सफल हैं, उनके पीछे का मुख्य कारण कठोर अनुशासन और ईमानदारी से किया गया परिश्रम है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद भी किया, जहां पर बच्चों ने अपने जीवन के उद्देश्य और सपनों को साझा किया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उनका सही मार्गदर्शन करते हुए सफलता के उपाय बताए, इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे उपस्थित रहीं।

# ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच (एफ0एल0सी0) हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद -** आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 चुनाव के दृष्टिगत ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच (एफ0 एल0 सी0) प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटि रहित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफ0एल0सी0 की संपूर्ण कार्य प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी साझा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एफ0एल0सी0 प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक मशीन (वैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट) की गहनता से जांच की जाएगी, एक मशीन की जांच में लगभग 25 से 30 मिनट का समय निर्धारित है, जांच के उपरांत जो मशीने पूर्णतः सही पाई जाएगी, उन पर ''एफ0एल0सी0 ओ0के0'' का ग्रीन स्टीकर लगाया जाएगा और उन्हें अलग सुरक्षित रखा जाएगा, जो मशीन खराबी के कारण सही नहीं पाई जाएगी, उन पर रेड स्टिकर लगाकर सम्बन्धित निर्माता कंपनी को वापस भेज दिया जाएगा। एफ0 एल0 सी0 प्रक्रिया की पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हॉल एवं परिसर में सी0 सी0 टी0 वी0 कैमरे लगाए गए हैं, भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 24ग7 लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। एफ0 एल0 सी0 स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे, परिसर के भीतर मोबाइल कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, गैजेट आदि ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिलाधिकारी ने अपील की कि वह अपने अधिकृत प्रतिनिधियों की सूची तत्काल उपलब्ध करा दें, परिसर में सुचारू प्रबंधन हेतु एक समय में प्रत्येक राजनैतिक दल का एक ही अधिकृत प्रतिनिधि हॉल के अंदर उपस्थित रह सकेगा। प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि एफ0एल0सी0 के दौरान अपनी उपस्थिति में मशीनों का मॉकपोल कराकर प्रक्रिया की शुद्धता की जांच स्वयं कर सकते हैं। अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एफ0एल0सी0 का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है, कि मतदान के दिन कोई भी मशीन खराब न हो, जिससे मतदान प्रक्रिया में कोई बाधा या शिकायत उत्पन्न न हो, एफएलसी की यह प्रक्रिया दिनांक 2 सितंबर से प्रातः 9 से सायं 7 बजे तक की जाएगी। बैठक के दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम, अंकित वर्मा, जिला कृषि अधिकारी सुमित चौहान आदि उपस्थित रहें।

# महुगड़ी में जंगली हाथी का आतंक, खेतों में रौंदी फसलें

## वन विभाग की टीम रेस्क्यू में जुटी, ग्रामीणों में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, मीरजापुर।** थाना ड्रमंडगंज क्षेत्र के महुगड़ी गांव में जंगली हाथी दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय लोगों द्वारा जंगली हाथी की मौजूदगी की सूचना वन विभाग को दिए जाने के बाद विभाग की टीम तत्काल सक्रिय हो गई और हाथी की निगरानी के साथ रेस्क्यू अभियान में जुट गई। बताया जा रहा है कि जंगली हाथी के क्षेत्र में पहुंचने से कई किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में हाथी के पैरों के निशान सुबह से ही दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार जंगली हाथी ने खेतों में घुसकर धान, मक्का और बाजरा सहित अन्य फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया। हाथी के आने-जाने के दौरान खेतों में लगे पिलरों को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि किसान सुजीत कुमार और राजेश कुमार की फसल को भी काफी क्षति हुई है। सुबह खेतों में पहुंचने पर किसानों ने जगह-जगह हाथी के बड़े-बड़े पैरों के निशान देखे, जिसके बाद पूरे इलाके में जंगली हाथी के होने की सूचना तेजी से फैल गई।

मामले को लेकर रेंजर रवि शर्मा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार मौके पर लगी हुई है और हाथी की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जंगली हाथी जिस दिशा से क्षेत्र में आया था, उसी दिशा की ओर वापस जाता दिखाई दिया है। बावजूद इसके किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए वन विभाग की टीम पूरी सतर्कता के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए है। वन विभाग के अधिकारी ग्रामीणों को लगातार सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं और लोगों से अपील की जा रही है कि जंगली हाथी के नजदीक जाने या उसे देखने के लिए भीड़ न लगाएं। टीम द्वारा हाथी की लोकेशन और उसके आने-जाने के रास्ते पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं फसलों के नुकसान को लेकर प्रभावित किसानों में चिंता बनी हुई है और ग्रामीणों ने प्रशासन व वन विभाग से नुकसान का आंकलन कर उचित कार्रवाई की मांग की है। महुगड़ी क्षेत्र में जंगली हाथी की मौजूदगी ने जहां ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है, वहीं वन विभाग की टीम रेंजर रवि शर्मा के नेतृत्व में लगातार सुरक्षा और निगरानी अभियान में जुटी हुई है। खेतों में दिखाई दे रहे हाथी के पैरों के निशान और रौंदी गई फसलें उसके क्षेत्र में होने की गवाही दे रही हैं। फिलहाल वन विभाग की टीम हाथी को सुरक्षित तरीके से उसके जंगल वाले क्षेत्र की ओर वापस भेजने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटी हुई है।

# सवारियों को ले जा रही बस अनियंत्रित होकर पलटी



**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के बंजारी कलां से प्रयागराज सवारियों को लेकर जा रही बस सोमवार दोपहर रतेह गांव स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे जिसमें एक दर्जन से अधिक यात्री हो गए। वहीं बस में सवार यात्रियों का आरोप है कि बस चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था। जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई नशे में धुत चालक ने सवारियों की जान को जोखिम में डाल दिया।बस में सवार यात्री ड्रमंडगंज, कोरांव,मेजा और प्रयागराज जाने के लिए बैठे हुए थे।बस में सवार 28 वर्षीया प्रीतू पुत्री रोशन निवासी मड़वा धनावल, 30 वर्षीया करिश्मा पत्नी अशोक निवासी मड़वा धनावल, 14 वर्षीया साध्वी पुत्री शिवराम त्रिपाठी,35 वर्षीया सुमन पत्नी शिवराम त्रिपाठी निवासी हनुमना मध्यप्रदेश, 35 वर्षीय जय प्रकाश तिवारी 28 वर्षीय आशीष तिवारी निवासी बबुरा रघुनाथ सिंह 28 वर्षीय अशोक निवासी बंजारी कलां,25 वर्षीया ललिता,36 वर्षीया गुलाब कली निवासी बंजारी कलां,28 वर्षीया प्रतिमा देवी निवासी महेशपुर,26 वर्षीया प्रतिभा निवासी बेलवनिया प्रयागराज,24 वर्षीय रंजीत,22 वर्षीया चंदा देवी निवासी गड़बड़ा गोकुल,26 वर्षीया पूजा पाल निवासी बंजारी कलां,32 वर्षीय अरविंद कुमार निवासी पवांरी कलां व 25 वर्षीया ज्योति निवासी मड़वा धनावल घायल हो गई। बस पलटने की सूचना पर पहुंचे घायलों के परिजन आनन फानन में उपचार हेतु रतेह चौराहा व ड्रमंडगंज स्थित निजी क्लीनिक पर ले गए। वहीं घायल अशोक तिवारी के दाएं पैर में गंभीर चोट को देखते हुए स्वजन निजी साधन से मंडलीय चिकित्सालय मीरजापुर ले गए।सभी घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।ग्रामीणों की सूचना के आधे घंटे बाद स्थानीय पुलिस के पहुंचने पर बस में सवार यात्रियों और ग्रामीणों में आक्रोश रहा। ग्रामीणों का आरोप था कि घटना स्थल से महज डेढ़ किलोमीटर दूर थाना स्थित है। पुलिस के देर से आने पर बस चालक रामविलास भागने में सफल रहा।बस में सवार महिला यात्री ज्योति ने बताया कि बस चालक ने शराब पी रखी थी और बस को लहराते हुए चला रहा था बस पलटने से सिर में चोट लगी है। वहीं बस में सवार अन्य यात्रियों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

## थाना जिगना पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं इनामिया/पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना जिगना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-91/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक:31.08.2026 को उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर कुशहा तिराहे के पास से नामजद/वांछित अभियुक्त दूधनाथ सिंह उर्फ उदय बहादुर सिंह पुत्र स्व0दानपाल सिंह निवासी गौरा थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिया का ऐतिहासिक कजरी का मेला हुआ संपन्न

**भदोही सुरियावा।** दिनांक 31 अगस्त 2026 सोमवार को ऐतिहासिक कजरी का मेला संपन्न हुआ मेले में काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाओं कजली गीत का गायन करते हुए जराई माता को तालाब में बोरने एवं हांडी फोड़ने की प्रथा बहुत पहले से चली जा रही है इसके बाद लोगों द्वारा मेले का लुफ्त उठाया जाता है लोगों द्वारा तरह-तरह की खरीदारी गयी बच्चों द्वारा खिलौने चाट एवं मिठाइयां का जमकर लुत्फ उठाया गया सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तादी के साथ चक्रमण करते देखा हुए नजर आए।

### कुपोषण मुक्त भदोही के लक्ष्य को लेकर डीएम ने की पोषण समिति की समीक्षा



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण एवं जिला कन्वर्जेन्स समिति की बैठक हुई। इसमें पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की समीक्षा के दौरान डीएम ने पूर्ण हो चुके भवनों में शीघ्र विद्युत संयोजन कराने को कहा। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती बच्चों व उनके अभिभावकों को पौष्टिक, स्वच्छ एवं मानक के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हॉट कुक्ड मील योजना की समीक्षा में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को गुणवत्तायुक्त एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराने तथा उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को लेकर किसी भी स्तर से शिकायत नहीं आनी चाहिए। सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों की समीक्षा करते हुए उन्होंने नियमित वजन कराने तथा जरूरत के अनुसार बच्चों को एनआरसी से जोड़कर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समय से लाभ दिलाने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आयोजित हुआ रक्षाबंधन महापर्व



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगर में स्थित रामलीला भवन में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई द्वारा रक्षाबंधन का पर्व अमृत वचन एवं सुभाषित वचन के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि नगर के प्रमुख व्यवसायी संजय साहू रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता जिला संघ चालक गौतम जी ने अपने उद्बबोधन में कहा कि राष्ट्र मजबूत हो इसके लिए हम सबको संगठित होकर रहने की जरूरत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति और व्यक्तित्व दोनों का विकास करता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बाँधने का ही नही बल्कि ऊँच नीच के भेदभाव को मिटाने का भी यह पर्व है। उन्होंने कहा कि कई शताब्दियों पूर्व से इस पर्व की परंपरा रही है। उपस्थित संघ के कार्यकर्ताओं एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को श्रीराधाकृष्ण वनवासी छात्रावास रामबाग चुनार की छात्राओं एवं प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। कार्यक्रम में नगर संघ चालक गोबिंद जी, नगर प्रचारक अजय जी, नगर सह कार्यवाह धीरज जी, नगर संपर्क प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, मुख्य शिक्षक हिमांशु प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, अमित गुप्ता, पवन जायसवाल, चन्द्रहास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर गांव के गौशाला का निरीक्षण किया

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर रविवार को विकास खण्ड छानबे क्षेत्र के नीबी गहरवार गांव के गौशाला का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार गरीमा यादव ने नाराजगी व्यक्त की। सर्व प्रथम गांव के गौशाला में पशुओं के सापेक्ष मानक के अनुसार भुसा व पशु आहार कम रहा। गौशाला में दर्ज पशुओं की संख्या के सापेक्ष गिनती कराने पर कम पाया गया।

257 से कम पाया गया। कानून गो गैपुरा संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि 212 पशुओं की गणना के बाद टैग लगाने के कारण पशु तितर बितर होने लगे। वही पशुधन प्रसार अधिकारी शेन सिंह ने बताया का पशुओं की संख्या 260 के आस पास है छोटे बच्चों का टैग नहीं किया जाता। पर्याप्त मात्रा में भूसा और पशु आहार मौजूद हैं। नायब तहसीलदार ने बगैर टैग के पशुओं को देख नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल टैगिंग के निर्देश दिए। तत्पश्चात पशु चिकित्सक सेन सिंह द्वारा 11 पशुओं का टैगिंग किया गया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में पावर राइडर्स व यूपी योद्धा बने विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में सोमवार को आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल,अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मीरजापुर की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक तथा क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव रही।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. माधवी शुक्ला ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेलकूद को भी विशेष महत्व दे रहा है।उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व,आत्मविश्वास,सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ उनके व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का संदेश दिया।बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में पावर राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया,जबकि थंडर टाइटन्स उपविजेता रही।बालिका वर्ग में यूपी योद्धा ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए पावर पैंथर्स को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। दोनों वर्गों के मुकाबले रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने फुर्ती, रणनीतिक कौशल एवं उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय दिया।मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता में मेडिया मिनी स्टेडियम के रवीश कुमार एवं रजत कुमार ने रेफरी तथा डॉ. सत्येंद्र कुमार ने स्कोरर की भूमिका निभाई। संयोजक एवं खेल प्रभारी डॉ. अरविन्द कुमार ने सफल आयोजन के लिए अतिथियों, निर्णायकों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ चन्दन साहू, डॉ भास्कर द्विवेदी,डॉ दीप नारायण, डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ दीपक कुमार सिंह,डॉ शिव कुमार, डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ गुरु प्रसाद, डॉ अमित यादव, डॉ स्मिता, डॉ शिखा तिवारी,डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ विद्या सिंह, धर्मचन्द्र, रामानंद पुजारी, धर्मेन्द्र सिंह, कमलेश शुक्ला, रामकेश सोनकर, जे पी सिंह, कुर्बान, पारस सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# मेहनत की उड़ान ने रचा इतिहास, ग्राम पंचायत अधिकारी बनीं प्राची सिंह

## सफाई कर्मचारी संघ ने फूल-माला, मिठाई और रानी लक्ष्मीबाई की तस्वीर भेंट कर किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** हालात चाहे कितने भी विपरीत क्यों न हों, यदि हौसले बुलंद हों और मेहनत के साथ लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएं तो सफलता निश्चित मिलती है। इसी बात को विकासखंड बेलसर के ग्राम पंचायत गंगरौली निवासी स्वर्गीय संजय सिंह की बेटी प्राची सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से साबित कर दिखाया है। पिता की छाया के बिना अभावों में पली-बढ़ी प्राची ने कठिन परिश्रम के बल पर ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि क्षेत्र की बेटियों के लिए भी मिसाल कायम की है। प्राची सिंह की इस उपलब्धि पर पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारी प्राची सिंह के आवास पहुंचे और उन्हें फूल-माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा रानी लक्ष्मीबाई की तस्वीर और गमछा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि प्राची सिंह की सफलता यह साबित करती है कि परिस्थितियां कभी भी प्रतिभा और मेहनत के रास्ते की स्थायी बाधा नहीं बन सकतीं। उन्होंने कहा, 'प्राची ने साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और मेहनत हो तो अभावों के बीच भी बड़ी से बड़ी मंजिल हासिल की जा सकती है। उनकी सफलता उन सभी बच्चों और बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के कारण अपने बड़े सपनों को छोटा समझने लगते हैं।' उन्होंने कहा कि प्राची की उपलब्धि केवल उनके परिवार की सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने संघ की ओर से आश्वासन दिया कि भविष्य में यदि किसी जरूरतमंद कर्मचारी के बच्चे को शिक्षा के लिए सहयोग की आवश्यकता होगी तो संघ अपनी क्षमता के अनुसार हरसंभव मदद करेगा। प्राची सिंह के चयन पर परिजनों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधान रोहित सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष लोकनाथ शुक्ला, रघुनाथ मौर्य, रामकरन वर्मा, वरिष्ठ कर्मचारी नेता जुबेर अहमद, महेश चौरसिया, अनिल कुमार ओझा, वैभव राज मिश्रा, विवेक तिवारी सहित संघ के दर्जनों पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय के मातृ शोक पर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे गणमान्य लोग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** सीखड़ विकास खण्ड अंतर्गत पिपराही ग्राम पंचायत निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष, सीखड़ एवं जिला कार्यसमिति सदस्य प्रमोद कुमार पाण्डेय की माता स्वर्गीय सावित्री देवी (83) का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान बीएचयू, वाराणसी में निधन हो गया। वह पिछले करीब दो माह से अस्वस्थ चल रही थीं।स्वर्गीय सावित्री देवी के निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मझवा विधायक शुचिस्मिता मौर्या, भदोही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शैलेंद्र दुबे, जिला सहकारी बैंक मीरजापुर के अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज, जिला महामंत्री रवि शंकर पांडेय पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्व0 माता प्रसाद दुबे पौत्र श्री हर्ष दुबे, भाजपा नेता अंकित सिंह पटेल, श्री शकाश्रम इंटर कॉलेज सीखड़ के प्रवधंक कृपा शंकर चौबे, ग्राम प्रधान भुआलपुर मनोज कुमार त्रिपाठी, विधान संस्थान के डायरेक्टर डॉ प्रत्युष त्रिपाठी, भाजपा के वरिष्ठ नेता हितेश उफ? बब्बल पांडेय , भाजपा के पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष नीरज कुमार पांडेय, सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग पिपराही स्थित प्रमोद कुमार पाण्डेय के आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त किया । तथा स्वर्गीय सावित्री देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। इस अवसर पर लोगों ने शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की तथा ईश्वर से स्वर्गीय सावित्री देवी की आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## आकाशीय बिजली गिरने से 250 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, दुर्गागंज बाजार में आज बिजली बाधित

**दुर्गागंज।** सोमवार को करीब 3:30 बजे आई तेज आकाशीय बिजली ने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। आकाशीय बिजली गिरने से दुर्गागंज बाजार में लगा 250 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। इसी ट्रांसफार्मर से बाजारवासियों और व्यापारियों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आज दुर्गागंज बाजार में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से क्षेत्र के कई स्थानों पर विद्युत पोलों पर लगे डंपर, डिस्क, इंसुलेटर और फ्यूज भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर लाइनमैनों को मौके पर भेजकर कई स्थानों पर खराब उपकरणों को दुरुस्त कराया गया। अवर अभियंता मिश्राईनपुर ब्रह्म दत्त पटेल ने बताया कि जिन स्थानों से विद्युत उपकरण खराब होने की सूचना मिली थी, वहां लाइनमैन भेजकर व्यवस्था ठीक कराई गई है। अन्य स्थानों से सूचना मिलने पर वहां भी टीम भेजकर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।

# साहब! किस पैमाने से नापी जाती है गरीबी?

## सरकारी योजनाओं से वंचित विधवा वृद्धा की दर्दनाक कहानी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

### बारिश में प्लास्टिक के नीचे गुजार रही जिंदगी

**भदोही।** सरकार गरीब और पात्र लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को घर-घर जाकर पात्रता की जानकारी जुटाने और जरूरतमंदों की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश भी दिए जाते हैं। बावजूद इसके जमीनी हकीकत कई बार सरकारी दावों की पोल खोलती नजर आती है। कहीं पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाता है तो कहीं अपात्र लोगों को योजना का लाभ मिलने की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसा ही एक दर्दनाक मामला कालीन नगरी भदोही के डीघ ब्लॉक क्षेत्र के सागररायपुर गांव से सामने आया है। यहां एक वृद्ध विधवा महिला अपने मंदबुद्धि बेटी और बेटे के साथ बेहद दयनीय परिस्थितियों में जीवन गुजारने को मजबूर है। परिवार के पास न रहने के लिए पक्का मकान है, न बिजली और न ही गैस कनेक्शन। बारिश के मौसम में प्लास्टिक डालकर किसी तरह तीनों अपना जीवन गुजार रहे हैं।

सागररायपुर निवासी नन्हकू गुप्ता की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उनकी पत्नी प्रभावती के परिवार में एक बेटी सोना और चार बेटे थे। बताया जाता है कि एक बेटे की कुछ वर्ष पहले ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी, जबकि तीन बेटों में से दो अपने परिवार के साथ भदोही में रहते हैं। गांव में प्रभावती अपनी बेटी सोना और बेटे उकेश गुप्ता के साथ रह रही हैं। प्रभावती के अनुसार सोना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसकी शादी भी हुई थी, लेकिन ससुराल पक्ष ने उसे छोड़ दिया, जिसके बाद वह अपनी मां के साथ ही रह रही है। वहीं बेटा उकेश भी कोई स्थायी काम नहीं करता। कभी-कभार मजदूरी मिलने पर काम कर लेता है। वृद्ध प्रभावती के पास रहने के लिए कोई उचित आवास नहीं है। बारिश के दिनों में वह प्लास्टिक डालकर अपने बेटे और बेटी के साथ रहने को मजबूर हैं। बारिश होने पर कपड़े, लकड़ी और ईंधन तक भीग जाते हैं, जिससे भोजन बनाने में भी परेशानी होती है। आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि महिला गांव में लोगों से मांगकर किसी तरह अपना और बच्चों का पेट पालती है।

बताया गया कि महिला को पहले विधवा पेंशन मिलती थी, लेकिन पिछले कई महीनों से पेंशन भी नहीं मिली है। गांव के कोटेदार द्वारा समय-समय पर राशन उपलब्ध करा दिए जाने से किसी तरह परिवार का जीवन चल रहा है। सरकार लगातार गरीबों, विधवाओं और जरूरतमंद परिवारों को आवास, उज्ज्वला, बिजली सहित तमाम योजनाओं का लाभ देने की बात करती है। लेकिन सागररायपुर की यह तस्वीर सवाल खड़ा करती है कि आखिर ऐसे पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ क्यों नहीं पहुंच पा रहा है?

सवाल यह भी है कि जिम्मेदार आखिर किस पैमाने से गरीबी नापते हैं? क्या सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए किसी जरूरतमंद को अपनी गरीबी साबित करने के लिए इस हद तक पहुंचना पड़ेगा कि वह बारिश में प्लास्टिक के नीचे रहने को मजबूर हो जाए? मामले में सागररायपुर की ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें महिला की ऐसी स्थिति की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से महिला के लिए कुछ व्यवस्था करने के साथ ही जिले के अधिकारियों से संपर्क कर उसे सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर वृद्ध विधवा महिला और उसके परिवार को कब तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाते हैं और क्या इस परिवार को बारिश से बचने के लिए एक सुरक्षित आशियाना मिल पाता है।

# भोरी-महजूदा में ऐतिहासिक कजरी मेले में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र के भोरी-महजूदा गांव में सोमवार को ऐतिहासिक कजरी मेले का भव्य आयोजन हुआ। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे। महिलाओं और बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की। पूरे दिन मेला क्षेत्र में चहल-पहल और उत्साह का माहौल बना रहा। कजली गायन के जरिए महिलाओं ने सदियों पुरानी अनूठी परंपरा को भी जीवंत किया। भोरी-महजूदा की कजरी अपनी अनूठी परंपरा के लिए पूर्वांचल में खास पहचान रखती है। कजरी के अवसर पर दोनों गांवों की महिलाएं कजली गायन के माध्यम से एक-दूसरे से पारंपरिक अंदाज में उलझती हैं। लोककथाओं और किंवदंतियों के अनुसार इस परंपरा की शुरुआत तेरहवीं शताब्दी में भदोही क्षेत्र में भरो के शासनकाल के दौरान हुई थी। बताया जाता है कि भरो ने अपनी राजधानी सुरियावां को बनाया था। इसी क्षेत्र में भोरी-महजूदा गांव स्थित हैं। कजरी मेले के आयोजन के कारण भोरी गांव के इस पुरवे को कजरहवा के नाम से भी जाना जाता है। कजली गायन के दौरान महिलाओं के बीच पारंपरिक नोकझोंक देखने को मिली। खास बात यह रही कि गायन में एक-दूसरे से उलझने वाली महिलाएं बाद में आपसी सौहार्द के साथ मेले का आनंद लेती नजर आईं। गायन स्थल पर पुरुषों का प्रवेश परंपरा के तहत वर्जित रहा।

सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम

मेले में सुरक्षा की दृष्टिगत व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक सुरियावां अश्वनी त्रिपाठी और चौकी प्रभारी पाली विनोद तिवारी के नेतृत्व में करीब दो दर्जन सब इंस्पेक्टर, 20 महिला कांस्टेबल समेत कुल 114 पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। पुलिस बल ने पूरे मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखी। महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में कजली गायन स्थल पर भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मेले में भारी भीड़ के बावजूद पुलिस की मुस्तैदी और ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। देर शाम तक महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों ने मेले में खरीदारी और मनोरंजन का आनंद लिया। ऐतिहासिक कजरी मेले के सफल आयोजन से गांव में उत्सव का माहौल बना रहा।

**कजली गायन से महिलाओं ने निभाई सदियों पुरानी परंपरा**

# इटवा में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**इटवा (सिद्धार्थनगर)** । नगर पंचायत प्रशासन, तहसील व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से इटवा चौराहे के पास सड़क की पटरी से किए गए अवैध कब्जे को हटाया गया। प्रशासन ने इसके लिए बुलडोजर की भी सहायता ली। प्रशासन की सख्ती के चलते बहुत सारे लोग खुद अतिक्रमण हटाते देखे गए। इटवा में अतिक्रमण चलते स्थिति ये हो गई थी कि सड़क की पटरी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ गई थी। लोग सड़क से सटाकर दुकान लगाने लगे थे। यही वजह थी कि दिन हो या रात, आए दिन जाम का झाम देखने को मिल रहा था। पिछले दिनों प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी। सोमवार को अधिशासी अधिकारी शिव कुमार, नायब तहसील बिन्द्रेश गुप्ता पुलिस बल के साथ चौराहे के पास पहुंचे, जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली भी रही। सड़क की पटरी पर निर्धारित की गई जगह के अंदर जो भी अतिक्रमण मिला, उसको हटाया जाने लगा। जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर सामग्री को ट्राली में भरा जाने लगा। अधिशासी अधिकारी शिव कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है और अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। सड़क पटरी पर सरकारी भूमि पर जो भी अतिक्रमण है, उसे हटाया जाएगा। दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अतिक्रमण खुद ही हटा लें, नहीं तो प्रशासन बल पूर्वक कब्जा हटाने का काम करेगा।

**प्रशासन की सती के चलते बहुत सारे लोग खुद अतिक्रमण हटाते देखे गए। इटवा में अतिक्रमण चलते स्थिति ये हो गई थी कि सड़क की पटरी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ गई थी। लोग सड़क से सटाकर दुकान लगाने लगे थे। यही वजह थी कि दिन हो या रात, आए दिन जाम का झाम देखने को मिल रहा था। पिछले दिनों प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी। सोमवार को अधिशासी अधिकारी शिव कुमार, नायब तहसील बिन्द्रेश गुप्ता पुलिस बल के साथ चौराहे के पास पहुंचे, जेसीबी व ट्रैटर ट्राली भी रही। सड़क की पटरी पर निर्धारित की गई जगह के अंदर जो भी अतिक्रमण मिला, उसको हटाया जाने लगा। जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर सामग्री को ट्राली में भरा जाने लगा।**

# पाठशाला पुकारे अभियान के तहत बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया गया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ क्षेत्र में बंद विद्यालय में बच्चों का नामांकन कराने के उद्देश्य से 'पाठशाला पुकारे' अभियान चलाकर शिक्षा के लिए विद्यालय में बच्चों को भेजने के लिए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने सपा कार्यकर्ताओं संग बढ़नी ब्लाक के ग्राम मोहनकोली में 56 बच्चों को पढ़ाई का किट व काफी बिस्कुट देकर उन्हें विद्यालय भेजा गया। किट में पानी पीने की बोतल, किताबें, पेंसिल, रबर और कटर आदि शामिल हैं। मणेंद मिश्रा ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर पढ़ाई का जज्बा भरना है जिससे वह शिक्षा से वंचित न होने पाएं।कहा कि मोहनकोली विद्यालय पर बच्चों की संख्या काफी कम होने लगी थी इसलिए इस गांव के अभिभावकों से घर-घर जाकर संपर्क किया गया कि बच्चों को उनका अधिकार न छीनें।माता- पिता अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें ताकि वह शिक्षा की ज्योति से पूरे भारत में विकास रूपी उजाला को बिखेर सकें। उन्होंने कहा कि जो विद्यालय बंद होने के कगार पर है उन्हें चिन्हित कर अभियान चलाकर बच्चों का नामांकन कराने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा।कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बंद हुए 26 हजार विद्यालयों को फिर से संचालित किया जाएगा। इस दौरान रामबिलास चौधरी जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा, हरिनाथ यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ, गोपाल फौजी जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, राकेश दूबे जोनल प्रभारी, अजय चौरसिया राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा, संजय यादव,रिजवान अहमद आदि उपस्थित रहें।

# बारिश में जलभराव से बढ़ी परेशानी, कानपुर रोड पर गड्ढों में फंसे वाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के कानपुर रोड पर निराला नगर मोहल्ला में होम्योपैथिक चिकित्सालय के सामने सड़क पर बने एक गड्ढे में फंसकर ई रिक्शा पलट गया इससे उसमें सवार एक महिला एक बुजुर्ग बेटी और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रफ्तार रेफर दिया कस्बे और आसपास के क्षेत्र में रविवार को हुई बारिश और बूंदाबांदी से कई जगह जलभराव हो गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भी पानी भर गया। इससे मरीजों और तीमारदारों को आवागमन में दिक्कत हुई। उधर कानपुर रोड पर बेहटा चौराहा से बृजेंद्र नगर तक सड़क की हालत खस्ताहाल है। जगह जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश का पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे थे। इससे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई। होम्योपैथिक चिकित्सालय के सामने बने बड़े गड्ढों में ई-रिक्शा और अन्य वाहन फंस गए। चालकों को काफी देर तक मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क पर जलभराव के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बृजेंद्र नगर पेट्रोल पंप से बेहटा चौराहा तक सड़क के दोनों ओर आबादी बसी है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहता है। इससे सड़क लगातार खराब हो रही है और गड्ढे बन रहे हैं। बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। लोगों ने सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराने और दोनों ओर नाला बनवाने की मांग की है। उनका कहना है कि जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था होने से सड़क को खराब होने से बचाया जा सकता है।

# सिद्धार्थनगर : बूढ़ी राप्ती नदी में युवक की तलाश जारी, हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** जिले के ढ़ेबरुआ थाना क्षेत्र के बूढ़ी रासी नदी के मुँहचुरवा घाट से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। ग्राम कपिया निवासी हरिश्चंद्र पुत्र रामगुलाम के अचानक गायब होने से परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मचा है। तलाश के दौरान घाट के पास युवक का मोबाइल, निजी सामान और खून के छींटे मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। लापता युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को भी लगाया गया है। नदी में लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस और बचाव दल नदी और उसके आसपास के इलाकों में हरिश्चंद्र की तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। परिजनों की ओर से हत्या की आशंका जताई गई है, लेकिन इसकी अभी पुलिस स्तर से पुष्टि नहीं हुई है। युवक के मिलने और जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों के मुताबिक, हरिश्चंद्र रात करीब 11 बजे अपने टैम्पू से बढ़नी जाने के लिए घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान मुँहचुरवा घाट के पास उसके कुछ निजी सामान, मोबाइल फोन और खून के छींटे मिले। सामान और खून के निशान मिलने के बाद परिजनों ने युवक के साथ अनहोनी की आशंका जताई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद तीन थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया की लापता युवक की तलाश जारी है।

# मेजर ध्यानचंद खेल दिवस के अवसर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला खेल कार्यालय एवं जिला प्रशासन प्रतापगढ़ के समन्वय से राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय प्रतियोगिताओ के समापन समारोह के अवसर पर सोमवार को जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता परिणाम में बालक वर्ग में 100 मी. दौड़ में आलोक कुमार, मो. जैद, व अभिजीत सरोज,200 मी. दौड़ में आलोक कुमार, हंसदीप,मुहम्मद,400 मी. दौड़ में रिजवान, अभिषेक सरोज व मो. जैद एवं 800 मी. दौड़ में रिजवान, हंसदीप विश्वकर्मा, व मो. ताबीश विजई रहे।लम्बी कूद में नितिन मौर्या, अभय ठाकुर व साहिल अली एवं 1500 मी. दौड़ में अभिषेक, युहुद व आर्य गुप्ता विजई घोषित किए गए।बालिका वर्ग में 100 मी. दौड़ में रिया सरोज,200 मी. दौड़ में रिया सरोज,400 मी. दौड़ में सिमरन गौतम,800 मी. दौड़ में प्रियंका सरोज,लम्बी कूद में रितु सरोज,1500 मी. दौड़ में अनन्या वारी को प्रथम घोषित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रवक्ता और जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला ने सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए जीवन में खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश,तलवारबाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह उर्फ बेटू,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना ,जिला हैंडबॉल संघ के सचिव अखिलेश सिंह सहित बहुत सारे गणमान्य व्यक्ति और खेल प्रेमी मौजूद रहे समापन समारोह का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया अंत में उप क्रीड़ाधिकारी श्री रंजीत यादव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिला कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न, संगठनात्मक कार्यक्रमों की बनी रणनीति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी, प्रतापगढ़ की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, अंबेडकर चौराहा, प्रतापगढ़ पर जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सड़वा चंडिका के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय जवाहरलाल गुप्ता की पुण्यतिथि पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धान्जलि अर्पित की गई।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली स्थल पर भाजपा-आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कथित घृणित और जातिवादी 'शुद्धिकरण' के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा आवाज उठाने के बाद उनके खिलाफ शिकायत दर्ज किया जाना सरकार की तानाशाही है द्य जिसका समय आने पर जवाब दिया जाएगा द्य

जिला महासचिव व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पट्टी सुनीता सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता के सहयोग और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर प्रदेश में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस मजबूती से संघर्ष जारी रखेगी।बैठक में मुख्य रूप से स्वर्गीय जवाहरलाल गुप्ता की बेटी श्रीमती किरन गुप्ता, पीसीसी सदस्य रोहित कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्र, मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा,जिला प्रवक्ता मासूम हैदर,राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सरोज, सलमान खान, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद वसीम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, मांधाता ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद असलम, लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, जिला सचिव अशोक सिंह, जिला सचिव पृथ्वीराज गौतम, कांग्रेस सेवा दल के जिला महासचिव अश्विनी उपाध्याय, लाल बहादुर पटेल,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबे युवक का दूसरे दिन मिला शव

**गोल्हौरा (सिद्धार्थनगर)।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के कोटखास गांव के एक तालाब में रविवार को थाना इटवा क्षेत्र के ग्राम सिमरी खान निवासी कल्लू उर्फ चंद्रराम (30) पुत्र बुधराम स्नान करने गया था, इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय चौकीदार द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस ने तालाब में युवक की तलाश शुरू कराई। लेकिन वह नहीं मिला। सोमवार को काफी प्रयास के बाद युवक का शव तालाब से बरामद कर लिया गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जांच रही।

## दहेज हत्या के अभियोग में अभियुक्ता गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी के अनुसार उसकी पुत्री अफसाना बानो का विवाह 20 अगस्त 2024 को सोनू पुत्र पप्पू के साथ हुआ था। विवाह के बाद से पति सोनू, देवर मोनू, सास हसीना बानो, ननद सोनी एवं एक अज्ञात ननद द्वारा तीन लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि 02 अगस्त 2026 को दहेज की मांग को लेकर अभियुक्तगण द्वारा अफसाना बानो के साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। 11 अगस्त को वादी आबिद अली की तहरीर पर थाना लालगंज में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।थाना लालगंज पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमा धारा 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्ता हसीना बानो पत्नी स्व0 अब्दुल मजीद, उम्र करीब 55 वर्ष, निवासी ग्राम गंगाबक्स का पुरवा मजरे जेवई, थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ को मुखबिर की सूचना पर बसन्तगंज बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया।

## गैर जमानती वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार हुआ

**प्रतापगढ़।** थाना कंधई पुलिस द्वारा तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अफसर पुत्र जुमई, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी ग्राम पूरे देवाजानी, थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा अ0सं0 447/2018, धारा 147/452/354ख/323/506 भादवि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट, थाना कंधई से संबंधित गैर जमानती वारंट निर्गत था। अभियुक्त को न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया।

# टेबल पर सोया वार्ड बॉय,जांच के नाम पर महज खानापूर्ति

**+स्वास्थ्य मेले में ड्यूटी के दौरान आराम फरमाने का वीडियो वायरल,विभाग ने लिया स्पष्टीकरण**
**+तेज बुखार की सफाई देकर मामला ठंडा करने की कोशिश,मरीज न होने का भी दिया गया तर्क**
**+सवाल-बीमारी थी तो एसी वाले कमरे में टेबल ही यों बना बिस्तर,ड्यूटी की निगरानी कौन कर रहा था?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज( रायबरेली )।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले के दौरान ऐहार स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड बॉय के चिकित्सा कक्ष की टेबल पर लेटे होने का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है।मामले में विभागीय जांच के बाद कर्मचारी से स्पष्टीकरण लेकर भविष्य में पुनरावृत्ति पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दे दी गई।ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या पूरे मामले में कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया? सीएचसी अधीक्षक डॉ. नवीन कुमार के अनुसार,जांच में कर्मचारी के तेज बुखार से पीड़ित होने की बात सामने आई।दवा लेने के समय स्वास्थ्य केंद्र पर कोई मरीज नहीं था,इसलिए बुखार के चलते वह चिकित्सा कक्ष में लेट गया था। विभाग ने इसी आधार पर उसका स्पष्टीकरण लिया है।लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी सवाल खड़े करता है।यदि कर्मचारी इतना बीमार था कि ड्यूटी के दौरान आराम करना पड़ा,तो उसे बाकायदा चिकित्सकीय अवकाश या आराम की व्यवस्था क्यों नहीं दी गई ? और यदि वह ड्यूटी पर था,तो एसी वाले चिकित्सा कक्ष में टेबल पर लेटकर आराम करना क्या स्वास्थ्य मेले की ड्यूटी का हिस्सा माना जाएगा ? स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण मरीजों को एक ही स्थान पर जांच,उपचार और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था।ऐसे विशेष आयोजन में कर्मचारी की जिम्मेदारी सामान्य दिनों से कम नहीं,बल्कि अधिक होती है।इसके बावजूद वायरल वीडियो में सामने आए दृश्य ने विभागीय निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।विभाग ने भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी जरूर दी है,लेकिन मौजूदा मामले में किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है।ऐसे में स्पष्टीकरण लेकर मामला निपटाने की कार्रवाई कितनी प्रभावी है और क्या इससे व्यवस्था में कोई वास्तविक सुधार होगा,यह बड़ा सवाल बना हुआ है।अब देखने वाली बात होगी कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को सिर्फ स्पष्टीकरण और चेतावनी तक सीमित रखता है या ड्यूटी के दौरान कर्मचारी के आचरण और स्वास्थ्य केंद्र की निगरानी व्यवस्था की वास्तविक जिम्मेदारी भी तय करता है।

## झबरा के काली ने पंजाब के खालिक को हराकर बने दंगल केसरी



**लालगंज ( रायबरेली )।** क्षेत्र के पूरे पुराना मजरे गौरा रुपई गांव में रविवार को पत्रकार स्व. भगवती प्रसाद दीक्षित की स्मृति में 40वीं विशाल दंगल प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही दूसरे राज्यों से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया। सीनियर वर्ग के शुरुआती मुकाबले में मेरठ के पहलवान मोनू ने पल्टीखेड़ा के कैलाश को पटकनी देकर चित कर दिया। खालिक पंजाब और भूरा कन्नौज के बीच भी जोरदार मुकाबला हुआ। इसमें खालिक विजेता रहे। भूपेंद्र उन्नाव और ओमवीर दिल्ली व मोहन मथुरा और काली झबरा के बीच कुश्ती में दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इसमें काली विजई हुए। फाइनल मुकाबला जबर के कई और पंजाब के खालिख के बीच हुआ। काली ने कई को पटकनी देकर दंगल केसरी का खिताब अपने नाम किया। आयोजक एडवोकेट पुलक दीक्षित ने बताया कि पत्रकार स्व. भगवती प्रसाद दीक्षित की स्मृति में गांव में पिछले 40 वर्षों से दंगल कराया जा रहा है। इस बार तीन दर्जन से अधिक राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर के पहलवानों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। दंगल देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस मौके पर स्वामी भास्कर स्वरूप, राजद नेता अशोक सिंह रामपुरी, अंबुज दीक्षित, कांग्रेस नेत्री सुधा द्विवेदी, गोपाल कृष्ण बाजपेई, गोविंद पांडेय, भैरो सिंह प्रधान, अंकुर सिंह, केसरी बाजपेई, समाजसेवी केसी गुप्ता, पूती मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## नैय्या नाले में उफान से कई गांव जलमग्न

**महराजगंज, रायबरेली।** नैय्या नाले में आए उफान के चलते महराजगंज क्षेत्र के कई तटीय गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। गांवों में जलभराव के कारण ग्रामीणों को आवागमन समेत कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के बीच सोमवार को पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराई। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने मोन गांव के जियापुर, लालगंज, कोड़री गंज समेत कई जलमग्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों का हालचाल जाना। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाते हुए राशन सामग्री और आवश्यक दवाइयों की किट वितरित की। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को बाढ़ के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के चलते दैनिक जरूरतों की वस्तुओं के साथ-साथ आवागमन और स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी बढ़ गई हैं। पूर्व विधायक ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# शिक्षा की गुणवत्ता और वंचित बच्चों के भविष्य की हुई पड़ताल, डीईओ ने डेरोजियो बोर्डिंग स्कूल का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डेरोजियो बोर्डिंग स्कूल, हजारीबाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था, अभिलेखों, प्रयोगशालाओं, शिक्षण संसाधनों तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा और उन्हें उपलब्ध अवसरों पर विशेष ध्यान दिया गया। डीईओ ने विद्यालय के विभिन्न दस्तावेजों एवं अभिलेखों का अवलोकन करते हुए शैक्षणिक व्यवस्था और विद्यार्थियों से संबंधित रिकॉर्ड की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर नियमित नजर रखने तथा उन्हें योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**प्रयोगात्मक और तकनीकी शिक्षा पर जोरः**

डीईओ ने विद्यालय की कंप्यूटर एवं विज्ञान प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। कंप्यूटर प्रयोगशाला में उपलब्ध सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी एवं डिजिटल ज्ञान प्रदान किए जाने की जानकारी ली गई। वहीं विज्ञान प्रयोगशाला में उपलब्ध मॉडल, उपकरण, चार्ट एवं अन्य शिक्षण सामग्री का अवलोकन किया गया। विद्यालय में प्रयोगात्मक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी विषयों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखते हुए प्रयोग और अवलोकन के माध्यम से समझ सकें। वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और सीखी गई बातों को व्यावहारिक जीवन से जोड़ने के अवसर उपलब्ध कराने पर भी बल दिया गया।

**वंचित बच्चों के लिए शिक्षा को बनाया भविष्य निर्माण का माध्यमः**

डेरोजियो बोर्डिंग स्कूल में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित परिवारों से आने वाले कई बच्चे अध्ययनरत हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए विद्यालय शिक्षा के साथ उनके व्यक्तित्व एवं भविष्य निर्माण का माध्यम बनने का प्रयास कर रहा है। निरीक्षण के दौरान बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय में पढ़ाई के साथ कंप्यूटर शिक्षा, विज्ञान आधारित शिक्षण, खेलकूद, अनुशासन, संचार कौशल और अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान दिए जाने की जानकारी दी गई। विद्यालय प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों की शिक्षा, अनुशासन और सर्वांगीण विकास के लिए अपनाई जा रही व्यवस्थाओं से भी डीईओ को अवगत कराया गया।

**बोर्डिंग स्कूल में मूलभूत सुविधाएं भी महत्वपूर्णः**

बोर्डिंग स्कूल में विद्यार्थी लंबे समय तक परिसर में रहते हैं। ऐसे में शिक्षा के साथ स्वच्छता, पेयजल, भोजन, आवास, सुरक्षित परिसर और स्वच्छ वातावरण जैसी मूलभूत सुविधाएं भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। निरीक्षण के दौरान इन व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। डीईओ ने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों को भयमुक्त, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण मिलना चाहिए, जिससे वे पढ़ाई के साथ अपने व्यक्तित्व का भी विकास कर सकें। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना भी है।

**समान अवसर उपलब्ध कराने पर जोरः**

निरीक्षण के दौरान यह संदेश भी सामने आया कि आर्थिक परिस्थितियों के कारण किसी बच्चे के शैक्षणिक अवसर सीमित नहीं होने चाहिए। संसाधनों से वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। डीईओ का निरीक्षण केवल दस्तावेजों की जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। इससे विद्यालय की वास्तविक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक स्थिति का आकलन करने में मदद मिली। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि डेरोजियो बोर्डिंग स्कूल का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित बच्चों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। विद्यालय में बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ वैज्ञानिक सोच, कंप्यूटर ज्ञान, संचार कौशल, अनुशासन, खेलकूद और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे पहलुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

# ट्रेलर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

## मुआवजे की मांग पर हाईवे जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के खरकोकुंडी के पास सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान खरकोकुंडी निवासी 60 वर्षीय हेमंत रजक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हेमंत रजक की गाय हाईवे के किनारे स्थित मैदान में बंधी थी। सोमवार दोपहर वे गाय को पानी पिलाकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नारायणपुर की ओर से जामताड़ा की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर टायर जलाकर गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे जाम कर दिया। सड़क जाम होने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ कमलेश कुमार दास, सीओ देवराज गुप्ता और थाना प्रभारी मुराद हसन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। समाचार प्रेषण तक सड़क जाम था और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। आए दिन होने वाले हादसों के कारण लोगों में चिंता और आक्रोश बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर यातायात नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के ठोस उपाय किए जाने की मांग की है।

# गोपालगंज सदर प्रखण्ड जद(यू0) संगठन की हुई समीक्षा बैठक- प्रमोद कुमार पटेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज-** गोपालगंज सदर प्रखंड जद(यू0) प्रखंड कार्यालय बारी मार्केट कर्पूरी सभागार में प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यकारिणी और पंचायत अध्यक्षों की बैठक हुई! बैठक में सर्वप्रथम प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज प्रसाद सिंह ने मुख्य अतिथि जदयू जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल एवं अन्य नेताओं पंचायत अध्यक्षों का अंग वस्त्र एवं पुष्प माला से स्वागत कर सम्मानित किया! समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि किसी भी पार्टी का रीढ़ संगठन और कार्यकर्ता होता है! पार्टी का सबसे निचली इकाई पंचायत एवं बूथ है, हम मजबूत तब होंगे जब हमारा पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन मजबूत और धारदार होगा! आप सभी पार्टी के प्रखंड कमिटी के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष पंचायत कमेटी और बूथ पर बूथ कमेटी बनाने का काम करें अति शीघ्र करे! क्षेत्रीय संतुलन और जातीय समीकरण का ख्याल रखते हुए क्योंकि हमारे पार्टी के सर्व मान्य नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार का जो मिशन था और है कि बिहार को देश का नंबर वन राज्य बनाना है और उन्होंने जो विकास किया है उसको और आगे बढ़ाना है और निशांत कुमार पार्टी के और राज्य का भविष्य है! नीतीश कुमार का राजनीतिक उत्तराधिकारी निशांत कुमार है! इसमें कहीं कोई किंतु परंतु नहीं है! पटेल ने कहा कि बिहार में एन डी ए की सरकार है और नीतीश कुमार के कार्यो को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगे बढ़ा रहे हैं, पटेल ने कहा कि आगामी विधान परिषद चुनाव में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू के कर्मठ, जुझारू, ईमानदार प्रत्याशी आनंद पुष्कर होंगे अभी से हम सभी जदयू कार्यकर्ताओं को सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता मालिकों से संपर्क अभियान चलाना शुरु कर देना चाहिए! क्योंकि बहुत कम वोटो से अगले विधान परिषद चुनाव में आनंद पुष्कर हारे थे, अब जब एनडीए के प्रत्याशी के रूप में है तो निश्चित तौर पर प्रचंड बहुमत से पुष्कर आनंद जी चुनाव जीतेंगे! बैठक को मुख्य रूप जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार के साथ प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज प्रसाद सिंह, साहेबजाद अली, राधेश्याम साहनी, अरविंद पटेल, मोहम्मद तौहीद, नीतीश कुमार सिंह, रंजन कुमार पटेल, पंचायत अध्यक्ष अशोक राम, विशाल सिंह, सुरेंद्र राम, बल्लभ प्रसाद, सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया बैठक में सैकड़ो की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाबा श्याम के जयकारों से गूंजा अग्रसेन भवन, भक्ति में झूमे हजारों श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** बाबा श्याम की भक्ति और मधुर भजनों से रविवार को हजारीबाग भक्तिमय रहा। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की ओर से अग्रसेन भवन में आयोजित पंचम श्री श्याम मनुहार महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में हजारीबाग सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। शाम होते-होते अग्रसेन भवन श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया और देर रात तक बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण गौ लीला पर आधारित बाबा श्याम का भव्य एवं दिव्य दरबार रहा। कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार किए गए दरबार में गौ माता, गोपालन और भगवान श्रीकृष्ण की गौ लीला को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया था। भव्य सजावट, मनमोहक रोशनी और बाबा श्याम के श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। दरबार के समक्ष पहुंचकर श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन कर शीश झुकाते नजर आए। महोत्सव का शुभारंभ दोपहर करीब 2:15 बजे राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने विधि-विधान से बाबा श्याम की पूजा-अर्चना कर कराया। यजमान के रूप में सौरभ रामरायका एवं उनकी धर्मपत्नी निहारिका रामरायका ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। ज्योत के दर्शन और बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी रहा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई और देखते ही देखते अग्रसेन भवन परिसर भर गया। 'जय श्री श्याम' और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। बूंदाबांदी के बीच भी श्याम भक्त बाबा के दरबार में पहुंचते रहे। इस वर्ष महोत्सव में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, रामगढ़ कैंट का विशेष सहयोग रहा। वहीं श्री श्याम परिवार तुलसीधाम, कोलकाता का पावन आशीर्वाद भी आयोजन को प्राप्त हुआ। शाम करीब 6:30 बजे आमंत्रित भजन कलाकारों ने बाबा श्याम के दरबार में भजनों की प्रस्तुति शुरू की। जयपुर के अभिषेक नामा, कटिहार के आदर्श दाधीच और जयपुर के दीपांशु अग्रवाल ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। बाबा श्याम की महिमा, भक्त और भगवान के संबंध तथा बाबा की कृपा पर आधारित भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। फागुन से जुड़े भजनों और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की थीं। महिलाओं के लिए अलग बैठने की व्यवस्था के साथ विधि-व्यवस्था और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया। व्यवस्था से जुड़े सदस्य पूरे कार्यक्रम के दौरान सक्रिय रहे। बाबा श्याम के दर्शन के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती देवी, विधायक प्रदीप प्रसाद के सुपुत्र सहित कई गणमान्य लोग भी पहुंचे। सभी ने बाबा श्याम के दरबार में शीश झुकाकर ज्योत के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। करीब रात 11:30 बजे से 12 बजे के बीच आरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ। आरती के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ हिस्सा लिया और बाबा श्याम के जयकारों से अग्रसेन भवन गूंज उठा। आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्य पिछले करीब चार महीनों से तैयारियों में जुटे थे। दरबार की सजावट, श्रद्धालुओं की बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और भजन कलाकारों के कार्यक्रम सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर लगातार तैयारी की गई थी। आयोजन मंडली ने महोत्सव की सफलता के लिए श्रद्धालुओं, सहयोगियों, कलाकारों, प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों और सभी श्याम भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ओवरटेक कर वाहन रुकवाया, मारपीट कर 1.30 लाख रुपये व सोने की चेन लूटने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हज़ारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के रसोइया धमना मोड़ के समीप एक वाहन को ओवरटेक कर रोकने के बाद मारपीट कर नगदी और सोने की चेन लूटने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर चौपारण थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी अरुण कुमार वर्णवाल पिता स्व. रघुनी लाल वर्णवाल ने बरही थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में अरुण कुमार वर्णवाल ने बताया कि 27 अगस्त 2026 की शाम करीब सात बजे वह अपने वाहन से घर जा रहे थे। इसी दौरान रसोइया धमना मोड़ से पहले एक सफेद रंग की गाड़ी, जिसका नंबर भी उन्होंने प्राथमिकी में दर्ज कराया है। उन्होंने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक दिया। आरोप है कि इसके बाद करीब 15-20 अज्ञात लोगों ने उनके और उनके चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उनके मुंह में गंभीर चोट लगी और एक दांत टूट गया। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान आरोपियों ने उनकी गाड़ी से 1 लाख 30 हजार रुपये नगद तथा उनके गले से सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अरुण कुमार वर्णवाल ने बरही थाना पहुंचकर पुलिस को लिखित आवेदन दिया।

उन्होंने लूटे गए रुपये एवं सोने की चेन बरामद करने तथा घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में बरही थाना कांड संख्या 301/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## औरंगाबाद में अदरी-पुनपुन नदी उफान पर, चपरी पुल डूबा

**ओबरा (औरंगाबाद)।** लगातार हो रही वर्षा के बीच ओबरा प्रखंड मुख्यालय से गुजरने वाली अदरी-पुनपुन नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। जलस्तर बढ़ने के कारण बेल रोड स्थित चपरी पुल पूरी तरह पानी में डूब गया है। पुल पर पानी बहने से आवागमन बाधित हो गया है और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। नदी में अचानक बढ़े जलस्तर और तेज धार को देखकर आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। भाकपा माले नेता मुनारिक राम, पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद एवं गोविंद अग्रवाल ने बताया कि नदी का पानी कई स्थानों पर सड़क तक पहुंच गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, सामान्य दिनों में शांत दिखाई देने वाली नदी का स्वरूप वर्षा के बाद पूरी तरह बदल गया है। अदरी और पुनपुन नदी में पानी लबालब भर गया है और तेज बहाव के साथ पानी आगे बढ़ रहा है। लगातार वर्षा जारी रहने से जलस्तर में और वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से चपरी पुल और जलमग्न सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# विधायक जयराम महतो और बरवाअड्डा थाना प्रभारी विवाद में पुलिस एसोसिएशन ने जताया समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो और बरवाअड्डा थाना प्रभारी रवि कुमार के बीच कथित विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में झारखंड पुलिस एसोसिएशन की हजारीबाग इकाई ने थाना प्रभारी के पक्ष में समर्थन जताते हुए विधायक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग का समर्थन किया है। झारखंड पुलिस एसोसिएशन, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग की ओर से जारी पत्र में आरोप लगाया गया है कि 21 अगस्त 2026 को डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने बरवाअड्डा थाना प्रभारी पु.अ.नि. रवि कुमार के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, धक्का-मुक्की, अमर्यादित भाषा का प्रयोग और धमकी दी। हालांकि, ये सभी आरोप एसोसिएशन की ओर से लगाए गए हैं और मामले में संबंधित पक्ष का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है। एसोसिएशन ने पत्र में यह भी आरोप लगाया कि विधायक द्वारा सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से पुलिसकर्मियों के प्रति लगातार अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए वीडियो जारी किए जा रहे हैं। एसोसिएशन के अनुसार, तथ्य से परे बताए जा रहे कथित बयानों से पुलिसकर्मियों के सम्मान और गरिमा को ठेस पहुंच रही है। पत्र में कहा गया है कि संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि की ओर से पुलिसकर्मियों के प्रति इस प्रकार की कथित भाषा और व्यवहार पुलिस एसोसिएशन के लिए चिंता और पीड़ा का विषय है। एसोसिएशन ने कहा कि पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं और उनके सम्मान तथा गरिमा की रक्षा भी आवश्यक है। झारखंड पुलिस एसोसिएशन की हजारीबाग इकाई ने कहा कि केंद्रीय शाखा द्वारा विधायक जयराम कुमार महतो एवं अन्य आरोपियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयास का वह पूर्ण समर्थन करती है। एसोसिएशन ने पूरे मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई और पुलिसकर्मियों की गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया है।

## 7 सितम्बर को प्रखंडों मे धरना देगा झामुमोः प्रो.स्टीफन मरांडी

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** एमएमडीआर विधेयक के खिलाफ झामुमो अब आंदोलन तेज करेगा। इस संदर्भ में महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि सात सितंबर को जिले के सभी प्रखंडों में धरना दिया जायेगा। धरना में बीडीओ के माध्यम से केंद्र सरकार को विधेयक वापस लेने संबंधित ज्ञापन दिया जायेगा। विधायक ने कहा कि अभी 31 अगस्त तक लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि कैसे इस यह विधेयक झारखंड के खिलाफ है। झारखंड को सेस की राशि नहीं मिलने पर झारखंड की मईयां सम्मान, सावित्रीबाई फुले योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री समेत कई जन कल्याणकारी योजनाएं और परियोजनाएँ बाधित हो जायेंगी। विधायक ने कहा कि 7 सितम्बर के बाद झामुमो केंद्रीय कमेटी आगे की रणनीति तय करेंगी। केंद्रीय कमेटी जो भी रणनीति बनाएगी उस पर हम पार्टी के कार्यकर्त्ता अमल करेंगे।

# 15 वर्षों बाद हजारीबाग में फिर शुरू हुई राष्ट्रीय सेविका समिति की शाखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से हजारीबाग स्थित संघ कार्यालय में राष्ट्रीय सेविका समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में करीब 40 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। इस दौरान सेवा, संस्कार, संगठन और राष्ट्रभावना को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक की प्रमुख विशेषता करीब 15 वर्षों के अंतराल के बाद हजारीबाग में राष्ट्रीय सेविका समिति की शाखा शुरू करने की पहल रही। कार्यक्रम के आयोजन में स्वयंसेविका शेफाली गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति की प्रशिक्षित कार्यकर्ता टंडवा की बबीता जी और चतरा की वर्षा रानी जी ने शाखा की कार्यपद्धति, उद्देश्यों और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। ध्वज स्थापना और समिति की प्रार्थना के दौरान कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन एवं राष्ट्रभावना का वातावरण रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघ चालक ताराकांत शुक्ल, जिला संघ संचालक वासुदेव प्रसाद कुशवाहा, विभाग प्रचारक आशुतोष जी, जिला सह कार्यवाह विकास जी सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक गंगाधर दुबे जी, राम बहादुर जी और आदित्य जी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने समाज में नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा सेवा एवं संस्कार आधारित गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया।

**नई शाखाओं के विस्तार पर चर्चाः**

बैठक में हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नई शाखाएं शुरू करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को समिति से जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इसके लिए क्षेत्रवार संपर्क अभियान चलाने, नारी समूहों को सक्रिय करने तथा सामाजिक जागरूकता और सेवा गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविका शेफाली गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल किसी एक संस्था या वर्ग की जिम्मेदारी नहीं है। नारी शक्ति में समाज और आने वाली पीढ़ियों को दिशा देने की क्षमता है। उन्होंने महिलाओं से सेवा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना के साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक का समापन मातृशक्ति को संगठित कर समाजहित में रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने तथा सेवा, संस्कार, संगठन और राष्ट्रभावना को जीवन का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## खेल महोत्सव के समापन समारोह में डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बिखेरा सांस्कृतिक रंग




**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में आयोजित खेल महोत्सव 2026 के भव्य समापन समारोह में डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी शानदार सांस्कृतिक एवं रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने अपने रंगारंग प्रस्तुतियों का जीवंत प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति, तालमेल ,ऊर्जा और आत्मविश्वास ने उपस्थित दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। मुख्य अतिथि ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उत्साह एवं प्रतिभा की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री विवेकानंद चौधरी ने विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन ,टीम भावना एवं संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका सोनी, रेखा, रितु रानी, मीनाक्षी, शांति सिंह, अंकिता , अनिता कुमारी एवं शिक्षक हिमांशु, नितेश, निश्चल, तेजस्वी का भी महत्वपूर्ण एवं अमूल्य योगदान रहा। उन्होंने बच्चों को नृत्य का अभ्यास कराने, उनकी प्रस्तुतियों को तैयार करने एवं मंच पर बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। खेल महोत्सव के समापन समारोह में डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की सहभागिता ने उनकी प्रतिभा को न केवल एक मंच प्रदान किया बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की एक मजबूत नींव भी रखी।

# बरही थाना में मारपीट को लेकर दो पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही थाना क्षेत्र के खेरौन गांव में पंचायत के दौरान मारपीट को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने बरही थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से खेरौन निवासी पूर्णिमा देवी पति विकास यादव ने बरही थाना में कांड संख्या 302/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उन्होंने खेरौन निवासी नेहा देवी पति भरत यादव, पेटला चौपारण निवासी मनोज यादव, रेखा देवी एवं किरण देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है। पूर्णिमा देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि यादव धर्मशाला में पंचायत के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उनके साथ, उनके पति एवं ससुर के साथ मारपीट की, जिससे वे लोग घायल हो गए। उन्होंने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से खेरौन निवासी नेहा देवी पति भरत यादव ने बरही थाना में कांड संख्या 303/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में खेरौन निवासी विकास यादव, भरत यादव, जगदीश यादव, पूनम देवी, इटखोरी निवासी दीपक यादव तथा गारुकुरहा, मयूरहंड निवासी राज यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। नेहा देवी ने आरोप लगाया है कि उन्हें पंचायत के लिए बुलाया गया था, जहां आरोपियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई। दोनों पक्षों की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# श्रीभूमि जिले के चामटिल्ला में बिजली संकट ने मचाई तबाही, लाखों के नुकसान का दावा

## शॉर्ट सर्किट के बाद कई घर प्रभावित, विद्युत उपकरणों को भारी नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि।** असम के श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में दुल्लभछड़ा से सटे चामटिल्ला गांव में सोमवार सुबह बिजली संबंधी गड़बड़ी के बाद कई घरों में आग लगने और विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने घटना में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का दावा किया है। स्थानीय लोगों ने एक जर्सी गाय की मौत होने की बात भी कही है। ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे अचानक बिजली के उतार-चढ़ाव के बाद शॉर्ट सर्किट की स्थिति पैदा हुई, जिसके बाद गांव के कई घर प्रभावित हुए। घटना में फ्रिज, इन्वर्टर, टीवी, कंप्यूटर, पंखे समेत कई विद्युत उपकरणों के खराब होने का दावा किया गया है। अचानक हुए बिजली के उतार-चढ़ाव से ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के बीच से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन पिछले कुछ दिनों से असुरक्षित स्थिति में थी और घरेलू विद्युत लाइन के काफी करीब थी। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में दुल्लभछड़ा एपीडीसीएल के कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों को कई बार जानकारी दी थी। इसके बावजूद समय रहते बिजली लाइन की मरम्मत अथवा सुरक्षा के आवश्यक कदम नहीं उठाए गए। ग्रामीणों ने एपीडीसीएल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि चामटिल्ला और दुल्लभछड़ा क्षेत्र में लंबे समय से बिजली कटौती, कम वोल्टेज और अचानक अधिक वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। उनके मुताबिक, बिजली में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण इससे पहले भी कई परिवारों के विद्युत उपकरण खराब हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में समय रहते सुधार किया जाता और असुरक्षित लाइन को दुरुस्त किया जाता तो इस प्रकार की घटना को टाला जा सकता था। घटना के बाद संबंधित एपीडीसीएल अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद बताया गया। इससे प्रभावित परिवारों को तत्काल विभागीय अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी स्थानीय विधायक विजय मालाकार और दुल्लभछड़ा के जिला परिषद सदस्य प्रणव मुखर्जी को भी दी गई है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से मामले में हस्तक्षेप करने और घटना में हुए नुकसान तथा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की समस्या को गंभीरता से उठाने की मांग की है।

**एसडीओ से तत्काल जांच की मांग**

चामटिल्ला के ग्रामीणों ने दुल्लभछड़ा एपीडीसीएल के एसडीओ समेत वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करने और बिजली गड़बड़ी के वास्तविक कारणों की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि विभाग को खतरनाक बिजली लाइन के बारे में पहले से सूचना दी गई थी तो समय रहते आवश्यक कदम क्यों नहीं उठाए गए। ग्रामीणों ने 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की तत्काल मरम्मत कराने, क्षेत्र में बिजली वोल्टेज की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने और विद्युत व्यवस्था में स्थायी सुधार किए जाने की मांग की है। प्रभावित परिवारों ने अपने नुकसान का आधिकारिक आकलन कराने तथा जांच के आधार पर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग भी उठाई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ईश्वर की कृपा से एक बड़ा हादसा टल गया और सभी लोगों की रक्षा हुई। उन्होंने कहा कि बिजली दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने तथा विभागीय स्तर पर किसी प्रकार की लापरवाही हुई है या नहीं, इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। अब इस मामले में एपीडीसीएल के उच्च अधिकारियों और जिला प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाया जाता है, इस पर प्रभावित परिवारों और स्थानीय ग्रामीणों की नजरें टिकी हुई हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर बिजली व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाएंगे और प्रभावित परिवारों को उनके नुकसान के आधार पर उचित राहत प्रदान की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक एपीडीसीएल अथवा जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों और नुकसान के दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

# 50 किमी के दायरे में सर्च अभियान के बाद भी बेसुराग है हरीशंकर

## पहूज नदी में डूबे हरीशंकर 60 घंटे बाद भी न मिलने से परिजन चिंतित





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- सलैया पहूज नदी में युवक को लापता हुए 60 घंटे से ज्यादा समय गुजर चुका है और तमाम खोजबीन के बाद भी वह बेसुराग है। समय बीतने के साथ हर पल परिजनों की चिंता बढ़ती ही जा रही है। सोमवार को सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद की मौजूदगी में थानाध्यक्ष कैलिया अवनीश कुमार पटेल और थानाध्यक्ष नदीगांव राजकुमार चौधरी ने पुलिस बल के साथ नाव से सर्च ऑपरेशन चलाया है। नदी में अथाह पानी और तेज बहाव खोजी अभियान में रोड़े अटका रहा है। इसके अलावा सर्च ऑपरेशन का दायरा करीब पचास किमी यानी घटनास्थल कैलिया थाना के सलैया से नदीगांव होते हुए रेढर थाना क्षेत्र तक बढ़ा दिया गया है। गौरतलब है कि थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम सलैया बुजुर्ग से निकली पहूज नदी में गुरुवार की शाम नहाने उतरा गांव का 28 वर्षीय युवक हरीशंकर कौरव उर्फ हरी पुत्र पहलवान सिंह उफनाई नदी के पानी में लापता हो गया था। एसडीआरएफ और फ्लड टीम तथा पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाए गए खोजी अभियान को 60 घंटे से ज्यादा बीत जाने पर भी लापता युवक का कोई पता नहीं चल सका है। जैसे जैसे समय बीतता जा रहा है परिजनों के माथे पर चिंता की लकीरें और गहरी होती जा रही हैं। फिलहाल पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस ने पांच लोगों पर की मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही

**कोंच(जालौन)**- कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुरा गांव के पांच व्यक्तियों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र के अराजकतत्वों में हड़कंप की स्थिति देखी जा सकती है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निगवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अलग-अलग मामलों में समाज के अंदर भय और डर का माहौल बनाने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी अशोक तिवारी पुत्र विनोद तिवारी, महेंद्र पुत्र चतुर सिंह, माताप्रसाद उर्फ मुकेश तिवारी पुत्र सीताराम, रानू खान पुत्र इमामबख्श एवं यागवेंद्र उर्फ बबलू पुत्र किशोरी शरण के विरुद्ध मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## विभिन्न मांगों को लेकर निषाद समाज के लोगों ने दिया ज्ञापन



**कोंच(जालौन)**- विमुक्त जनजाति दिवस के अवसर पर निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं निषाद वंश से जुड़े लोगों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम अभिनव कुमार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि निषाद वंश की विभिन्न उपजातियां अंग्रेजी शासन के दौरान क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट 1871 से प्रभावित हुई थीं। इस कानून को 31 अगस्त 1952 को निरस्त किए जाने के बाद इन समुदायों को विमुक्त जनजाति यानी डीएनटी के रूप में पहचान मिली। इसी ऐतिहासिक दिन को समाज द्वारा विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। ज्ञापन में मांग की कि जातिगत जनगणना में केवट, मल्लाह, निषाद, बिंद, मंझवार, कश्यप, तुरैहा, माझी और रैकवार आदि पर्यायवाची जातियों को 'मंझवार' कॉलम में दर्ज करते हुए डीटी अंकित किया जाए। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में निषाद वंश की सभी उपजातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि विमुक्त जनजाति समुदाय को शिक्षा, रोजगार, राजनीति और पेंशन के क्षेत्र में विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि समाज के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति हुए घायल, सीएचसी नारायणपुर में हुआ उपचार

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर करमदाहा मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के लोधरिया नदी के समीप शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद घायल का उपचार सीएचसी नारायणपुर में हुआ। यहां घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिती को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार करमाटांड थाना क्षेत्र के हतबंधा गांव के मदन पंडित (48) करमदहा मंदिर में पूजा कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे, इसी क्रम में मार्ग पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोधरिया नदी के समीप बाइक चालक का संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने खन्ना हल्के की 1,147 'सत्कार सखियों' का किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खन्ना, लुधियाना**- रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार के अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री माताओं-बहनों-बेटियों सत्कार योजना' के तहत सत्कार सखियों को राशि जारी किए जाने के मद्देनजर रामगढ़िया भवन, खन्ना में 'सखियों का मान-सम्मान' समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने खन्ना हलके की 1,147 सत्कार सखियों का सम्मान करते हुए उनके सामाजिक योगदान, समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एकत्रित सत्कार सखियों ने कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद को राखियां बांधकर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाया। इस मौके पर मंत्री सौंद ने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों की ओर से मिला प्यार और सम्मान बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि इस प्यार का कर्ज सात जन्मों में भी नहीं चुकाया जा सकता। कैबिनेट मंत्री सौंद ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार महिलाओं को आर्थिक सहायता के साथ-साथ सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में 'मुख्यमंत्री माताओं-बहनों-बेटियों सत्कार योजना' शुरू की गई है। रक्षाबंधन के अवसर पर इस योजना के तहत सत्कार सखियों को राशि जारी की गई, जिससे पंजाब की 75 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि सत्कार सखियों ने सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल को गांवों और शहरों में घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने महिलाओं को योजना संबंधी जानकारी देने, पात्र लाभार्थियों की पहचान करने और रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। सौंद ने कहा कि सत्कार सखियां केवल सरकारी योजना को लोगों तक पहुंचाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन सखियों की मेहनत के कारण बड़ी संख्या में माताओं और बेटियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अंत में कैबिनेट मंत्री सौंद ने सभी सत्कार सखियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना के लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और सशक्तिकरण के लिए अपने प्रयास लगातार जारी रखेगी।

# खेलां वतन पंजाब दियां सीजन-4 के लिए डीसी ने जारी किया क्यूआर कोड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नवांशहर**- पंजाब सरकार के महत्वपूर्ण खेल अभियान 'खेलां वतन पंजाब दियां, सीजन-4' को जिले में सुचारू रूप से आयोजित करने और खिलाड़ियों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख ने अपने कार्यालय में खिलाड़ियों की भागीदारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिए तैयार किए गए विशेष त्तक्र कोड स्कैनर पोस्टर का औपचारिक उद्घाटन कर इसे जारी किया। इस अवसर पर सहायक कमिश्नर (जनरल) रमनजीत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भी QR कोड स्कैनर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि 'खेलां वतन पंजाब दियां' पंजाब सरकार की एक महत्वपूर्ण खेल पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक खेलों से जोड़ना तथा उन्हें खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच उपलब्ध करवाना है। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों, शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों, कोचों और अन्य संबंधित विभागों से अपील की कि सीजन-4 में अधिक से अधिक बच्चों और खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को निखारना और अधिक से अधिक खिलाड़ियों को खेल मैदान से जोड़ना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी और संस्थाएं इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों ने 'खेलां वतन पंजाब दियां, सीजन-4' में अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# साइकिल खरीद में घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी का दिल्ली सचिवालय के पास प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्कूलों में छात्राओं को बांटी जा रहीं साइकिलों की खरीद में कथित घोटाले का आरोप लगाकर आम आदमी पार्टी ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय के पास प्रदर्शन किया। पार्टी के दिल्ली प्रदेश स्तर के नेताओं ने कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मामले की जांच कराने की मांग की। प्रदर्शनकारी सचिवालय के गेट के पास जा रहे थे इससे पहले ही फ्लाईओवर के पास पुलिस से बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक लिया। इस प्रदर्शनकारियों ने वहीं सड़क पर बैठकर धरना दिया और दिल्ली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान आप नेताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार 6,957 रुपये प्रति की दर से साइकिल खरीद कर रही है, जबकि इसी तरह की साइकिल बाजार में करीब 4,200 रुपये में उपलब्ध है। आप नेताओं ने खरीदी जा रही साइकिलों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।आप ने कहा कि सरकार इस मामले पर चुप है और अब तक न तो किसी जांच के आदेश दिए गए हैं। आप नेताओं का आरोप है कि सरकारी खरीद में कीमत और गुणवत्ता, दोनों को लेकर गंभीर सवाल हैं।

# मिशन क्लीन पंजाबः मेयर ने शुरू किया मेगा सफाई अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना**- मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने रविवार को 'मिशन क्लीन पंजाब' के दूसरे चरण के तहत शहर में मेगा सफाई अभियान की शुरुआत की। सफाई अभियान की शुरुआत पखोवाल रोड स्थित नेहरू सिद्धांत केंद्र के बाहर से की गई। इस अभियान के दौरान आसपास के कई क्षेत्रों को भी कवर किया गया। मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई नगर निगम की प्रमुख प्राथमिकता है और सभी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान पार्षद गुरप्रीत बब्बल, चेतन थापर, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विपल मल्होत्रा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मेयर इंद्रजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर अलंकार ने नगर निगम की विभिन्न शाखाओं को शहरभर में उचित सफाई सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेयर इंद्रजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर अलंकार ने कहा कि आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति का जायजा लेने के लिए अचानक निरीक्षण भी किए जाएंगे। मेयर इंद्रजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर अलंकार ने शहरवासियों से नगर निगम का सहयोग करने तथा शहर को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने लोगों से खुले में कूड़ा न फेंकने और शहर में सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम के प्रयासों में सहयोग करने की अपील की।

# मतदाता की प्रशंसा से बीएलओ मीना कुमारी के समर्पित कार्य को मिली पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चंडीगढ़।** जमीनी स्तर पर चुनाव अधिकारियों द्वारा किए जा रहे समर्पित कार्य की सराहना करते हुए पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अनिंदिता मित्रा, आईएएस ने एक मतदाता द्वारा लिखे गए प्रशंसा पत्र को साझा किया है। इस पत्र में एसएएस विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 127 की बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मीना कुमारी के कार्य, समर्पण और व्यवहार की विशेष रूप से सराहना की गई है। मतदाता कर्नल एस.एस. संधू ने अपने प्रशंसा पत्र में मीना कुमारी की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट पेशेवर रवैये की सराहना की। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को कुशलतापूर्वक निभाने के साथ ही मतदाताओं के साथ उनके अच्छे व्यवहार की भी प्रशंसा की। मतदाता की ओर से मिली इस सराहना को साझा करते हुए पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने प्रसन्नता और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की ओर से मिलने वाला इस तरह का सकारात्मक फीडबैक पूरी चुनावी मशीनरी के लिए प्रोत्साहन का महत्वपूर्ण स्रोत है। इससे जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे चुनाव अधिकारियों का उत्साह बढ़ता है और वे अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक प्रतिबद्धता के साथ निभाने के लिए प्रेरित होते हैं। अनिंदिता मित्रा ने कहा, 'एक मतदाता की सराहना के लिए आभारी हूं। हमारे समर्पित चुनाव अधिकारियों द्वारा इस बड़े पैमाने की चुनावी प्रक्रिया को दक्षता, सहजता और प्रतिबद्धता के साथ संचालित करने के लिए की गई दिल से सराहना उत्साह बढ़ाने वाली है। 'उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में जनता के विश्वास के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा, 'आपका विश्वास हमें बेहतर सेवा देने के लिए प्रेरित करता है। 'मतदाता की ओर से की गई यह सराहना बूथ लेवल अधिकारियों और अन्य जमीनी स्तर के चुनाव कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण मनोबल बढ़ाने वाली है। ये अधिकारी चुनावी प्रक्रिया को सुचारू, प्रभावी और मतदाता-केंद्रित तरीके से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मतदाताओं से सीधे संपर्क में रहने वाले इन अधिकारियों की जिम्मेदारी चुनावी प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर बेहतर ढंग से लागू करने की होती है। मीना कुमारी की सराहना यह भी दर्शाती है कि नागरिकों के साथ सीधे काम करने वाले चुनाव अधिकारियों का व्यवहार, जिम्मेदारी और पेशेवर रवैया चुनाव प्रणाली में जनता के विश्वास को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब मतदाता चुनावी प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों के सहयोग और व्यवहार से संतुष्ट होते हैं और अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं, तो इससे चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता और भरोसे की भावना को बढ़ावा मिलता है। बड़े पैमाने पर चल रही चुनावी प्रक्रिया में जुटे अधिकारियों के लिए किसी मतदाता की ओर से मिलने वाली प्रशंसा उनके प्रयासों की महत्वपूर्ण और सार्थक स्वीकृति है। इस तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया न केवल संबंधित अधिकारी के कार्य को पहचान देती है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अन्य कर्मचारियों को भी पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करती है।

# विधायक नीना मित्तल ने 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत सफाई मुहिम की अगुवाई की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**राजपुरा।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई 'मिशन क्लीन पंजाब' मुहिम के तहत नगर कौंसिल राजपुरा की ओर से शहर में 10 दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हलका विधायक नीना मित्तल ने राजपुरा में इस अभियान की अगुवाई करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और स्थानीय सरकार मंत्री हरजोत सिंह बैंस के दिशा-निर्देशों के तहत सफाई की यह विशेष मुहिम 8 सितंबर तक जारी रहेगी। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) नवरीत कौर सेखों भी मौजूद रहीं। नीना मित्तल ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस विशेष सफाई अभियान का हिस्सा बनें और शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ा-मुक्त बनाना केवल सरकार या नगर कौंसिल की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी बेहद जरूरी है। लोगों के सक्रिय सहयोग से ही 'मिशन क्लीन पंजाब' के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विशेष सफाई अभियान के दौरान भोगला रोड से मुक्त चौक तक नालियों और सड़क के किनारों की सफाई की गई। इसके अलावा गगन चौक से मुक्त चौक तक सड़क के डिवाइडरों की सफाई की गई तथा डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी शुरू किया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्य साधक अधिकारी अवतार शेखड़ी ने कहा कि विधायक नीना मित्तल और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) नवरीत कौर सेखों के नेतृत्व में नगर कौंसिल की ओर से यह विशेष सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाना तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस मुहिम में लविश मित्तल, नगर कौंसिल अध्यक्ष रितेश बांसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देस राज, वरिष्ठ अध्यक्ष नगर कल्पना कुकरेजा, कार्य साधक अधिकारी अवतार शेखड़ी, सुपरिंटेंडेंट सैनिटेशन राजेश कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर विकास चौधरी, पार्षद रमणजीत सिंह टिवाणा, राजेश कुमार बावा, नगर कौंसिल के सफाई कर्मचारी तथा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पानी भरने को लेकर हुए विवाद में घायल

**कोंच(जालौन)**- पानी भरने को लेकर हुए विवाद और मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि एक अन्य महिला ने घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उक्त दोनों पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।कस्बे के पटेलनगर निवासी बुजुर्ग रघुवीर शरण वर्मा पुत्र बदलू प्रसाद ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि रविवार देर रात 11 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर सरकारी हैंडपंप से पानी भर रहा था तभी मोहल्ले का ही एक व्यक्ति मौके पर आया और गाली गलौच कर लोहे की रॉड उसके सिर पर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना को लेकर पुलिस ने घायल रघुवीर को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेजकर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में ग्राम घमूरी निवासी महिला गीता देवी पत्नी भगवान सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके घर के पास लगे सरकारी हैंडपंप में मोहल्ले के ही कुछ ग्रामीणों ने अपनी समरसेबिल डाल रखी है जिससे अन्य ग्रामीण पानी नहीं भर पा रहे हैं।

# मूलभूत समस्याओं से परेशान ब्यौना रियासत के ग्रामीणों ने दिया शिकायती पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं से लेकर ग्रामीणों की तकदीर और गांवों की तस्वीर बदलने के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने का दंभ भरने वाली सरकार को तहसील कोंच और नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ब्यौना रियासत के बाशिंदों ने आईना दिखाने का काम किया है। इस गांव के ग्रामीणों ने श्मशान घाट न होने और तमाम मूलभूत परेशानियों को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। सोमवार को ग्राम पंचायत खैराबर के मजरा गांव ब्यौना रियासत के करीब दर्जन भर ग्रामीणों ने एसडीएम अभिनव कुमार को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव में अभी तक श्मशान घाट नहीं बन सका है जिससे किसी ग्रामीण की मृत्यु हो जाने पर शव के अंतिम संस्कार के लिए पक्के रोड से करीब 12 किमी दूर ग्राम पंचायत खैराबर में बने श्मशान घाट जाना पड़ता है, बारिश के मौसम में स्थिति विकट हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि बीती 27 अगस्त को तेज बारिश में एक ग्रामीण की मृत्यु हो जाने पर बमुश्किल खैराबर जाकर उसका अंतिम संस्कार किया जा सका। उसी दिन दूरभाष पर शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन अभी तक गांव में श्मशान घाट बनाए जाने के लिए किसी प्रकार की कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है। ग्रामीणों ने इसके अलावा गांव में जलभराव, जर्जर रास्ते, खराब सरकारी हैंडपंप, गंदगी आदि की समस्या शिकायती पत्र में बताई है। ग्रामीणों ने गांव में श्मशान घाट बनवाए जाने और मूलभूत व्यवस्थाएं ठीक कराए जाने की मांग एसडीएम से की है। एसडीएम ने शिकायती पत्र के आधार पर मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन ग्रामीणों को दिलाया है।

# संस्कृत ज्ञान से सहज ही प्राप्त होती है भारतीय विरासत : अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा

## राज्यस्तरीय संस्कृत सप्ताह समापन समारोह में संस्कृत विद्वानों एवं शिक्षकों का सम्मान, प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राएं पुरस्कृत।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज / लखनऊ ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला पंचायत भवन सभागार, प्रयागराज में आयोजित राज्यस्तरीय संस्कृत सप्ताह समापन समारोह-2026 गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, संस्कृत के विद्वानों, शिक्षकों तथा संस्कृत प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि संस्कृत के ज्ञान से हमें अपने देश की समृद्ध विरासत सहज ही प्राप्त हो जाती है। आज विश्व के अनेक प्रख्यात विश्वविद्यालयों में संस्कृत के अध्ययन एवं शोध का कार्य हो रहा है, ऐसे में भारत में भी संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक प्रसार के लिए विशिष्ट प्रयास किए जाने की




आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. गिरीशचंद्र त्रिपाठी, पूर्व कुलपति, बीएचयू वाराणसी ने कहा कि भारत केवल एक भू-खंड नहीं, बल्कि आचार, दर्शन और जीवन के उत्कृष्ट आयामों की भूमि है। भारत की इस विशिष्ट दृष्टि और जीवन-दर्शन को समझने का मार्ग संस्कृत से होकर जाता है। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस एस.के. पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत के क्षेत्र में रोजगार के नवीन अवसर सृजित कर इसके अध्ययन एवं संवर्धन को और गति दी जा सकती है। विशेष अतिथि सचिव, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह ने कहा कि किसी भी भाषा का वास्तविक संवर्धन उसके अध्ययन-अध्यापन की उत्कृष्टता से ही सम्भव है। कार्यक्रम में उप शिक्षा निदेशक (संस्कृत) डॉ. ब्रजेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि सचिव, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद । ओम प्रकाश त्रिपाठी ने तकनीक एवं एआई के युग में संस्कृत को संस्कार का आधार बताया। आयोजन में प्रधान निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएं पवन कुमार श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। समारोह में प्रो. सुरेन्द्र पाल सिंह, अरविन्द शास्त्री, डॉ. विनोद कुमार मिश्र, डॉ. सालिकराम त्रिपाठी, डॉ. अरुणेश मिश्र, यशवन्त कुमार द्विवेदी, डॉ. राजेश मिश्र 'धीर', डॉ. मुकेश त्रिपाठी सहित अनेक विद्वानों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संस्कृत प्रतियोगिताओं में गीता पाठ में संस्कार को प्रथम एवं आयुष को द्वितीय, गीत प्रतियोगिता में उत्सव त्रिपाठी को प्रथम एवं ओम तिवारी को द्वितीय तथा अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता में अनमोल को प्रथम एवं विवेकानंद को द्वितीय स्थान का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# जिलाधिकारी ने दधिकांदों मेला की तैयारियों के सम्बंध में की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की सहअध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में दधिकांदों मेला के आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बंध में दधिकांदों मेला आयोजन समितियों के सदस्यों एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दधिकांदों मेला आयोजन समितियों के सदस्यों से मेले के सकुशल आयोजन के सम्बंध में सुझाव भी मांगे गये, जिसपर समितियों के सदस्यों के द्वारा ढीले एवं जर्जर विद्युत तारों, साफ-सफाई एवं मार्गों को ठीक कराये जाने हेतु कहा गया। विद्युत विभाग के अभियंताओं को दधिकांदों मेला लगने वाले स्थानों तथा मार्गों पर ढीले एवं जर्जर तारों एवं रोड पर लगे ट्रांसफार्मरों को शिफ्ट कराये जाने सम्बंधित क्षेत्रों के अपर नगर मजिस्टेड्टों एवं पुलिस अधिकारियों को क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से



सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। नगर निगम को साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइटों को सही कराने, जल निगम को पीने के पानी की व्यवस्था कराने एवं पीडब्लूडी व नगर निगम को मार्गो की मरम्मत कराये जाने साथ ही मेला रूट पर पड़ने वाले सीवर के ढक्कन को भी चेक कर लेने के लिए कहा है, यदि कहीं पर भी ढक्कन खुला हुआ है, तो उसे बंद कर दिया जाये। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने कहा कि मेले में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जायेगी तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी तथा वीडियोग्राफी भी करायी जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ दधिकांदों मेला आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हण्डिया पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना हंडिया क्षेत्रांतर्गत बरौत स्थित धोबहा रोड में किराए पर रहने वाली मुकदमा वादिनी लक्ष्मी देवी पत्नी कमलू निवासिनी ग्राम भरहरा बकन्धा थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर द्वारा थाना



हण्डिया पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त अमन पुत्र संतोष निवासी बहरापुर थाना थरियांव जनपद फतेहपुर द्वारा मुकदमा वादिनी के नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाया गया है, जिसके सम्बंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 14.07.2025 को थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-393/2025 धारा-87/137(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया था। भा0न्या0सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त अमन पुत्र संतोष निवासी बहरापुर थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-31.08.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत धोबहा रोड स्थित नहर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

### तेज रफ्तार बोलेरो ने दोपहिया वाहन में मारी टक्कर,पति-पत्नी गंभीर

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र में गलत साइड से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने एक दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोपहिया सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।प्रार्थी अनुज पटेल पुत्र उमाशंकर पटेल निवासी ददरी तालुका डमाव नैनी प्रयागराज ने थाने में दी तहरीर में बताया कि आज रविवार को समय लगभग 3.00 बजे शाम उनका भाई आजाद पटेल अपनी भाभी को लेकर दोपहिया वाहन से डीहा जा रहा था।तभी औद्योगिक थाना क्षेत्र में थोड़ा पीछे सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी का चालक गाड़ी अत्यधिक लापरवाही पूर्वक और गलत साइड से चला रहा था। चालक ने उनके भाई की गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे आजाद पटेल और उनकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए अभयराज हास्पिटल रामपुर में भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत अब भी गंभीर है।प्रार्थी की मांग पर थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र ने बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने बढ़ाया जागरूकता अभियान

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर पुलिस विभाग की ओर से मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में थाना न्यूरिया, थाना कोतवाली तथा महिला थाना की मिशन शक्ति टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर बालिकाओं, महिलाओं और आमजन को महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा अथवा असुरक्षा की स्थिति में चुप न रहें और तत्काल पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन की सहायता लें।

# दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित 1 वांछित अभियुक्त फुलपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुकदमा वादिनी नीतू देवी पत्नी अशोक कुमार सरोज निवसनी अतरौरा थाना फूलपुर प्रयागराज द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्त संजय यादव पुत्र शिवसिंह निवासी ग्राम अतरौरा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा मुकदमा वादिनी की नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया तथा किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। मुकदमा वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दिनांक-29.08.2026 को थाना फूलपुर पर मु0 अ0 सं0-259/26 धारा- 64 (1)/351(3) भा0न्यासं0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3(2) (1)/3(1)(2)(1) एस0 सी0/ एस0टी0 एक्ट बनाम संजय यादव पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम अतरौरा मैलहन थाना फूलपुर प्रयागराज विरूद्ध पंजीकृत कर



अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया । वांछित अभियुक्त संजय यादव पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम अतरौरा मैलहन थाना फूलपुर प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक-30.08.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अतरौरा के पास से गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा- 3(2) (1)/3 (1)(2)(1) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट का लोप कर धारा- 3(1)(द) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# माह अगस्त में 46 रेल कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे में माह अगस्त, 2026 के दौरान 46 रेलकर्मी सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर प्रयागराज मण्डल कार्यालय में सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समापन भुगतान से संबंधित आवश्यक प्रपत्र प्रदान किए तथा रेल सेवा में उनके बहुमूल्य एवं समर्पित योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। माह अगस्त, 2026 में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियमानुसार कुल ?18,70,46,255/- का समापन भुगतान डिजिटल माध्यम से किया गया। समारोह के दौरान सुरक्षित एवं संरक्षित रेल परिचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए 7 कर्मचारियों को 'एक्सीडेंट फ्री अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में अश्विनी कुमार, वरिष्ठ लोको निरीक्षक/प्रयागराज; गीतम सिंह,



लोको पायलट/टूंडला; राज रंजन तिवारी, लोको पायलट/कानपुर; बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पॉइंट्समैन-ए/मिर्जापुर; लाल चंद्र शुक्ला, पॉइंट्समैन-ए/प्रयागराज; ओम प्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ केबिनमैन/कानपुर; सरिता, पॉइंट्समैन-बी/जीएमसी; प्रमोद कुमार सिन्हा, मुख्य लोको निरीक्षक/कानपुर; इन्द्रपाल सिंह, लोको पायलट (मेल/एक्सप्रेस)/टूंडला; विजय सिंह, वरिष्ठ लोको निरीक्षक/टूंडला; राम सेवक, केबिन मास्टर/टूंडला; शंकर लाल, पॉइंट्समैन/रुरा तथ मुकेश कुमार, पॉइंट्समैन/खुर्जा शामिल हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी वैभव कुमार गुप्ता ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवाकाल की सराहना की। सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी रूपेश कुमार सुमन ने सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाले देयकों, मानार्थ रेल पास, ॥त्र्रूस् एवं स्ल्ढ्ढष्ठ से संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी। कार्मिक एवं लेखा विभाग के समन्वित प्रयासों से आयोजित इस समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# बांध रोड पर: बेकाबू स्विफ्ट ने 3 मासूमों समेत 4 को रौंदा, दो की मौत, दो बच्चे समेत चार घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल बांध रोड पर सेल्फी घाट प्वाइंट के पास शनिवार रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक बेकाबू स्विफ्ट कार ने सड़क पर जा रहे 3 बच्चों समेत 4 लोगों को कुचल दिया। इस भीषण हादसे में 14 साल के किशोर और 35 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि 11 और 10 साल के दो सगे भाइयों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी का इलाज स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान आयुष उर्फ किशन निषाद 14 वर्ष पुत्र गुड्डू निषाद निवासी अरैल उपरहार और टीटू उर्फ विजय भारतीय 35 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र निवासी जांहगीराबाद गंजिया, नैनी के रूप में हुई है।वहीं घायलों में गोलू निषाद के दो बेटे आरव निषाद 11 वर्ष और ईशान निषाद 10 वर्ष निवासी अरैल, तथा अमित यादव और शिवम यादव शामिल हैं। अमित और शिवम मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले हैं और अरैल में अपने रिश्तेदार के यहां घूमने आए थे।निषाद बस्ती अरैल



निवासी अमर राम पुत्र स्व. शम्भू की तहरीर पर नैनी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। तहरीर के मुताबिक उनका भतीजा आयुष और पड़ोस के बच्चे आरव व ईशान रात में घर से सेल्फी घाट की तरफ टहलने निकले थे।इसी दौरान फूल मंडी की तरफ से बांधा रोड पर काले रंग की स्विफ्ट कार का चालक तेज़ी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए आया। सेल्फी प्वाइंट के पास सड़क किनारे पड़े गिट्टी के ढेर से कार टकरा गई, जिससे कार अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार पहले गोलू निषाद की गुमटी में घुसी और फिर सड़क पर मौजूद लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल भिजवाया और कार की तलाशी ली। तलाशी में कार के अंदर से 5 बोतल शराब बरामद हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस को आशंका है कि कार सवार युवक नशे में थे और शहर से सोमेश्वर महादेव मंदिर की तरफ जा रहे थे ।नैनी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। कार को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। सोमवार शाम मृतकों के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# हण्डिया पुलिस टीम द्वारा नाबालिक लड़की कों भगाने के आरोपित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-08 भैरोपुर निवासिनी मुकदमा वादिनी रेखा देवी पत्नी अरविन्द कुमार द्वारा थाना हण्डिया पर तहरीर देकर सूचना दी गयी कि अभियुक्त सुजीत आर्यन द्वारा मुकदमा वादिनी के नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाया गया है, जिसके सम्बंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 29.08.2026 को थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-460/2026 धारा-87/137(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कर पीड़िता के सकुशल बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया । सम्बंधित वांछित अभियुक्त आशुतोष कुमार त्रिपाठी पुत्र महेन्द्र कुमार त्रिपाठी निवासी 41/1ए तेलियरगंज थाना शिवकुटी कमिश्नरेट प्रयागराज व हालपता मकान नं0 92 सरायतकी छतनाग रोड थाना झूँसी



कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-30.08.2026 को थाना झूंसी क्षेत्रान्तर्गत छतानाग स्थित घर के पास से गिरफ्तार किया गया । पीड़िता के बयान व साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-64(2)(द्व) भा0न्या0सं0 व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी ने सोमवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में जनपद के उद्यमियों की समस्याओं निस्तारण कराया गया। पांच बिन्दुओं के प्रकरण तथा यूपीसीडा से सम्बन्धित प्रकरण पर आर0एम0 यूपीसीडा द्वारा अद्यतन प्रगति से समिति को अवगत कराया गया एवं भूखण्ड संख्या-डी 4 पर हुए अवैध अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध में रामलीला कमेटी, आर0एम0 यूपीसीडा, पी0 डब्लू0 डी0 एवं आवंटी श्री आशीष केसरवानी इत्यादि के प्रकरण के निस्तारण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराये जाने के निर्देश दिए है। मिनी औद्योगिक आस्थान सोरांव मे नाली एवं सड़क निर्माण वर्षाऋतु के उपरान्त प्रारम्भ हो जाएगी। आर0एम0 यूपीसीडा का अवरूद्ध वेतन जारी करने के सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री सत्यम मिश्र, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नोडल, अधिशासी अभियन्ता नगर निगम, उपायुक्त वाणिज्यि कर, सहायक जिला अग्रणी प्रबन्धक, आर0एम0 यूपीसीडा, इत्यादि बैठक मे प्रतिभाग किया गया एवं औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी विनय टण्डन, चौम्बर आफ कामर्स, संजय जैन, लघु उद्योग भारती, नटवर लाल, अनुराग मिश्रा उद्यमी, एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# गोमती उद्गम स्थल पर 20 अक्टूबर को होगा शस्त्र पूजन कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** गोमती उद्गम स्थल पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा 20 अक्टूबर को शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए महासभा का जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 6 सितंबर को गोमती उद्गम स्थल पहुंचेगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष डॉ0 पीडी सिंह के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में संगठन की जिला कार्यकारिणी के विस्तार के साथ आगामी दशहरा पर्व पर आयोजित होने वाले शस्त्र पूजन कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दशहरा पर्व के अवसर पर आगामी 20 अक्टूबर को माधोटांडा स्थित गोमती उद्गम स्थल पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी माधोटांडा क्षेत्र के क्षत्रिय समाज को सौंपी गई है।कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए छह सितंबर को जिला स्तरीय



प्रतिनिधिमंडल गोमती उद्गम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेगा। प्रतिनिधिमंडल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के साथ आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देगा।बैठक में इस बार शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी समाजबंधुओं से सहयोग की अपील की।बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री सुखबीर सिंह भदौरिया, जिलाध्यक्ष डॉ0 पीडी सिंह, महामंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान, महिला जिलाध्यक्ष अनुसुईया सिंह, रेखा सिंह परिहार, एमएस धामी, अर्जुन सिंह चौहान, नरेंद्र पाल सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह, रामचंद्र ठाकुर, संतोष सिंह राठौर, मुनेश सिंह, अवध राज सिंह, रितेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, योगेश्वर सिंह, राममूर्ति, चक्रवर्धन सिंह और मुनिराज सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ के दृष्टिगत बक्शी बांध एसटीपी एवं नागवासुकी रोड पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी ने बाढ़ का पानी बढ़ने पर प्रभावित होने वाले लोगो से राहत शिविरों में शिफ्ट होने की अपील की है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को बाढ़ के दृष्टिगत बक्शी बांध एसटीपी एवं नागवासुकी रोड पहुंचकर बढ़ते जलस्तर को देखा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बाढ़ के सम्बंध में सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए साथ ही उप जिलाधिकारी सदर को बाढ़ के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाओं समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ का पानी धीरे धीरे बढ़ रहा है तथा खतरे के निशान से नीचे है। उन्होंने कहा कि अभी तक बाढ़ से आबादी प्रभावित नहीं हुई है। कहा कि नदी के किनारे क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है। एनडीआरएफ की टीम लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रख रही है। सभी राहत शिविर क्रियाशील है। उन्होंने लोगो से अपील की कि यदि बाढ़ का पानी ज्यादा बढ़ता है, तो वे बाढ़ राहत शिविरों में शिफ्ट हो जाये। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने राहत शिविर में गुणवत्तापूर्ण खाना, पानी, प्रकाश, दवाओं सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाये। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में नगर निगम को व ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतीराज विभाग को साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही दवाओं का छिड़काव भी कराये जाने के निर्देश दिए गए है तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैनात किया गया है। पर्याप्त संख्या में नाव की व्यवस्था है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिलाधिकारी जार्जटाउन स्थित संगम पेट्रोल पम्प के पास सीवर की सफाई एवं चोक प्वांइट के कार्य को देखा तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

**जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ का पानी धीरे धीरे बढ़ रहा है तथा खतरे के निशान से नीचे है। उन्होंने कहा कि अभी तक बाढ़ से आबादी प्रभावित नहीं हुई है। कहा कि नदी के किनारे क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है। एनडीआरएफ की टीम लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रख रही है। सभी राहत शिविर क्रियाशील है। उन्होंने लोगो से अपील की कि यदि बाढ़ का पानी ज्यादा बढ़ता है, तो वे बाढ़ राहत शिविरों में शिट हो जाये।**

# चोरी की तीन बाइक बरामद, अंबेडकर नगर पुलिस ने आरोपित को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे और उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। इनमें रॉयल एनफील्ड, होंडा एक्टिवा और हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि बरामदगी से वाहन चोरी के तीन मामलों का पता चला है। अंबेडकर नगर थाना प्रभारी दिलीप कुमार के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच के लिए गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम ने रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल सवार एक युवक को रोका। पुलिस ने उससे वाहन के कागजात मांगे और मोटरसाइकिल की जांच की। वाहन के सत्यापन के दौरान पता चला कि यह मोटरसाइकिल अंबेडकर नगर थाने में दर्ज ई-प्राथमिकी संख्या 019298/26 के तहत चोरी की गई थी। इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपित ने चोरी किए गए अन्य वाहनों के संबंध में भी जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस टीम ने नेब सराय थाना क्षेत्र से एक होंडा एक्टिवा और एक हीरो स्प्लेंडर बरामद की। इस तरह पुलिस ने कुल तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपित की पहचान 28 वर्षीय सनी पुत्र सत्यवान, निवासी खानपुर, अंबेडकर नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, उससे पूछताछ कर वाहन चोरी से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।कार्रवाई में मुख्य सिपाही राहुल मलिक, मुख्य सिपाही अनूप, सिपाही विकास और सिपाही गिरिराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के अनुसार, टीम का गठन थाना प्रभारी दिलीप कुमार की देखरेख तथा चितरंजन पार्क के सहायक पुलिस आयुक्त के पर्यवेक्षण में किया गया था।

# पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी एवं वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने आबकारी अधिनियम से संबंधित वर्ष 2020 के एक मुकदमे में वांछित चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सेहरामऊ उत्तरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम मनहरिया निवासी नन्हेलाल पुत्र चेतराम को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ वाद संख्या 10471-2020 में धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय पीलीभीत में पेश कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिद्धू और कांस्टेबल सचिन कुमार गौतम शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन और वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में फरार अथवा वारंटी आरोपितों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# 16 विद्यालयों में एक साथ हुई भारत को जानो परीक्षा, 6000 बच्चों ने लिया भाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** भारत विकास परिषद की गोमती शाखा पूरनपुर के तत्वावधान में सोमवार को 'भारत को जानो' अखिल भारतीय लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन पूरनपुर तहसील क्षेत्र के 16 विद्यालयों में एक साथ किया गया। परीक्षा में करीब 6000 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। भारत विकास परिषद गोमती शाखा पूरनपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सचिव अनिल शुक्ला एवं महिला सहभागिता प्रमुख संगीता सिंघल के नेतृत्व में परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। परिषद के सदस्यों ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वितरण कराया और परीक्षा के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के सहयोग से सभी विद्यालयों में परीक्षा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा में छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से परीक्षा में भाग लिया। परिषद द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व ही 'भारत को जानो' विषय से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध करा दी गई थीं, जिससे बच्चों ने पहले से ही परीक्षा की तैयारी की थी। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में भारत के इतिहास, संस्कृति, सभ्यता, महापुरुषों, भौगोलिक एवं सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन में परिषद के ओम चंद्र भारद्वाज, विवेक तिवारी, सलिल आजाद, राकेश कुमार, अभिजीत, डॉ प्रशांत गुप्ता, डॉक्टर यू आर मीत, योगराज सिंह, यशपाल, अरुण पाण्डेय, कुमार अभिषेक, अंकित कुमार, अर्पित कुमार, नमन सक्सेना, हरमन प्रीत सिंह सहित कई पदाधिकारी और सदस्यों का भी सहयोग रहा।



## देशभर में एक साथ आयोजित हुई परीक्षा

**पूरनपुर (पीलीभीत)। भारत विकास परिषद की ओर से 'भारत को जानो' परीक्षा का आयोजन देशभर में एक ही दिन विभिन्न शाखाओं द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और इतिहास से जोड़ना तथा उनमें राष्ट्र के प्रति ज्ञान, गौरव एवं जागरूकता की भावना विकसित करना है। पूरनपुर शाखा के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने परीक्षा में सहयोग करने वाले सभी विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, परिषद के सदस्यों तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का आभार व्यत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र के प्रति ज्ञान बढ़ाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं निरंतर आयोजित की जानी चाहिए।**

## इन विद्यालयों के छात्रों की रही सहभागिता

**पूरनपुर (पीलीभीत) सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द बर्डेट पलिक स्कूल शेरपुर कला, विद्या निकेतन माधोटांडा, जेसीज रिवर्डेल स्कूल, मोहन सरस्वती शिशु मंदिर, आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर, पंचम दास इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज, आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज, भसीन इंटरनेशनल स्कूल, माई विंग्स इंटरनेशनल स्कूल घुंघचाई, स्वामी एजुकेशनल स्कूल, ईशर एकेडमी सकरिया, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, लकी चिल्ड्रन स्कूल के लगभग 6000 छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।**

## अति शीघ्र घोषित होगा परिणाम, टॉपर्स का होगा सम्मान

**पूरनपुर (पीलीभीत)। आयोजकों ने बताया सभी छात्रों की ओएमआर शीट को चेक करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। शीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित कर टॉपर्स छात्रों को समानित किया जाएगा। अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने बताया शाखा स्तर पर जीतने वाले छात्रों को प्रांत स्तर पर पहुंचने का मौका मिलेगा। जहां उन्हें अगली परीक्षा देनी होगी। इसके बाद क्षेत्र और फिर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में वह हिस्सा ले सकेंगे।**

# किशोरी से अश्लीलता करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

### युवती से छेडछाड़ के मामले में आरोपी का बड़ा भाई पहले जा चुका जेल, अब फिर दूसरे मुकदमें में नामजद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण नें पुलिस को दी तहरीर में भी बताया है उसी के गांव के युवक नवी अहमद पुत्र यूसुफ नें उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ अश्लील हरकत की। जिसके बाद पीड़िता नें घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। तो पीड़िता के पिता नें मामले की शिकायत आरोपी युवक के परिवार वालों से की। तो आरोप है कि आरोपी युवक का बड़ा भाई इजहार उर्फ़ छोटे व पिता यूनुस पुत्र मोहम्मद यूसुफ नें गाली गलौज कर धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता के पिता नें थाने पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस को तहरीर देकर की। पुलिस नें तहरीर के आधार पर जोगराजपुर गांव निवासी नवी अहमद, उसके बड़े भाई इजहार उर्फ़ छोटे और पिता यूनुस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी युवक और उसका भाई पहले भी विवादों को लेकर चर्चाओं में रहे हैं। दोनों पर आए दिन मारपीट और महिला संबंधी मामलों में विवाद करने के आरोप लगते रहे हैं। हाल ही में आरोपी नवी का बड़ा भाई इजहार उर्फ छोते एक युवती के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस कार्रवाई के बाद जेल गया था। अब नवी अहमद के खिलाफ भी नाबालिग किशोरी से अश्लीलता करने के आरोप में मुकदमा दर्ज होने और गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर परिवार के दोनों भाइयों की आपराधिक गतिविधियां चर्चा में आ गई हैं। आरोपी युवक को नवी अहमद को पुलिस नें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि मामले में अन्य नामजद लोगों की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह नें बताया है कि मामले में नामजद मुख्य आरोपी नवी अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# उत्तराखंड शुद्धिकरण विवादः राहुल गांधी के खिलाफ दलितों ने एफआईआर कराई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद हुए 'शुद्धिकरण' को लेकर शुरू हुआ विवाद अब सीधे कांग्रेस नेता राहुल गांधी तक पहुंच गया है। हल्द्वानी पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी ने धार्मिक अनुष्ठान को जातिवादी रंग देकर वाल्मीकि और अनुसूचित जाति समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धाराएं भी लगाई हैं। जिस संगठन के लोगों ने एफआईआर कराई है, उनका संबंध आरएसएस-बीजेपी से है। विवाद की शुरुआत 8 अगस्त को हुई, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी के रामलीला मैदान में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया था। इसके कुछ दिन बाद 11 अगस्त को इसी मैदान में कुछ लोगों ने कथित तौर पर हवन-यज्ञ और 'शुद्धिकरण' कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में गंगाजल का छिड़काव भी किया गया। कांग्रेस ने इसे खड़गे की दलित पहचान से जोड़ते हुए बीजेपी और आरएसएस की कथित मानसिकता पर सवाल उठाए। वहीं बीजेपी की ओर से कहा गया कि रैली के बाद मैदान में गंदगी थी और धार्मिक स्थल पर आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे, इसलिए वहां धार्मिक अनुष्ठान किया गया। आपत्तिजनक नारों को समुदाय विशेष से जोड़ा गया। खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने बयान में समुदाय विशेष का जिक्र किया है। धामी का बयान राहुल गांधी की मांग के बाद आया था। राहुल गांधी ने शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। लेकिन धामी ने इसे दूसरा रूप दिया। धामी के बयान के बाद दलित संगठन और उसके वाल्मीकि नेता सामने आए और उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर कराई। राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत अमित कुमार ने दर्ज कराई। वह जवाहर नगर निवासी और श्री राम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास से जुड़े बताए गए हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह कथित 'अनुष्ठान और सफाई अभियान' के दौरान मौके पर मौजूद थे। अमित कुमार ने आरोप लगाया कि 29 अगस्त को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को 'छुआछूत' और 'दलित विरोध' से जोड़कर पेश किया, जिससे वाल्मीकि समुदाय की भावनाएं आहत हुईं। शिकायतकर्ता ने खुद को अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित बताते हुए कहा कि कार्यक्रम में अलग-अलग वर्गों के लोगों के साथ अनुसूचित जाति के लोग भी शामिल थे और इस कार्यक्रम का खड़गे की जाति से कोई संबंध नहीं था। इस मामले में विनोद आर्य नामक शख्स का वीडियो बयान भी मौजूद है, जिसे एएनआई न्यूज एजेंसी ने जारी किया है। विनोद का पूरा बयान और वीडियो नीचे है। पुलिस के मुताबिक राहुल गांधी के खिलाफ क्व्हस् की ऐसी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो समूहों के बीच वैमनस्य बढ़ाने और धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने से संबंधित हैं। इसके अलावा SC/ST (Prevention of Atrocities) Act की धाराएं भी FIR में शामिल की गई हैं। राहुल गांधी ने 29 अगस्त को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हल्द्वानी की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कथित 'शुद्धिकरण' को छुआछूत का एक रूप बताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ SC/ST एक्ट के तहत स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की थी। राहुल गांधी ने इसे बीजेपी-आरएसएस की कथित मानसिकता से जोड़ते हुए कहा था कि यह मानसिकता दलितों को आगे बढ़ते, सम्मान से जीते और सफल होते नहीं देखना चाहती।

# सुप्रीम कोर्ट से जिम मालिक मोहम्मद दीपक को राहत, एफआईआर पर कार्रवाई पर रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देहरादून।** सुप्रीम कोर्ट ने देहरादून निवासी और जिम मालिक मोहम्मद दीपक को बड़ी कानूनी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में आगे की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर भी रोक लगा दी, जिसमें दीपक को मामले से संबंधित वीडियो या संदेश सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से जांच पूरी होने तक प्रतिबंधित किया गया था मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने की। दीपक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें एफआईआर रद्द करने की मांग को राहत नहीं दी गई थी। सिंघवी ने दलील दी कि दीपक विवादित घटना में एक 'गुड समैरिटन' यानी मदद करने वाले व्यक्ति के रूप में मौके पर पहुंचे थे। सिंघवी ने अदालत को बताया कि घटना की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को असामान्य बताते हुए कहा कि कुछ गंभीर आरोप हटाए गए, लेकिन अन्य आरोपों को जारी रखने के पर्याप्त कारण स्पष्ट नहीं किए गए हैं। उन्होंने यह भी दलील दी कि दीपक पर लगाए गए आरोपों में अधिकतम सजा सात वर्ष से कम है। ऐसे में गिरफ्तारी और जांच के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के उस निर्देश का मुद्दा भी उठा, जिसमें दीपक को जांच पूरी होने तक मामले से संबंधित कोई सामग्री सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से रोक दिया गया था। सिंघवी ने इस रोक को 'ब्लैंकेट गैग ऑर्डर' बताते हुए कहा कि किसी जांच का सामना कर रहे व्यक्ति पर इस तरह की व्यापक पाबंदी उचित नहीं है। दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई तक एफआईआर में आगे की कार्रवाई तथा हाईकोर्ट के सोशल मीडिया संबंधी आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। पूरा मामला कोटद्वार में एक दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक, 26 जनवरी को कुछ बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एक 70 वर्षीय मुस्लिम दुकानदार की दुकान के नाम में 'बाबा' शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई थी। मोहम्मद दीपक का आरोप है कि वह परेशान दुकानदार की मदद करने के लिए मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने उनकी पहचान पूछी, जिसके बाद उनका कथित तौर पर विवाद हो गया। दीपक ने अपनी पहचान मोहम्मद दीपक के रूप में बताई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामला चर्चा में आया और दीपक के खिलाफ भी आपराधिक मामला दर्ज किया गया। अब सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद मामले में आगे की कार्रवाई पर फिलहाल रोक रहेगी। अगली सुनवाई में अदालत मामले के अन्य पहलुओं पर विचार करेगी।

**दीपक की ओर से वरिष्ठ अधिवता अभिषेक मनु सिंघवी ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें एफआईआर रद्द करने की मांग को राहत नहीं दी गई थी। सिंघवी ने दलील दी कि दीपक विवादित घटना में एक 'गुड समैरिटन' यानी मदद करने वाले व्यति के रूप में मौके पर पहुंचे थे। सिंघवी ने अदालत को बताया कि घटना की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग उपलध है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को असामान्य बताते हुए कहा कि कुछ गंभीर आरोप हटाए गए, लेकिन अन्य आरोपों को जारी रखने के पर्याप्त कारण स्पष्ट नहीं किए गए हैं।**

# सुप्रीम कोर्ट का सीजेपी के 5 सितंबर को इंडिया गेट मार्च पर बैन लगाने से इनकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से 5 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित विरोध मार्च पर रोक लगाने या उसे टालने का आदेश देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि फिलहाल ऐसी कोई बाध्यकारी परिस्थिति नहीं है, जिसके आधार पर यह मान लिया जाए कि मार्च के दौरान कोई अप्रिय घटना होगी। हालांकि, कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन पर डाल दी है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस जे. मोहना की पीठ ने की। कोर्ट ने मामले को 10 सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया है।, जहां इसे छात्र प्रदर्शनों से जुड़े अन्य मामलों के साथ सुना जाएगा। याचिकाकर्ता की ओर से मामले की सुनवाई 3 सितंबर को कराने की मांग की गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने प्रस्तावित मार्च से पहले सुनवाई करने से इनकार कर दिया। यह याचिका दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड अधिकारी राजेंद्र सिंह ने दायर की थी। उन्होंने मांग की थी कि राष्ट्रीय राजधानी के संवेदनशील इलाकों में बड़े प्रदर्शन या मार्च बिना जरूरी अनुमति के नहीं होने दिए जाएं। याचिकाकर्ता के वकील डॉ. रिजान अहमद ने अदालत को बताया कि उनकी जानकारी के मुताबिक CJP ने अब तक मार्च के लिए पुलिस से औपचारिक अनुमति नहीं मांगी है। वकील ने यह भी कहा कि दिल्ली में अगले दिनों में BRICS शिखर सम्मेलन होना है और 12-13 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल राजधानी में मौजूद रहेंगे। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मीडिया की मौजूदगी के बीच मार्च से कानून-व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ी समस्या पैदा होने की आशंका है। उन्होंने मार्च को 15 सितंबर के बाद करने का सुझाव दिया। इन दलीलों पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अदालत के पास फिलहाल ऐसी कोई वजह नहीं है, जिसके आधार पर पहले से यह मान लिया जाए कि कुछ अप्रिय घटना होगी। पीठ ने कहा कि अभी यह मानकर चलना होगा कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से व्यवहार करेंगे और इस समय किसी अप्रिय घटना की आशंका मानने के लिए कोई बाध्यकारी परिस्थिति नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील ने इसके जवाब में कहा कि यह धारणा पिछले अनुभवों के आधार पर बननी चाहिए। उन्होंने 20 जुलाई को CJP की ओर से किए गए संसद मार्च का हवाला देते हुए दावा किया कि उस दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। उन्होंने कहा कि इस बार भी किसी शरारती तत्व की वजह से कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कानून-व्यवस्था पुलिस का विषयः**

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार और पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। CJI ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपनी चिंताएं केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के सामने रखनी चाहिए। पीठ ने कहा कि अदालत के सामने फिलहाल कोई ऐसा विशिष्ट संगठन पक्षकार के रूप में मौजूद नहीं है, जिसके खिलाफ सीधे आदेश दिया जा सके। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि केंद्र और दिल्ली प्रशासन को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि CJP ऐसे व्यवहार कर रहा है जैसे उस पर BNSS (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) लागू ही नहीं होती। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदर्शन के लिए संबंधित पुलिस स्टेशन से अनुमति लेना जरूरी है और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो देश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इस पर CJI ने दोबारा कहा कि इस मामले में कार्रवाई करना सरकार और पुलिस के अधिकार क्षेत्र में है। डॉ. रिजान अहमद ने अदालत में दावा किया कि CJP 5 सितंबर के मार्च के लिए पुलिस से अनुमति लेने वाला नहीं है। उन्होंने जुलाई के प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि संगठन अब पुलिस की कार्रवाई को लेकर अलग रवैया अपना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि CJP की ओर से कोई वकील अदालत में पेश होता है तो इससे कानून के प्रति सम्मान का संदेश जाएगा। इस पर CJI ने कहा कि अदालत ऐसे किसी व्यक्ति या संगठन को बुलाने की स्थिति में नहीं है जो इस मामले में पक्षकार नहीं है और याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार से संपर्क करना चाहिए। वकील ने यह भी कहा कि CJP का कोई पंजीकृत कार्यालय या लेटरहेड नहीं है, इसलिए उसे औपचारिक रूप से पक्षकार बनाना भी मुश्किल है। CJP ने 5 सितंबर को दिल्ली में इंडिया गेट से नई दिल्ली स्थित दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक करीब 2.5 किलोमीटर का मार्च निकालने का ऐलान किया है। संगठन का कहना है कि जुलाई में छात्र आंदोलन खत्म कराए जाने के दौरान केंद्र सरकार की ओर से किए गए आश्वासनों को अब तक पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। मार्च में NEET अभ्यर्थियों के कथित आत्महत्या मामलों से प्रभावित परिवारों, कथित पुलिस ज्यादती के पीड़ितों, छात्रों, युवा संगठनों और देश के अलग-अलग हिस्सों से युवाओं के शामिल होने की बात कही गई है। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस होने के कारण CJP ने अपने सरकारी स्कूलों से जुड़े अभियान को भी इस आंदोलन से जोड़ा है।